डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 24.07.2023 से 30.07.2023 वर्ष-40 अंक 30 मूल्य ₹ 10.00

एमपी बोर्ड के साथ-साथ सीबीएसई के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी मिलेंगे लैपटॉप

राज्य सरकार विद्यार्थियों के सपनों को कभी मरने नहीं देगी। विद्यार्थी तेजी से आगे बढ़ें, उनका भविष्य सुरक्षित हो, इसके लिए हमारी सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। अगले साल से सभी टॉपर बच्चों को स्कूटी दी जाएगी। लैपटॉप देने की योजना एमपी बोर्ड के साथ-साथ सीबीएसई बोर्ड में भी लागू होगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाल परेड ग्राउंड पर विद्यार्थियों से संवाद में कहीं। मुख्यमंत्री ने कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित किए।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत मेधावी छात्रों को चेक वितरित करते हुये

भोपाल, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन ने शैक्षणिक व्यवस्था बेहतर करने के लिए ग्राम स्तर तक प्रयास किए हैं। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के लिए उत्कृष्ट शाला भवन, नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, गणवेश, साइकिल आदि के साथ-साथ निरंतर विद्युत आपूर्ति, स्कूल आने-जाने के लिए अच्छी सड़कें और स्तरीय अधोसंरचना उपलब्ध हो, जिससे वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित कर अपना भविष्य बेहतर बना सकें और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश और स्वर्णिम राष्ट्र के निर्माण में सहयोग दे सकें। विद्यार्थी राज्य की संपदा हैं, वे प्रगति करेंगे तो राज्य प्रगति करेगा, इसलिए राज्य शासन द्वारा विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों की फीस की व्यवस्था भी की गई है। विद्यार्थियों को मजबूरी में पढ़ाई बीच में छोड़ने नहीं देंगे। इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य विशेष अध्ययन के क्षेत्रों में जाने के इच्छुक विद्यार्थी परीक्षाओं की तैयारी करें, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना तथा अन्य कार्यक्रमों और योजनाओं से उन्हें हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री के उद्बोधन के प्रमुख बिंदु

- **शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर से बेहतर करना मेरा टारगेट।**
- **9.50 करोड़ का विराट परिवार है अपना मध्यप्रदेश।**
- **माता-पिता की तरह मुझे भी है विद्यार्थियों के कॅरियर की चिंता।**
- **मन लगाकर पढ़ाई करो, मामा हर आवश्यक सुविधा देगा।**
- **विद्यार्थी मध्यप्रदेश की पूंजी, उनसे ही प्रदेश का भविष्य।**
- **विद्यार्थी स्वयं को आत्मविश्वास से भर लें, वे सब कुछ कर सकते हैं।**
- **युवाओं के लिए नौकरियां, स्व-रोज़गार और प्रशिक्षण के साथ कमाई का अवसर।**
- **विद्यार्थियों के सुझाव आमंत्रित करने के लिए बनाएंगे पोर्टल।**

श्री चौहान ने विद्यार्थियों को एकाग्रचित होकर पढ़ाई करने का सुझाव दिया। उन्होंने उत्साह और सकारात्मकता के साथ अपने भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश से स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख किया।

स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आरंभ की गई विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान योजना के परिणामस्वरूप विद्यार्थी प्रतियोगी भाव से अध्ययन में आगे बढ़ रहे हैं। वर्ष 2009 में शुरू इस योजना से कक्षा 12 के बाद लैपटॉप प्राप्त होने से विद्यार्थियों को उच्चतर अध्ययन में सहायता मिली है।

संभाग के टॉपर विद्यार्थी हुए सम्मानित

मुख्यमंत्री ने कक्षा 12वीं में संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत संभाग के टॉपर विद्यार्थियों में उज्जैन संभाग में प्रथम स्थान पर आए शाजापुर मक्सी की खेम गुरुकुल अकादमी के श्री रितिक पटेल, जबलपुर संभाग से छिंदवाड़ा जिले के ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा की मौली नेमा, नर्मदापुरम संभाग से सेंट गुरू प्रसाद अग्रवाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नारायण शर्मा, भोपाल संभाग के लिए शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सोनाली परमार, शहडोल संभाग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलाई के अमन कुमार पनिका, ग्वालियर संभाग से भिंड जिले के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की श्रुति श्रीवास्तव, रीवा संभाग से ड्रीमवैली पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल उचेहरा सतना की निकिता अग्रवाल, सागर संभाग से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतरपुर के हेमंत पटेल और इंदौर संभाग से शासकीय मल्टी मल्हार आश्रम हायर सेकेंडरी स्कूल इंदौर के आकाश पांडे को प्रतीकस्वरूप चेक तथा प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

विकास पर्व

मध्यप्रदेश में विकास का वातावरण

भोपाल, विकास पर्व प्रदेश में विकास का वातावरण निर्मित कर रहा है। सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए अनेक निर्माण कार्य किए गए हैं। साथ ही जन-कल्याण की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। विकास का यह संदेश आमजन तक पहुंचना चाहिए। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर विकास पर्व में अनेक कार्यों के लिए भूमि-पूजन हो रहे हैं, सम्पन्न कार्यों के लोकार्पण हो रहे हैं। जन-प्रतिनिधि और प्रशासनिक अमले की अधिकतम भागीदारी विकास पर्व में होना चाहिए। शीघ्र ही प्रदेश में हुए विकास कार्यों का रिपोर्ट-कार्ड आम जन के सामने रखा जाएगा। मैं दिन-रात जनसेवा में व्यस्त हूं। इस नाते प्रशासकीय अमले से भी कठोर परिश्रम की आशा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में विकास पर्व के संबंध में कलेक्टर्स और जन-प्रतिनिधियों से कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास पर्व की गतिविधियों में सभी को हिस्सा लेना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता को यह जानकारी मिलना चाहिए कि मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्य हुए हैं। कई कार्यों में तो मध्यप्रदेश ने रिकार्ड तोड़े हैं। सड़क, पानी, बिजली, विद्यालय-भवनों के निर्माण और योजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य लगातार चल रहा है। श्री चौहान ने निर्देश दिए कि विकास पर्व की गतिविधियों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पट्टों के वितरण का कार्य भी किया जाये। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग-अलग कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाए। मुख्यमंत्री भू-आवासीय अधिकार योजना में पट्टों का वितरण, अवैध कॉलोनियों को वैध करना, स्वीकृत सड़कों का शिलान्यास आदि कार्यक्रम निर्धारित कर आमजन की उपस्थिति में किए जाएं। नागरिकों को जानकारी मिलना चाहिए कि वर्ष 2003 के पूर्व मध्यप्रदेश कैसा था और अब कैसा है।

पाठकों और एजेंटों के लिये जरूरी सूचना

रोज़गार और निर्माण का यह अंक दो हिस्सों में प्रकाशित किया जा रहा है। पाठकों और एजेंटों से अनुरोध है रोज़गार और निर्माण अखबार प्राप्त करते वक्त इसके दोनों हिस्से प्राप्त करें। रोज़गार और निर्माण का पहला हिस्सा 40 पृष्ठों का और दूसरा हिस्सा 32 पृष्ठ का है।

प्रबंधक
प्रसार और विज्ञापन

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमी-कंडक्टर सेक्टर में अपार संभावनाएं

भोपाल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमी-कंडक्टर सेक्टर में शोध, डिजाइनिंग, निर्माण, टेस्टिंग आदि की वैश्विक स्तर पर मांग के अनुरूप प्रदेश में सुविधाएं तथा व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रदेश की औद्योगिक प्रगति के लिए आवश्यक है। आर्थिक विकास, तकनीकी नवाचार और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार में इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने तथा युवाओं को इस सेक्टर में अवसर उपलब्ध कराने के लिए निश्चित रोडमैप बनाकर समय-सीमा में गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमी-कंडक्टर टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।

इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट की डिजाइनिंग के लिए प्रदेश में सेंटर फॉर एक्सीलेंस की स्थापना, निजी औद्योगिक घरानों का निवेश आकर्षित करने, प्रदेश में निर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निश्चित क्रय की व्यवस्था स्थापित करने, शिक्षण संस्थाओं में शोध संस्कृति के विकास और राज्य शासन तथा उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय के बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया। इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) पर मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सितंबर 2022 में टास्क फोर्स गठित की गई थी। टास्क फोर्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए समग्र नीति बनाई जाएगी जिससे लगभग दस बिलियन डॉलर का निवेश आकर्षित करने की योजना है। रिपोर्ट के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की जटिलताओं को समाप्त किया जायेगा।

लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिये प्राण-प्रण से प्रयासरत हूं - मुख्यमंत्री

नरसिंहपुर, मैं प्रदेश में हर व्यक्ति की जिंदगी बेहतर बनाने के लिये प्राण-प्रण से प्रयास कर रहा हूं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत के लिये भगवान का वरदान हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ाई है। चारों ओर विकास और जन-कल्याण के कार्य हो रहे हैं। एक परिवार की तरह सरकार चल रही है, जिसमें हर सदस्य का पूरा ध्यान रखा जाता है। समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिये कार्य किये जा रहे हैं। हर शासकीय कर्मचारी की बेहतरी का ध्यान रखा जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं, सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। आज प्रदेश में गुणवत्तायुक्त सड़कें, निरंतर बिजली आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल और बड़े क्षेत्र में सिंचाई सुविधाएं हैं। हर घर नल से जल और हर खेत को सिंचाई का पानी दिये जाने के लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। नरसिंहपुर क्षेत्र में ही 10 हजार करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं पर कार्य हो रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि गाडरवारा में दाल एक्सपोर्ट क्लस्टर बनाया जाएगा। गाडरवारा की दाल प्रसिद्ध है, यहाँ दाल एक्सपोर्ट क्लस्टर बनने से किसान बंधु और व्यापारी दोनों ही लाभान्वित होंगे। क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। मुख्यमंत्री ने सालेचौका में महाविद्यालय प्रारंभ करने, गाडरवारा में 300 बिस्तर के अस्पताल के निर्माण और चीचली, मढ़ेसुर और देवगढ़ में सड़क निर्माण की घोषणा की।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

15 जुलाई

अबू धाबी में आईआईटी दिल्ली का पहला परिसर

● अबू धाबी में आईआईटी दिल्ली का पहला परिसर स्थापित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय और अबू धाबी शिक्षा एवं ज्ञान विभाग तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौता ज्ञापन पर संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। वर्तमान में जारी संयुक्त अरब अमीरात-भारत व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को पूर्णता प्रदान करते हुए यह एमओयू शैक्षिक उत्कृष्टता, नवाचार, ज्ञान के आदान-प्रदान और मानव पूंजी में निवेश को प्राथमिकता देने को भावी समृद्धि और दीर्घकालिक आर्थिक विकास तथा सतत विकास के सक्षमकर्ताओं के आधार के रूप में दोनों देशों के साझा विजन को प्रतिबिंबित करता है।

● केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक निःशुल्क ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम, एआई फॉर इंडिया 2.0 का शुभारंभ किया। यह स्किल इंडिया और जीयूवीआई की एक संयुक्त पहल, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास से मान्यता प्राप्त ऑनलाइन कार्यक्रम युवाओं को अग्रणी कौशल से सुसज्जित करेगा। श्री प्रधान ने इस अवसर पर कहा कि प्रौद्योगिकी को भाषा का बंधुआ नहीं होना चाहिए। उन्होंने और अधिक भारतीय भाषाओं में प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों का आहवान किया।

16 जुलाई

अमेरिका के अलास्का में आया भूकंप

● अमेरिका के अलास्का में भूकंप के झटके महसूस किए गए। दो हफ्ते पहले भी अलास्का में भूकंप के झटके आए थे। ईगल नदी के करीब दो मील दक्षिण में भूकंप महसूस किया गया था। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि भूकंप का केंद्र सैंड प्वाइंट, अलास्का से 106 किलोमीटर दक्षिण में स्थित था। भूकंप की तीव्रता 7.2 बताई गई। अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सुनामी की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि भूकंप का केंद्र 21 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

● इंडोनेशिया की वित्त मंत्री सुश्री मुल्यानी इंद्रावती और भारतीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने "भारत- इंडोनेशिया आर्थिक और वित्तीय वार्ता" को लॉन्च करने की घोषणा की। जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की बैठक के दौरान पेश किया गया मंच, दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत

करने और वैश्विक मुद्दों पर साझी समझ को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमन ने कहा कि 1991 में भारत की 'लुक ईस्ट पॉलिसी' और उसके बाद 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के विकास ने हमारे द्विपक्षीय संबंधों विशेष रूप से वाणिज्यिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में तेजी से विकास को सुविधाजनक बनाया है।" "इंडोनेशिया आसियान क्षेत्र भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार के रूप में उभरा है। हमारे व्यापार में वर्ष 2005 के बाद से आठ गुना बढ़ोत्तरी देखी गई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में उल्लेखनीय रूप से 38 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।"

17 जुलाई

अमेरिका और यूरोप में हीटवेव की चेतावनी

● अमेरिका के फ्लोरिडा, कैलिफोर्निया और वॉशिंगटन में गर्मी को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस ने लोगों से कहा है कि वो अपनी सेहत के साथ कोई रिस्क न लें। अमेरिका के मौसम विभाग ने बताया है कि कैलिफोर्निया की डेथ वैली में अगले हफ्ते पारा 54 डिग्री तक पहुंच जाएगा। डेथ वैली दुनिया की सबसे गर्म जगहों में से एक है। वहीं यूरोप की स्पेस एजेंसी ने इटली, स्पेन, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड में गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया है। इटली ने रोम और फ्लोरेंस समेत 16 शहरों के लिए हीटवेव की चेतावनी जारी की है।

● क्रेडिट कार्ड से खर्च मई 2023 में मासिक आधार पर 5 फीसदी बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। इस दौरान इस्तेमाल क्रेडिट कार्ड की संख्या जनवरी 2023 की तुलना में 50 लाख से अधिक बढ़कर 8.74 करोड़ पहुंच गई। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक नए कार्ड की बात करें तो 20 लाख का इस्तेमाल चालू वित्त वर्ष के पहले दो माह में ही हुआ है। जनवरी में देश में 8.24 करोड़ सक्रिय क्रेडिट कार्ड थे। फरवरी में यह संख्या 8.33 करोड़, मार्च में 8.53 करोड़ और अप्रैल में 8.65 करोड़ पहुंच गई। आंकड़ों के मुताबिक क्रेडिट कार्ड से खर्च 2022-23 में पूरे साल के दौरान 1.1-1.2 लाख करोड़ रुपये रहा।

18 जुलाई

खाली सीटों पर दाखिले के लिए खुलेगी आवेदन विंडो

● एनआईटी, आईआईआईएसटी, आईआईआईटी समेत 96 शीर्ष तकनीकी कॉलेजों में खाली सीटों पर दाखिले के लिए एक बार फिर से ऑनलाइन आवेदन विंडो खुलने जा रही है। जिन छात्रों ने अभी तक एक बार भी आवेदन पत्र नहीं भरा है, उनके लिये सेंट्रल सीट एलोकेशन बोर्ड (सीएसएबी) तीन अगस्त से दो स्पेशल राउंड काउंसलिंग आयोजित करने जा रहा है। इसके लिए छात्रों को सीएसएबी की वेबसाइट पर जाकर स्पेशल राउंड काउंसलिंग के लिए पंजीकरण, च्वाइस फिलिंग भरने के साथ फीस जमा करनी होगी। खाली सीटों की जानकारी तीन अगस्त को सार्वजनिक की जाएंगी।

● भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने 16-18 जुलाई तक राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा, नई दिल्ली में अपना 95वां स्थापना और प्रौद्योगिकी दिवस मनाया। इस अवसर पर शानदार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में आईसीएआर द्वारा विकसित की गई नई प्रौद्योगिकियों और उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई। इस बारे में डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव (डेयर) और महानिदेशक (आईसीएआर) ने बताया कि आईसीएआर कई प्रौद्योगिकियों के निर्माण में सफल रहा है, जिन्हें बड़े पैमाने पर अपनाने और व्यवसायीकरण के लिए प्रसारित करने की आवश्यकता है।

19 जुलाई

हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए भारत ने यूएन को दिए 10 लाख डॉलर

● भारत ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि सुश्री रुचिरा कंबोज ने यूएन में हिंदी भाषा के उपयोग के विस्तार के लिए संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग की अवर महासचिव मेलिसा फ्लेमिंग को एक चेक सौंपा। बता दें, संयुक्त राष्ट्र के सार्वजनिक सूचना विभाग के सहयोग से हिंदी@यूएन परियोजना 2018 में शुरू की गई थी।

● मध्य कोलंबिया में भूस्खलन से करीब 14 लोगों की मौत हो गई। इसके चलते राजधानी बोगोटा को देश के पूर्वी मैदानी इलाकों से जोड़ने वाले प्रमुख हाईवे पर आवागमन बाधित हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि बोगोटा के दक्षिण-पूर्व में स्थित क्वेटेम शहर में ऊंचाई वाले क्षेत्र से कीचड़ और मलबे का ढेर आने से कई घर तबाह हो गए। भारी बारिश के कारण यह हादसा हुआ, जिससे बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। पुलिस ने कहा कि कुछ लोगों के मलबे के नीचे दबे होने की आशंका है, जिनकी तलाश की जा रही है।

20 जुलाई

भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू खपत से मिल रहा सहारा

● भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी में डूबी वैश्विक अर्थव्यवस्था को उबारने में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही है। यह बात विश्व बैंक अध्यक्ष के अजय बंगा ने कही। भारत दौरे पर आए अजय बंगा ने कहा कि वैश्विक सुस्ती के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को उसकी घरेलू खपत से स्वाभाविक सहारा मिल रहा है, इसका प्रमुख कारण यह है कि देश की जीडीपी का बड़ा हिस्सा घरेलू मांग पर आधारित है। बंगा ने विश्व अर्थव्यवस्था के परिदृश्य पर कहा कि अगले साल की शुरुआत में सुस्ती को लेकर अधिक जोखिम दिख रहा है।

● केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष ब्रेंडन ओ' कॉनर से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग एवं इन संबंधों को और कैसे विस्तारित व गहरा किया जा सकता है, इस पर चर्चा की। श्री प्रधान ने इस वर्ष सितंबर में गांधीनगर में ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा और कौशल परिषद की 7वीं बैठक के लिए मंत्री ओ' कॉनर को भी आमंत्रित किया है। मंत्री ओ' कॉनर ने दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि छात्रों की आवाजाही की बहाली उनके देश के लिए प्राथमिकता है।

21 जुलाई

गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगी रोक

● सरकार ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर रोक लगा दी है। देश में चावल की कीमत में तेजी को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। हालांकि कुछ शर्तों के साथ चावल के निर्यात को अनुमति दी जाएगी। अगर नोटिफिकेशन से पहले जहाजों में चावल की लोडिंग शुरू हो गई है तो उसके निर्यात की अनुमति होगी। साथ ही उन मामलों में भी चावल के निर्यात की अनुमति होगी जहां सरकार ने दूसरे देशों को इसकी इजाजत दे रखी है। सरकार ने इन देशों के फूड सिक्योरिटी की जरूरतों को देखते हुए इस तरह की अनुमति दी है।

● अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने छात्राओं के विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लेने पर बैन लगा दिया है। अफगानिस्तान की परीक्षा नियामक संस्था नेक्सा ने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्रालय ने आदेश दिया है कि सिर्फ पुरुषों को ही विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में शामिल किया जाए, क्योंकि पुरुषों को ही नौकरियों में नियुक्त किया जाएगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
ADMISSION OPEN
PARAMEDICAL LIMITED SEATS

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
B.Sc	Human Nutrition*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

Diploma in
• Anesthesia Technician • Optometric Refraction
• X-Ray Radiographer • Cath lab Technician
*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology
0755 - 400 5203, 5295, 5281
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.)
R-48827/2023

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 30 24.07.2023 से 30.07.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
● सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

स्कूल चलें हम अभियान

शिक्षा के बिना जीवन सूना

शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, इसलिये स्कूल चलें हम। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 23 वर्ष पहले इस अभियान की शुरुआत की थी। तब से यह अभियान निरंतर जारी है। शिक्षा के दरवाजे से दुनिया के सारे राज खुलते हैं। हम पढ़ें, आगे बढ़ें और सूरज सा चमकें। एकाग्रचित होकर पढ़ोगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। अर्जुन श्रेष्ठ विद्यार्थी था, उसे हमेशा चिड़िया की आँख दिखाई देती थी। आप भी अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त हों। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री शाजापुर के गुलाना में स्कूल चलें हम अभियान-2023 के शुभारंभ पर विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदेश में 9 हजार सर्व-सुविधायुक्त सीएम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं, जिनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। स्मार्ट क्लास में दिल्ली और मुंबई के शिक्षक भी बच्चों को पढ़ा सकेंगे। 'अटल टिंकरिंग लैब' बच्चों में नवाचार और रचना कौशल बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में सीएम राइज स्कूल इसी उद्देश्य के साथ खोले गये हैं। सीएम राइज विद्यालय, स्मार्ट क्लास, आधुनिक लैब, लाइब्रेरी, खेल-मैदान और अन्य सुविधाओं से युक्त होंगे। प्रदेश के हर बच्चे की अच्छी शिक्षा के लिये सरकार हर आवश्यक सुविधा दे रही है। शिक्षण-शुल्क, गणवेश, मध्यान्ह भोजन, साइकिल, स्कूटी, लैपटॉप आदि प्रदाय किये जा रहे हैं। कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 25 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। कक्षा 5 से 6 में तथा कक्षा 8 से 9 में प्रवेश पर दूसरे गांव के स्कूल में जाने के लिये बच्चों के खाते में 4 हजार 500 रुपये की साइकिल की राशि डाली जाएगी। सरकार मेधावी विद्यार्थियों की मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईआईटी और आईआईएम आदि पाठ्यक्रमों की फीस भी भरवा रही है। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि क्षमता और बुद्धि के मामले में कोई पीछे नहीं होता, सिर्फ प्रयास करने की आवश्यकता होती है। दुनिया का ऐसा कोई कार्य नहीं है जो असंभव हो। मनुष्य सिर्फ हाड़ मांस का पुतला नहीं, बल्कि ईश्वर का अंश है। मनुष्य में विद्यमान क्षमताएं असीमित हैं। दृढ़ संकल्प से इनका उपयोग किया जाना चाहिए। परिश्रम से अध्ययन कर बेहतर भविष्य के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को तत्पर होना है। इसके लिए जरूरी है कि हम सभी लोग मिलकर स्कूल चलें हम अभियान को सफल बनाएं। यदि हमारे आसपास का कोई भी बच्चा स्कूल नहीं जा रहा है तो उसे स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करना है। शिक्षा के बिना जिन्दगी अधूरी है। व्यक्तित्व के निर्माण के लिए पढ़ाई जरूरी है। आज प्रदेश भर में जन-प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी, खिलाड़ी, कलाकार और उद्योगपति आदि विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों से बातचीत कर रहे हैं और विशेष कक्षाओं के माध्यम से उन्हें जीवन के अनुभवों से अवगत करवा रहे हैं। प्रदेश में साक्षरता क्षेत्र में नए अभियान की पहल भी की गई है। स्कूल चलें हम अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मध्यप्रदेश में नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को भारत की ज्ञान परंपरा के अनुरूप संस्कारयुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिये निरंतर कार्य किया जा रहा है।

गर्म इलाकों के व्यक्तियों की कमजोर हो रही हैं नजरें

मनुष्य शरीर में आंख एक महत्वपूर्ण अंग है। इसके उचित देखभाल के अभाव में इसके कमजोर होने का खतरा विद्यमान रहता है। आज के दौर में हमारे चारों तरफ अनेक तरह का प्रदूषण मौजूद है। विशेष तौर पर ऐसा प्रदूषण जिससे हमारी आंखें प्रभावित हेती हैं। जलवायु परिवर्तन से केवल मौसम ही असंतुलित नहीं हो रहा है, बल्कि इसका प्रभाव व्यक्ति की आंखों पर भी देखने को मिलता है, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि गर्म क्षेत्रों में बढ़ते तापमान की वजह से लोगों की नजरें कमजोर हो रही हैं। गर्म स्थानों पर रहने वाले लोगों के देखने की क्षमता ठंडे स्थानों के लोगों की तुलना में कम हो जाती है। पराबैंगनी किरणें आंखों के कॉर्निया, लेंस और रेटिना को ज्यादा प्रभावित करती है, साथ ही आंखों में खुजली, संक्रमण जैसी परेशानियां भी होती हैं। इस क्षेत्र में किए गए अध्ययन के दौरान लोगों की आंखों का लेंस धुंधला मिला और इसे ग्लूकोमा की बड़ी वजह माना गया। साथ ही कंजेक्टिवाटिस या जलन की वजह से आंख की परत में सूजन की शिकायत भी सामने आयी। अध्ययन में यह भी बताया गया कि पराबैंगनी किरणों की वजह से भी आंखों को नुकसान पहुंचता है। जलवायु परिवर्तन के साथ ही तापमान बढ़ने से खासकर बुजुर्गों को आंखों की परेशानी होने की आशंका भी बढ़ रही है। इस अध्ययन में यह भी बताया गया कि चश्मा पहनने के बाद भी उन्हें आंखों में कुछ परेशानी हो रही है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व हेपेटाइटिस दिवस | 28 जुलाई

सतर्कता में छिपी है हेपेटाइटिस से सुरक्षा

जिंदगी में आप सब कुछ देकर भी जिसे हासिल नहीं कर सकते हैं, तो वह है सेहत। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है कि व्यक्ति के लिए सच्चा धन उसका स्वास्थ्य ही है। इसलिए हमें अपनी सेहत के प्रति सावधान रहना चाहिए और इसके लिए सबसे अच्छा तरीका नियमित स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना है। बारिश के मौसम में वायरस के बढ़ने और दूषित खानपान की वजह से हेपेटाइटिस के मामले अधिक बढ़ जाते हैं। हेपेटाइटिस के 60 प्रतिशत मामले मानसून के मौसम में ही दर्ज किए जाते हैं, क्योंकि हेपेटाइटिस ए और ई पानी के संक्रमण के कारण होने वाली बीमारियां हैं। ऐसे में जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, उन्हें इस बीमारी के होने का खतरा अधिक होता है। 28 जुलाई को हर वर्ष इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हेपेटाइटिस डे पूरी दुनिया में मनाया जाता है। हेपेटाइटिस एक तरह के वायरस का संक्रमण है, इसकी वजह से व्यक्ति के लिवर में सूजन आ जाती है, लेकिन अधिकतर लोगों को इसके बारे में पता नहीं है, कि यह एक जानलेवा रोग है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, इस समय पूरी दुनिया में करीब 29 करोड़ लोग ऐसे हैं, जो हेपेटाइटिस से ग्रसित तो हैं, लेकिन उन्हें इसके बारे में जानकारी नहीं है। दुनिया में लोगों की मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हेपेटाइटिस है, मलेरिया और एड्स की कुल मौतों से अधिक मौतें अकेले हेपेटाइटिस से हर साल होती हैं।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2023 की थीम

'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने और वर्ष 2030 तक (वर्ष 2015 आधाररेखा की तुलना के साथ नए संक्रमण में नब्बे प्रतिशत और मृत्यु दर में पैंसठ प्रतिशत तक कमी करके) वैश्विक उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति करने के लिए व्यक्तियों, भागीदारों और जनता द्वारा की जाने वाली कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष 28 जुलाई को मनाया जाता है। दिनांक 28 जुलाई की तारीख का चयन इसलिए किया गया क्योंकि इस दिन नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ. बारूक का जन्मदिन है, जिन्होंने हेपेटाइटिस बी वायरस (एचबीवी) की खोज की तथा वायरस के लिए जरूरी परीक्षण तथा टीका विकसित किया। वर्ष 2030 तक वैश्विक उन्मूलन लक्ष्य प्राप्ति के क्रम में उपचार और परीक्षण के विस्तारण में कमी के कारण होने वाले अंतर को चिन्हित किया गया है। हर वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2023 में इसकी थीम 'We are not waiting' को चुना है। इस थीम के माध्यम से 'हम इंतजार नहीं कर रहे हैं' WHD 2023 के लिए कार्रवाई का आह्वान है। यह अब वायरल हेपेटाइटिस के उन्मूलन प्रयासों में तेजी लाने और वास्तविक लोगों के लिए परीक्षण और उपचार की तत्काल आवश्यकता के लिए प्रेरित करता है। दुनिया भर में व्यक्ति और समुदाय अपने जीवन और अपने आस-पास की दुनिया में बदलाव ला रहे हैं। इन्हीं प्रयासों को और बेहतर करने और कामयाबी हासिल करने के लिए यह थीम रखी गई है।

ब्लसबर्ग खोजा था हेपेटाइटिस वायरस का उपचार

एक वक्त ऐसा था जब हेपेटाइटिस से पूरी दुनिया अनजान थी, लेकिन 28



जुलाई 1925 को अमेरिका के न्यूयॉर्क में जन्मे फिजीशियन डॉ. बारूक ब्लमबर्ग ने न केवल इस वायरस की खोज की, बल्कि टीके का भी निर्माण किया। बारूक कभी मैथमेटिक्स की पढ़ाई करने की इच्छा रखते थे, लेकिन अपने पिता के कहने पर उन्होंने मेडिकल की राह को चुना। उनका यह फैसला न केवल उनके लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए लाभदायक रहा। डॉ. ब्लमबर्ग और उनके साथी ने हेपेटाइटिस-बी वायरस की खोज 1967 में कर ली थी, और इसे पहचानने के लिए किए जाने वाले टेस्ट और इसका पहला वैक्सीन उन्होंने 1969 में विकसित कर लिया। उनकी इस खोज से न केवल लिवर कैंसर की एक बड़ी वजह का पता चला बल्कि उनकी यह वैक्सीन कैंसर के इलाज में प्रयोग किया जाने वाला पहला वैक्सीन बनी। डॉ. ब्लमबर्ग को अपने इस महान योगदान के लिए 1976 में नोबल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। डॉ. ब्लमबर्ग ने अपने विज्ञान के कॅरियर को पूरी तरह हेपेटाइटिस बी से जुड़ी समस्याओं के समाधान और हेपेटाइटिस-बी फाउंडेशन के निर्माण में लगा दिया। वे नासा में सीनियर एडवाइजर के पद पर भी रहे। उन्होंने ताउम्र सक्रिय रहकर अपने जीवन को जिया। 5 अप्रैल 2011 को उनकी मृत्यु हार्ट अटैक से हुई थी।

अधिकांश मामलों में नहीं नज़र आते कोई लक्षण

हेपेटाइटिस को दो भागों में बांटा गया है। ब्लड के संक्रमण के कारण होने वाला हेपेटाइटिस बी, सी और डी है तथा पानी के संक्रमण की वजह से हेपेटाइटिस ए और ई होता है। अधिकतर मामलों में कोई लक्षण नहीं दिखाई देते। हेपेटाइटिस का संक्रमण किसी भी व्यक्ति को कभी भी हो सकता है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इस बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन ले सकते हैं और अगर इससे पीड़ित हो गए हैं तो अधिकतर मामलों में इसका उपचार भी संभव है।

पीलिया को लेकर आज भी है समाज में अंधविश्वास

पीलिया को लेकर समाज में कई तरह के अंधविश्वास फैले हुए हैं। पीलिया का इलाज कराने वाले लोगों में तीन तरह के लोग होते हैं। एक वो लोग होते हैं, जो झाड़-फूंक भी करवाते हैं और डॉक्टर की दवाइयां भी लेते हैं। एक तरह के वे लोग होते हैं जो सिर्फ डॉक्टर के बताए अनुसार दवाइयों पर भरोसा करते हैं और झाड़-फूंक व टोने-टोटके में बिल्कुल विश्वास नहीं करते है और तीसरी तरह के लोग वे होते हैं, जो सिर्फ झाड़-फूंक में ही भरोसा करते हैं यह दो कारणों में हो सकता है या तो आर्थिक कमजोरी की वजह से या फिर अंधविश्वास या अज्ञानता की वजह से। तीसरी श्रेणी के लोग मुख्यत: खतरे की स्थिति में पहुंच जाते हैं और वो डॉक्टर के पास तब पहुंचते हैं जब मरीज की स्थिति बहुत ज्यादा गंभीर होने लगती है और मरीज को बेहोशी और दौरे पड़ने लगते है। पीलिया के बारे में समाज में अज्ञानता को दूर करने व इसके बारे में वर्षों से चली आ रही भ्रांतियों को दूर करने की सख्त आवश्यकता है।

हेपेटाइटिस एक प्रकार का संक्रामक वायरस है जिसके कारण लिवर में सूजन आ जाती है। इससे पीलिया होने की आशंका बनी रहती है तथा धीरे-धीरे उम्र के अनुसार लिवर में फाइब्रोसिस और फिर सिरोसिस हो जाता है, इससे अंत में लिवर काम करना बंद कर देता है। हेपेटाइटिस की बीमारी पांच प्रकार की होती है ये हैं हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई। हर प्रकार के हेपेटाइटिस लिए बचाव और उपचार अलग-अलग होते हैं।

हेपेटाइटिस ए का कारण

इस हेपेटाइटिस से व्यक्ति तब पीड़ित होते हैं, जब हेपेटाइटिस ए वायरस से संक्रमित पानी पीते या भोजन करते हैं। यह संक्रामक रोग है, इसलिए अगर ऐसे व्यक्ति के शारीरिक संपर्क में हैं जिसे हेपेटाइटिस ए है तो भी इस बीमारी के शिकार हो सकते हैं।

बचाव के लिए

हेपेटाइटिस ए से बचने के लिए इसका वैक्सीन लगवाएं। बच्चों को पहले जन्मदिन के कुछ दिन बाद ही यह वैक्सीन लगवा देना चाहिए। अगर ऐसे स्थान पर जा रहे हैं, जहां इसके संक्रमण का खतरा अधिक है, तो अपने खाने-पीने को लेकर अधिक सावधानी रखिए। प्रदूषित पानी, बर्फ, सब्जियां, फल और अधपका खाना खाने से यह बीमारी हो सकती है।

हेपेटाइटिस बी

यह रक्त जनित होता है तथा रक्त और रक्त उत्पादों के साथ संपर्क के माध्यम से फैलता है। रक्त, सीमेन, वजाइनल स्त्राव और शरीर का कोई भी स्त्राव जिसमें रक्त मिश्रित हो उससे हेपेटाइटिस-बी का संक्रमण हो सकता है। यह संक्रमित गर्भवती मां से उसके बच्चे के जन्म के समय में नवजात शिशु को हो सकता है। विश्व भर में 3 से 4 प्रतिशत व्यक्ति हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित हैं तथा 1 से 2 मिलियन व्यक्तियों की हेपेटाइटिस-बी की वजह से हर वर्ष मृत्यु हो जाती है। हेपेटाइटिस-बी संक्रमित व्यक्ति के खून से दूसरे व्यक्ति में, यौन संबंध के समय एक पार्टनर से दूसरे पार्टनर में तथा एक मां से गर्भस्थ शिशु को हो सकता है।

कैसे करें बचाव

डॉ. नटवर परवाल, पीडियाट्रिशियन गेस्टोलॉजिस्ट एंड हेपेटोलॉजिस्ट के अनुसार हेपेटाइटिस ए एवं ई से बचाव के लिए साफ सफाई पर ध्यान देना सबसे ज्यादा आवश्यक होता है। डॉक्टर के अनुसार शुद्ध खाना और साफ पानी इस बीमारी से बचाव के लिए सर्वाधिक आवश्यक है। वहीं अगर हेपेटाइटिस बी एवं सी की बात करें तो संक्रमित व्यक्ति के साथ खाने-पीने अथवा बैठने उठने से यह बीमारियां नहीं फैलती हैं, बल्कि यह बीमारी किसी संक्रमित व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध बनाने पर अथवा उसकी इस्तेमाल की हुई सिरिंज, टूथब्रश आदि चीजों के इस्तेमाल करने से फैलती है। इन बीमारियों से बचने के लिए यही सबसे जरूरी है कि रोगी के साथ कोई भेदभाव ना करते हुए शारीरिक दूरी बनाकर रखें एवं उसकी इस्तेमाल की हुई चीजों का इस्तेमाल ना करें।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी एरिया - इंदौर

आयुष विभाग - मध्यप्रदेश शासन हेतु व्याख्याता अमराजे निसवां (Lecturer Amraze Niswan) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक	ऑनलाइन आवेदन करने की	आयोग कार्यालय में अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र
28/2023/13/07/2023	अंतिम तिथि 11.10.2023 (दोपहर 12:00 बजे तक)	जमा करने की अंतिम तिथि 20.10.2023

महत्वपूर्ण निर्देश

A. आवेदन पत्र भरने संबंधित आवश्यक निर्देश :-

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग हेतु व्याख्याता अमराजे निसवां (Lecturer Amraze Niswan) के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।
2. आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन पत्र **दिनांक 12.09.2023 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 11.10.2023 (दोपहर 12:00 बजे) तक www.mponline.gov.in** तथा **www.mppsc.mp.gov.in** पर भरे जा सकते हैं।
3. व्याख्याता अमराजे निसवां (Lecturer Amraze Niswan) के पदों हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी तरह के किसी भी प्रकार का मैन्युअल अथवा डाक द्वारा भेजे गए आवेदन-पत्र आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

B. आयु की गणना :-

1. आयु की गणना 01 जनवरी 2024 के संदर्भ में की जाएगी।
2. आयु की गणना हेतु वही जन्मतिथि मान्य होगी जो अभ्यर्थी की 10वीं (High School) की अंक-सूची में अंकित है। अत: अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र में उक्त अंक-सूची में उल्लेखित नाम, पिता का नाम तथा जन्मतिथि का ही उल्लेख करें।

C. शुल्क संबंधी निर्देश :-

1. उपरोक्त परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग द्वारा किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क के माध्यम से नगद स्वीकार किया जाएगा। शुल्क विवरण हेतु परिशिष्ट-IV का अवलोकन करें। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र की जांच कर यह सुनिश्चित करें कि भुगतान का विवरण तथा "Payment Done" स्पष्टत: उल्लेखित है। परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए किसी बैंक का ड्राफ्ट अथवा चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
2. आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रियांतर्गत ऑनलाइन आवेदन-पत्र में आयोग द्वारा सुनिश्चित की गई फीस के अतिरिक्त आधिक्य या त्रुटिवश गलत भुगतान के संबंध में रिफंड हेतु प्राप्त अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं होंगे। अभ्यर्थियों को भली-भांति दिए गए निर्देशों का सूक्ष्मता से अवलोकन पश्चात् ही निर्धारित फीस का भुगतान करें। कियोस्क अथवा अन्य माध्यम से त्रुटिवश/आधिक्य भुगतान के रिफंड के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं है।

D. त्रुटि सुधार संबंधी निर्देश :-

1. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन-पत्र में त्रुटि सुधार का कार्य **दिनांक 15.09.2023 से 13.10.2023 (दोपहर 12:00 बजे तक)** तक ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति त्रुटि सुधार प्रति सत्र ₹ 50 त्रुटि सुधार शुल्क देय होगा। अभ्यर्थी त्रुटि सुधार हेतु एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। ध्यान रखें कि अभ्यर्थी के नाम में कोई त्रुटि सुधार नहीं किया जा सकेगा।
2. अभ्यर्थी यह ध्यान रखें कि ऑनलाइन आवेदन-पत्र में हुई किसी भी त्रुटि का सुधार साक्षात्कार के स्तर पर नहीं किया जा सकेगा, अत: वे ऑनलाइन आवेदन-पत्र अत्यंत सावधानी पूर्वक भरें। यदि फिर भी नाम के अतिरिक्त कोई त्रुटि होती है, तो त्रुटि सुधार अवधि में वांछित सुधार कर लें।
3. त्रुटि सुधार अवधि में श्रेणी सुधार के मामलों में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आरक्षित वर्ग के रूप में भरे गए अपने ऑनलाइन आवेदन-पत्र में सुधार कर उसे अनारक्षित वर्ग किया जाता है तो उसे आवेदन शुल्क के अंतर की राशि (देखें परिशिष्ट-2) का भुगतान त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त करना होगा, किन्तु अनारक्षित वर्ग के रूप में भरे गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र को आरक्षित वर्ग में परिवर्तन की स्थिति में आवेदन शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।
4. ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी श्रेणी/वर्ग (अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)/लिंग (महिला/पुरुष)/दिव्यांगता/शासकीय सेवक/जन्म तिथि आदि के आधार पर ही परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाता है। अत: त्रुटि सुधार अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा। नाम/माता-पिता का नाम/लिंग/श्रेणी/वर्ग/जन्मतिथि परिवर्तन विषयक समस्त अभ्यावेदनों के संदर्भ में आयोग द्वारा आवेदक से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे सभी अभ्यावेदन अमान्य किए जाएंगे। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे शासन के अद्यतन आदेशों के अनुसार संबंधित श्रेणी के अंतर्गत सम्मिलित हैं। गलत जानकारी की स्थिति में उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।

E. पात्रता :-

1. शैक्षणिक अर्हता -

अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से यूनानी में स्नातक उपाधि या इसके समकक्ष जैसा कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त है।
2. भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय या विशेषता में यूनानी में स्नातकोत्तर अर्हता।
3. संबंधित राज्य बोर्ड या परिषद् के साथ एक वैध पंजीकरण जहां वह नियोजित है या भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा जारी एक वैध केन्द्रीय या राष्ट्रीय पंजीकरण प्रमाण-पत्र।

उपाधि का नाम - BUMS एवं MD (इलाज बित तदाबीर)

सह विषय :– मोअल्लाजात, तहफ्फुजी व समाजी तिब्ब

2. रोज़गार पंजीयन -

(क) माननीय उच्च न्यायालय मुख्यपीठ जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक 5096/2022 में पारित अंतिम आदेश दिनांक 08.03.2022 के अनुपालन में अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को रोज़गार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है।

(ख) मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को जीवित रोज़गार पंजीयन आवेदन करते समय आवश्यक नहीं होगा, किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के पूर्व अभिप्रमाणन फार्म तथा वांछित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक मध्यप्रदेश के रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(ग) मध्यप्रदेश शासन की सेवा में कार्यरत - शासकीय/निगम/मण्डल/उपक्रम/आयोग/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक - अभ्यर्थियों को विभाग/कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को मान्य किया जाएगा। उपरोक्तानुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर रोज़गार पंजीयन से छूट रहेगी।

3. प्रकाशित विज्ञापन में विज्ञापित पदों हेतु जो शैक्षणिक अर्हता एवं विज्ञापित रिक्तियों का आरक्षण वर्गीकरण आदि का उल्लेख किया गया है वह विभाग के द्वारा मांगपत्र के आधार पर प्रकाशित किया गया है, जिसमें आयोग की कोई भूमिका नहीं रहती है। अत: अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त संबंध में आयोग में प्राप्त शिकायतों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त संबंध में शिकायतकर्ता अभ्यर्थी सीधे संबंधित विभाग को अपना आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

F. परीक्षा नियम/निर्देश आदि :-

1. चयन/परीक्षा के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जो भी संशोधन/निर्देश प्रदान किए जाएंगे, उन सभी संशोधनों/निर्देशों को चयन परिणाम में शामिल करके चयन परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस संबंध में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।
2. चयन/परीक्षा के संबंध में यदि भर्ती नियम, आयु, मूल निवासी, रोज़गार पंजीयन आरक्षण संबंधी संशोधन शासन द्वारा किए जाते हैं, तो इस संबंध में यथा समय संशोधित सूचना जारी करने के उपरांत शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप अंतिम चयन परिणाम घोषित किया जाएगा।
3. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग का चयन परिणाम को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची तथा प्रतीक्षा सूची एवं चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख संबंधित विभागों को आयोग द्वारा प्रेषित किए जाएंगे। नियुक्ति की कार्यवाही शासन के संबंधित विभागों द्वारा की जाएगी। मुख्य सूची/प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी नियुक्ति के संबंध में आयोग से पत्राचार न करें।
4. आयोग द्वारा प्रकाशित भर्ती विज्ञापनों के उपरांत कई अभ्यर्थियों द्वारा तथ्यहीन आधारों पर बिना कोई साक्ष्य/दस्तावेजों के अनावश्यक रूप से विभिन्न प्रकार के शिकायती अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, इस प्रकार के किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक 5901/2019, 25181/2019 एवं ओ.बी.सी. आरक्षण से संबंधित अन्य याचिकाओं के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा। ओ.बी.सी. आरक्षण से संबंधित याचिकाओं के लंबित रहने की अवधि में परीक्षा/चयन परिणाम सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 के अनुसार मुख्य भाग 87% तथा प्रावधिक भाग 13% के आधार पर जारी किया जाएगा।

G. अन्य निर्देश :-

1. विज्ञापन के संदर्भ में समस्त आवश्यक सूचनाएँ, संशोधन आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध करवाई जाती हैं। अत: समस्त अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करें तथा उपलब्ध सूचनाओं का लाभ लें। आयोग द्वारा इस संदर्भ में प्राप्त ई-मेल/पत्राचार/दूरभाष संदेश के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।
2. आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अर्हता, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं अन्य समस्त दस्तावेजों का संधारण नहीं किया जाता है। अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वप्रमाणित दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मात्र मिलान का कार्य आयोग द्वारा साक्षात्कार के समय किया जाता है। अंतिम चयन परिणाम में चयनित अभ्यर्थियों एवं प्रतीक्षासूची में नामांकित अभ्यर्थियों के समस्त दस्तावेजों को चयन सूची अनुसार विभागों को प्रेषित कर दिया जाता है। दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य विभाग द्वारा नियुक्ति के पूर्व किया जाता है। अत: अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जानकारी आयोग द्वारा उपलब्ध करवायी जाना संभव नहीं है। इस संदर्भ में आयोग द्वारा किसी प्रकार का पत्राचार मान्य नहीं किया जाएगा। सूचना के अधिकार के अंतर्गत इस संदर्भ में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अंतरित किया जाएगा।
3. आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर दिशा-निर्देश प्रसारित किए जाते हैं, जिसमें स्पष्टत: परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी को कौन-कौन सी सामग्री लाना वर्जित रहती है अतएव औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. प्रकाशित भर्ती विज्ञापन के अतिरिक्त अन्य कोई भी अभ्यर्थियों की औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएँ एवं परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** एवं **रोज़गार और निर्माण** समाचार-पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए E-mail Address तथा मोबाइल नम्बर पर E-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। अभ्यर्थी आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने E-mail Address तथा मोबाइल नम्बर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।
6. आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है। किसी भी व्यक्ति द्वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अत: किसी भी व्यक्ति द्वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यावहारिक रूप से असंभव है। अत: ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आएं और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सूचना अविलंब आयोग को दें ताकि ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम तथा पता गोपनीय रखा जाएगा।

परिशिष्ट-I

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से आयुष विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निम्नलिखित पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या						रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या			
		UR	SC	ST	OBC	EWS	कुल	UR	SC	ST	OBC	EWS	OH	VH	HH	MD
1.	व्याख्याता अमराजे निसवां (Lecturer Amraze Niswan)	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0		0
मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के पत्र क्रमांक 1-18/2019/1-59 दिनांक 25.04.2023 के अनुसार व्याख्याता अमराजे निसवां (Lecturer Amraze Niswan) का पुनरीक्षित पद विवरण निम्नानुसार रखा गया है -																
मुख्य भाग (87%)		1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0		0
प्रावधिक भाग (13%)		-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		-

दो पद का विवरण

01	पद का नाम	:	व्याख्याता अमराजे निसवां (Lecturer Amraze Niswan)
	विभाग का नाम	:	आयुष विभाग
	श्रेणी	:	राजपत्रित (द्वितीय श्रेणी)
	पद स्थिति	:	अस्थायी
	वेतनमान	:	56100-177500
	पद के मुख्य कर्तव्य	:	अध्यापन कार्य एवं चिकित्सालयीन कार्य।

तीन शैक्षणिक अर्हता : अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से यूनानी में स्नातक उपाधि या इसके समकक्ष जैसा कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त है।
2. भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय या विशेषता में यूनानी में स्नातकोत्तर अर्हता।
3. संबंधित राज्य बोर्ड या परिषद् के साथ एक वैध पंजीकरण जहां वह नियोजित है या भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा जारी एक वैध केन्द्रीय या राष्ट्रीय पंजीकरण प्रमाण-पत्र।

उपाधि का नाम : BUMS एवं MD (इलाज बित तदाबीर)

सह विषय : मोअल्लाजात, तहफ्फुजी व समाजी तिब्ब

विशेष :

(1) उक्त अर्हताएं विज्ञापन में उल्लेखित ऑनलाइन आवेदन करने की **अंतिम तिथि 11.10.2023 तक** अर्जित होनी चाहिए। उक्त तिथि के बाद में अर्हता धारित करने वाले आवेदक पद हेतु अनर्ह माने जाएंगे।

(2) यदि अभ्यर्थी की अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची में पूर्णांक तथा प्राप्तांक का उल्लेख न होते हुए ग्रेड/पाइंट स्केल का उल्लेख है तो उन्हें अपने ग्रेड/पाइंट स्केल के समतुल्य प्रतिशत के निर्धारण विषयक सूत्र/सिद्धांत के आधार पर प्रतिशत की गणना करते हुए शपथ-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शपथ-पत्र के साथ प्रतिशत निर्धारण हेतु अपनाए गए सूत्र/सिद्धांत के अनुसमर्थन हेतु संबन्धित विश्वविद्यालय के सुसंगत अभिलेख आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक संलग्न करना भी अनिवार्य है।

टीप-

(1) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। पदों की संख्या में वृद्धि केवल साक्षात्कार द्वारा चयन की स्थिति में साक्षात्कार कार्यक्रम के प्रकाशन तिथि तक तथा परीक्षा की स्थिति में परीक्षा के परिणाम की तिथि तक की जा सकेगी। बढ़े हुए पदों हेतु अतिरिक्त आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।

(2) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी।

(3) मध्यप्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में विहित छूट तथा यात्रा-व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ देय होगा।

(4) जिस श्रेणी हेतु पद विज्ञापित नहीं है वे अनारक्षित पदों के विरुद्ध विचारित किए जाएंगे।

चार मध्यप्रदेश सिविल सेवाएं (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :-

अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।

ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निर्रहित नहीं होगा।

पांच महत्वपूर्ण :- यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अत: आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन-पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

छ: (क) आयु सीमा : 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो।

(ख) आयु सीमा में छूट : मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, दिनांक 18.09.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को उपरोक्त अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। अत: सभी अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 43 वर्ष होगी। आयु सीमा में अन्य कोई छूट देय नहीं होगी।

सात आयु संगणना तिथि 01.01.2024

आठ अधिवार्षिकी आयु :- 62 वर्ष

नौ चयन प्रक्रिया :- चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। अभ्यर्थियों की संख्या 500 से कम होने की स्थिति में अर्हताकारी परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विज्ञापित पदों हेतु निम्नानुसार संख्या में तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा बशर्ते कि पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध हों -

वर्ग/प्रवर्गवार पदों की संख्या अनारक्षित, अनु. जनजाति, अनु. जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस. एवं महिलाओं/दिव्यांगजन एवं भूतपूर्व सैनिक हेतु पृथक-पृथक विज्ञापित पद संख्या	साक्षात्कार के लिए अर्हकारी परीक्षाओं की मेरिट सूची अनुसार बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या
एक पद के लिए	12 उम्मीदवारों तक
2 और 3 पदों के लिए	24 उम्मीदवारों तक
4 से 6 पदों के लिए	36 उम्मीदवारों तक
7 से 9 पदों के लिए	48 उम्मीदवारों तक
10 तथा उससे अधिक पदों के लिए	5 गुना उम्मीदवारों तक

साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर अंतिम चयन सूची घोषित की जाएगी। साक्षात्कार हेतु पूर्णांक 100 होगा। अनारक्षित हेतु 41% तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी हेतु 31% न्यूनतम उत्तीर्णांक होंगे।

टीप :-

(1) अभ्यर्थियों की संख्या 500 से अधिक होने की स्थिति में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों/उप श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं होंगे।

(2) लिखित परीक्षा की स्थिति में परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम यथासमय आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा।

चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कंम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग को चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

दस आवेदन प्रक्रिया :- उक्त पद हेतु आवेदन-पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु इस विज्ञापन के **परिशिष्ट IV** का अवलोकन करें।

ग्यारह विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएं, परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** एवं **रोज़गार और निर्माण** समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए E-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर E-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने सही ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-

(i) आयु सीमा की छूट **परिशिष्ट-II**

(ii) अर्हताकारी दस्तावेजों के संबंध में आवश्यक निर्देश **परिशिष्ट-III**

(iii) ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के निर्देश तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां **परिशिष्ट-IV**

सचिव

परिशिष्ट-II

आयु सीमा में छूट

(एक) उच्चतर आयु सीमा में वर्ग विशेष को देय छूटें

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 24 जुलाई 2019 के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

तथा

पांच **महत्वपूर्ण :-** यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अत: आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन-पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

छ: **(क) आयु सीमा:** 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो।

(ख) आयु सीमा में छूट: मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, के परिपत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, दिनांक 18.09.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को उपरोक्त अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। अत: सभी अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 43 वर्ष होगी। आयु सीमा में अन्य कोई छूट देय नहीं होगी।

सात **आयु संगणना तिथि** 01.01.2024

आठ **अधिवार्षिकी आयु :-** 62 वर्ष

नौ **चयन प्रक्रिया :-** चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। अभ्यर्थियों की संख्या 500 से कम होने की स्थिति में अर्हताकारी परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विज्ञापित पदों हेतु निम्नानुसार संख्या में तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा बशर्ते कि पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध हों -

वर्ग/प्रवर्गवार पदों की संख्या अनारक्षित, अनु. जनजाति, अनु. जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस. एवं महिलाओं/दिव्यांगजन एवं भूतपूर्व सैनिक हेतु पृथक-पृथक विज्ञापित पद संख्या	साक्षात्कार के लिए अर्हकारी परीक्षाओं की मेरिट सूची अनुसार बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या
एक पद के लिए	12 उम्मीदवारों तक
2 और 3 पदों के लिए	24 उम्मीदवारों तक
4 से 6 पदों के लिए	36 उम्मीदवारों तक
7 से 9 पदों के लिए	48 उम्मीदवारों तक
10 तथा उससे अधिक पदों के लिए	5 गुना उम्मीदवारों तक

साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर अंतिम चयन सूची घोषित की जाएगी। साक्षात्कार हेतु पूर्णांक 100 होगा। अनारक्षित हेतु 41% तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी हेतु 31% न्यूनतम उत्तीर्णांक होंगे।

टीप :-

(1) अभ्यर्थियों की संख्या 500 से अधिक होने की स्थिति में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों/उप श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं होंगे।

(2) लिखित परीक्षा की स्थिति में परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम यथासमय आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा।

चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कंम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग को चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

दस **आवेदन प्रक्रिया :-** उक्त पद हेतु आवेदन-पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु इस विज्ञापन के **परिशिष्ट IV** का अवलोकन करें।

ग्यारह विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएं, परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** एवं **रोज़गार और निर्माण** समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए E-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर E-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने सही ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-

(i) आयु सीमा की छूट **परिशिष्ट-II**

(ii) अर्हताकारी दस्तावेजों के संबंध में आवश्यक निर्देश **परिशिष्ट-III**

(iii) ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के निर्देश तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां **परिशिष्ट-IV**

सचिव

परिशिष्ट-II
आयु सीमा में छूट

(एक) उच्चतर आयु सीमा में वर्ग विशेष को देय छूटें

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 24 जुलाई 2019 के अनुसार अनुसूचित जनजाति के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

तथा

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, दिनांक 18.09.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रवर्गों हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। अत: उक्त आदेश के अनुपालन में समस्त छूटों को मिलाकर निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष के स्थान पर 48 वर्ष होगी।

- ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गयी सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, किन्तु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

स्पष्टीकरण :-

1. भूतपूर्व सैनिकों से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985 के नियम 2 (ग) में यथा प्रावधानित भूतपूर्व सैनिक।
2. भूतपूर्व सैनिकों हेतु देय आयु-सीमा की छूट तथा आरक्षण केवल उन अभ्यर्थियों को देय होगा जो आवेदन करने की तिथि को अथवा उसके पूर्व सेना की सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अभ्यर्थी को प्रमाणीकरण हेतु विहित प्राधिकारी द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक जारी डिस्चार्ज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(दो) प्रोत्साहन स्वरूप दी गयी छूट

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(2) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/18/85/3/1 दिनांक 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

टीप :

(1) परिशिष्ट-1 (दो) के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों/ योजनाओं के अंतर्गत दी गयी छूटों में से यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक छूट का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

(2) समस्त आरक्षण तथा उससे जुड़ी आयु सीमा की छूट मध्यप्रदेश राज्य के संदर्भ में है, अत: अनुसूचित जनजाति को देय आरक्षण अथवा आयु सीमा में छूट केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को ही देय होगी। अन्य प्रदेशों के उक्त श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित मान्य होंगे। (सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक 969/1197/2012/आ.प्र./एक, दिनांक 06.08.2012 में निहित व्यवस्था के अनुसार)

नोट : (01) उपरोक्त परिशिष्ट – ''एक'' में उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(02) अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी छूट देय होंगी किन्तु समस्त छूट को शामिल करते हुए भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 48 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 48 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

(03) जिस आरक्षित श्रेणी हेतु पद विज्ञापित नहीं हैं उन्हें आयु सीमा में छूट देय नहीं होगी किन्तु आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में छूट तथा यात्रा भत्ते की पात्रता होगी।

परिशिष्ट-III
अर्हताकारी दस्तावेजों के संबंध में आवश्यक निर्देश

1. किसी भी पद हेतु विज्ञापित विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक या इसके पूर्व अर्हता धारित करना अनिवार्य हैं, जिसकी पुष्टि हेतु अभिलेख साक्षात्कार पूर्व आयोग को प्रस्तुत किए जाने आवश्यक होंगे। यदि अभिलेखों की जांच उपरांत यह पाया जाता है कि आवेदक की वांछित अर्हता ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि को पूर्ण की गई है तो उसकी उम्मीदवारी स्वत: निरस्त मानी जाएगी। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार्य योग्य नहीं होगा।

2. आवेदकों के पास ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक या उसके पूर्व का मध्यप्रदेश शासन द्वारा जाति प्रमाण-पत्र देने के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि आयोग द्वारा ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि के बाद जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो उसे मान्य नहीं किया जाकर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा।

3. ऑफलाइन जारी जाति प्रमाण-पत्रों में जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर, जारी करने वाले अधिकारी के पदनाम की सील, जाति का नाम, प्रकरण क्रमांक एवं जाति प्रमाण-पत्र में गोल सील अंकित नहीं होने पर आवेदक साक्षात्कार दिवस को उक्त प्रमाण-पत्र मान्य करने हेतु अभ्यावेदन प्रस्तुत करते हैं, तो ऐसे अभ्यावेदन मान्य नहीं किए जाकर साक्षात्कार की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।

4. अतः आवेदक ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने के पूर्व अपने जाति प्रमाण-पत्र में सभी पूर्तियों की जांच करने के उपरांत ही ऑनलाइन फार्म भरें, यदि सभी पूर्तियां पूर्ण न हों तो तत्काल ऑनलाइन जाति प्रमाण-पत्र बनवाने संबंधी कार्यवाही करने के बाद ही ऑनलाइन आवेदन करें।

5. यदि आवेदक म.प्र. शासन में शासकीय सेवक होने की स्थिति में ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से साक्षात्कार दिवस तक की तिथि में निरन्तर सेवा में है तो ऐसी स्थिति में ही आवेदक को, शासकीय सेवक के आयु-सीमा का लाभ प्रदाय किया जाएगा।

6. यदि आवेदक ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की तिथि को शासकीय सेवा में है किन्तु साक्षात्कार दिवस को शासकीय सेवा में निरन्तर कार्यरत नहीं है तो ऐसी स्थिति में आवेदकों को शासकीय सेवक को देय आयु सीमा की छूट का लाभ देय नहीं होगा। अधिक आयु होने पर उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।

7. यदि म.प्र. के मूल निवासी आवेदक भूतपूर्व सैनिक आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र में स्वयं को भूतपूर्व सैनिक दर्शाया गया है किन्तु ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के बाद सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं या होने वाले हों ऐसी स्थिति में आवेदक को भूतपूर्व सैनिक आरक्षण का लाभ प्रदाय नहीं किया जाकर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा श्रेणी परिवर्तन हेतु प्रस्तुत अभ्यावेदन अमान्य किए जाकर नस्तीबद्ध किए जाएंगे।

8. **दिव्यांगता प्रमाण-पत्र :** दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन-पत्र के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-1-सत्रह-मेडी-2, दिनांक 09.01.2009 द्वारा गठित जिला चिकित्सा मण्डल से प्राप्त नवीनतम (Latest) स्थायी एवं वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/दि.स/302/2021/1098 दिनांक 06.05.2021 में उल्लेखानुसार दिनांक 01.06.2021 तथा उसके पश्चात् जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी पोर्टल के **http://www.swavlambancard.gov.in** के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगे, उक्त तिथि के बाद मैन्युअल प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अमान्य होगा। अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि प्रमाण-पत्र में 40% या अधिक स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित होने पर ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को संबंधित छूट का लाभ देय होगा। दिव्यांगता प्रमाण-पत्र में आवेदक की दिव्यांगता श्रेणी का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य है।

9. ऑनलाइन आवेदन-पत्र में आवेदक का नाम, जन्मतिथि, श्रेणी, पुरुष/महिला, दिव्यांगजन की उप श्रेणी का आवेदक के मूल प्रमाण-पत्रों से मिलान करने पर त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर आवेदकों की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।

10. ऑनलाइन फार्म में किसी भी प्रकार की गलत जानकारी प्रस्तुत किए जाने पर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी। उक्त संबंध में साक्षात्कार दिवस को त्रुटि सुधार हेतु प्रस्तुत अभ्यावेदन अमान्य किए जाकर नस्तीबद्ध किए जाएंगे। अतः आवेदक ऑनलाइन फार्म में त्रुटिसुधार की अवधि में ऑनलाइन फार्म में त्रुटिसुधार कर लें।

11. मध्यप्रदेश के मूलनिवासी आवेदकों को साक्षात्कार के पूर्व निर्धारित अनुप्रमाणन पत्र, व्यक्तिगत विवरण पत्रक तथा अन्य वांछित दस्तावेज आदि आयोग कार्यालय में भिजवाने की अंतिम तिथि तक रोज़गार कार्यालय द्वारा जारी जीवित पंजीयन क्रमांक प्रस्तुत करना अनिवार्य है। साक्षात्कार दिवस को किसी कारणवश आवेदक यदि मध्यप्रदेश रोज़गार कार्यालय के जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में आवेदकों की साक्षात्कार की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी। इस संबंध में आवेदक का किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

अर्हता से संबंधित अभिलेखों की मान्यता तिथि के संदर्भ में आवश्यक निर्देश

क्र.	अभिलेख	निर्देश
1.	आयुर्वेद में स्नातकोत्तर उपाधि	ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को अभ्यर्थी के पास स्नातकोत्तर उपाधि होना आवश्यक है।
2.	चिकित्सा परिषद् में स्थाई पंजीयन	ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को अभ्यर्थी के पास संबंधित राज्य बोर्ड या परिषद् में स्थाई पंजीयन होना आवश्यक है। अन्य प्रदेशों के पंजीकृत अभ्यर्थियों को चयन होने पर मध्यप्रदेश के चिकित्सा परिषद् में पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा।
3.	रोज़गार पंजीयन	(क) माननीय उच्च न्यायालय मुख्यपीठ, जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक 5096/2022 में पारित अंतिम आदेश दिनांक 08.03.2022 के अनुपालन में अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को रोज़गार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है। (ख) मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को जीवित रोज़गार पंजीयन आवेदन करते समय आवश्यक नहीं होगा, किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के पूर्व अभिप्रमाणन फार्म तथा वांछित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक मध्यप्रदेश के रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। (ग) मध्यप्रदेश शासन की सेवा में कार्यरत - शासकीय/निगम/मण्डल/उपक्रम/आयोग/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक - अभ्यर्थियों को विभाग/कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को मान्य किया जाएगा। उपरोक्तानुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर रोज़गार पंजीयन से छूट रहेगी।
4.	मध्यप्रदेश के मूल निवास/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र	मध्यप्रदेश के मूल निवास/स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों के पास ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को तहसीलदार द्वारा जारी मूल निवास/स्थानीय निवासी का प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है।
5.	जाति प्रमाण-पत्र	ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को अभ्यर्थी के पास अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है।
6.	भूतपूर्व सैनिक का डिस्चार्ज प्रमाण-पत्र	ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को अभ्यर्थी सेना की सेवा से सेवानिवृत्त हो गया हो एवं उसके पास विहित प्राधिकारी द्वारा जारी डिस्चार्ज प्रमाण-पत्र होना चाहिए।
7.	शासकीय सेवक होने पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र/विभाग को सूचना अभिलेख	जो अभ्यर्थी पहले से सरकारी नौकरी में स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहा हो या किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हो, जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त कर्मचारी अथवा जो लोक उद्यमों के अधीन कार्यरत हो, उनको आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के पूर्व यह परिवचन (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन किया है। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा तथा आयोग द्वारा साक्षात्कार के पूर्व अभिप्रमाणन फार्म तथा अन्य वांछित अभिलेख प्रेषण हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व प्रस्तुत अभिलेखों में अपने नियोक्ता को दी गई लिखित सूचना (नियोक्ता की प्राप्ति अभिस्वीकृति सहित) तथा नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा आयोग को प्रस्तुत अभिलेखों में उक्त अभिलेख संलग्न नहीं किया जाता या उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने अथवा परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने के संदर्भ में अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर उनकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकेगी।
9.	दिव्यांगता प्रमाण-पत्र	मध्यप्रदेश के मूल-निवासी दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-1-सत्रह-मेडी-2, दिनांक 09.01.2009 द्वारा गठित जिला चिकित्सा मण्डल से प्राप्त नवीनतम (Latest) स्थायी एवं वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र धारित करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/दि.स/302/2021/1098 दिनांक 06.05.2021 में उल्लेखानुसार दिनांक 01.06.2021 तथा उसके पश्चात् जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी पोर्टल के **http://www.swavlambancard.gov.in** के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगे, उक्त तिथि के बाद मैन्युअल प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अमान्य होगा। अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि प्रमाण-पत्र में 40% या अधिक स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित होने पर ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को संबंधित छूट का लाभ देय होगा।

टीप -

1. अभ्यर्थी की पात्रता श्रेणी के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् ऑनलाइन फार्म की छायाप्रति के साथ उपरोक्तानुसार उल्लेखित अभिलेखों की छायाप्रति आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 20.10.2023 (शाम 6:00 बजे) तक** आयोग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना होगा। डाक विभाग या अन्य किसी प्रायवेट एजेंसी के माध्यम से आयोग को प्रेषित किए गए अभिलेख आयोग द्वारा अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.10.2023 (शाम 6:00 बजे) के पश्चात् प्राप्त होने पर अभ्यर्थियों की उपरोक्त पद की उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी, उपरोक्त संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाकर निरस्त किया जाएगा।
2. साक्षात्कार दिवस पर अभ्यर्थियों द्वारा आयोग को भेजे गए शैक्षणिक दस्तावेजों की छायाप्रति का आवेदक द्वारा प्रस्तुत मूल अभिलेखों से मिलान का कार्य किया जाएगा, अभिलेखों में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर अभ्यर्थी की उपरोक्त पद की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी। उपरोक्त संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत कोई भी अभ्यावेदन बिना विचार किए निरस्त किया जाएगा।

परिशिष्ट-IV

आवेदन करने के संदर्भ में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. **ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार हैं :-**

(क) उपरोक्त पदों हेतु आवेदन-पत्र निम्न वेबसाइटों पर भरे जा सकेंगे

1. www.mponline.gov.in

2. mppsc.mp.gov.in

(ख) अभ्यर्थी अपने घर पर या इंटरनेट कैफे के माध्यम से भी ऑनलाइन फार्म भरकर आवेदन/परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नेट बैंकिंग सुविधा धारक अभ्यर्थी नेट बैंकिंग द्वारा भी शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।

(ग) अभ्यर्थी फार्म भरने के पूर्व अपने नवीनतम फोटोग्राफ की पासपोर्ट साइज की तथा हस्ताक्षर की स्केन फाइलें तैयार रखें जिन्हें उन्हें ऑनलाइन फार्म भरते समय संलग्न करना होगा। अभ्यर्थी यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आवेदन-पत्र में उनके फोटो एवं हस्ताक्षर स्पष्ट हैं।

फोटो स्केनिंग के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश:-

1. स्कैनिंग हेतु पासपोर्ट साइज़ की नवीनतम रंगीन फोटो का प्रयोग करें।
2. फोटो खिंचवाते समय रिलेक्स स्थिति में सीधे कैमरे में देखें।
3. यदि आप चश्में का प्रयोग करते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि कोई रिफ्लेक्सन न हो तथा आपकी आंखें स्पष्टत: दिख रही हों।
4. टोपी, हैट तथा डार्क चश्में स्वीकार्य नहीं हैं। सिर पर पहने जाने वाले धार्मिक परिधान स्वीकार्य हैं, किन्तु उनसे आपका चेहरा नहीं ढंकना चाहिए।
5. यह सुनिश्चित करें कि फोटो का बैकग्राउंड हल्के रंग या आदर्श रूप में सफेद हो।
6. किसी और से अपनी फोटो खिंचवाएं। कृपया सेल्फी का प्रयोग न करें।

(घ) ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय ध्यान रखना चाहिए कि, वह उक्त वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र की प्रत्येक जानकारी अच्छी तरह समझकर सावधानीपूर्वक सही रूप में जिस प्रकार चाहा गया है उसी प्रकार जानकारी भरें।

(ङ) आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया में यह समझ लिया गया है कि, अभ्यर्थी द्वारा जो जानकारी ऑनलाइन फार्म में अंकित की जा रही है वही प्रामाणिक जानकारी है अत: ऑनलाइन आवेदन-पत्र submit करने के पूर्व एक बार पुन: अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानीपूर्वक भलीभांति पढ़ एवं समझकर तथा भरी गयी जानकारी से स्वयं को संतुष्ट करने के पश्चात ही आवेदन submit करें।

(च) आवेदन-पत्र submit करने के बाद खुलने वाले popup window में अभ्यर्थी को उसके द्वारा आवेदन-पत्र में उल्लिखित आधारभूत सूचनाएं अर्थात **उसका नाम, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी लिंग आदि की जानकारी दी जाएगी** जिसमें त्रुटि परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी तत्समय ही Cancel बटन दबाकर पुन: फार्म में वापस जाकर अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। Popup window में OK बटन दबाकर फार्म सबमिट करने पर आवेदन-पत्र के सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना मिलेगी जिसमें उसके आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख होगा किन्तु यह Unpaid होगा।

अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि आवेदन-पत्र submit होने के बाद "Proceed for Payment" बटन दबाकर भुगतान की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थी को उसका आवेदन-पत्र प्राप्त होगा जिसमें भुगतान का विवरण भी होगा जिसमें भुगतान राशि तथा "Payment Done" स्पष्टत: उल्लेखित होगा। अभ्यर्थी उक्त सूचना को प्रिंट करके अपने पास रखें तथा भविष्य में आयोग से किए जाने वाले पत्र व्यवहार में आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख करें।

(छ) **त्रुटि सुधार सुविधा :-** अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानी पूर्वक भरें। आवेदन-पत्र में कोई त्रुटि होने पर **दिनांक 15.09.2023 से 13.10.2023 (दोपहर 12:00 बजे)** तक प्रति त्रुटि सुधार सत्र ₹ 50/- त्रुटि सुधार शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन ही त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। **नियत अवधि में त्रुटि सुधार नहीं करने पर कोई पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीबद्ध किया जाएगा।** आरक्षित श्रेणी हेतु 250 निर्धारित है।

(ज) अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा आवेदन-पत्र में दर्ज हस्ताक्षर ही वे साक्षात्कार की उपस्थिति सूची, तथा आयोग के समस्त पत्र व्यवहार में करें। विभिन्न अभिलेखों के हस्ताक्षरों में समानता न होने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी।

2. परीक्षा हेतु आवेदन तथा परीक्षा शुल्क

मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु
₹ 250/-

टीप : आयोग को प्राप्त शुल्क केवल विज्ञापन निरस्त होने की स्थिति में ऑनलाइन पद्धति से अभ्यर्थी के खाते में वापस किया जाएगा।

3. ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 11.10.2023** है। अंतिम तिथि को **दोपहर 12:00 बजे** के बाद आवेदन-पत्र जमा करने की सुविधा बंद कर दी जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के संदर्भ में किसी जानकारी/शिकायत हेतु निम्न हेल्पलाइन पर संपर्क करें :- दूरभाष :- हेल्पलाइन – 0755-6720220 तथा 0755-6720221

4. अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ कोई अभिलेख अपलोड नहीं करने हैं किन्तु साक्षात्कार के पूर्व आयोग को प्रेषित किए जाने वाले अनुप्रमाणन पत्रक, उपस्थिति पत्रक, व्यक्तिगत विवरण पत्रक तथा आवेदन-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति के साथ निम्न प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां आवश्यक रूप से संलग्न करें :-

आयु संबंधी प्रमाण के लिए :- केवल हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी अथवा मेट्रीक्यूलेशन की अंकसूची/प्रमाण-पत्र जिसमें जन्मतिथि का स्पष्ट उल्लेख हो।

शैक्षणिक अर्हताओं के प्रमाण पत्र :- हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी तथा उसके बाद की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता सहित उन समस्त परीक्षाओं की जिन्हें अभ्यर्थी ने उत्तीर्ण किया है के समस्त वर्षों/सेमेस्टर्स की अंक सूचियां।

शासकीय सेवक होने का प्रमाण-पत्र :- यह प्रमाण-पत्र नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए। इस प्रमाण-पत्र में धारित पद तथा विभाग का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

जाति के प्रमाण-पत्र :- अनुसूचित जनजाति का स्थायी जाति प्रमाण-पत्र मध्यप्रदेश शासन द्वारा जाति प्रमाण-पत्र देने के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करें। साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। इस संदर्भ में अभ्यर्थी का कोई वचन-पत्र अथवा अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए उसे नस्तीबद्ध किया जाएगा एवं आयोग इस संदर्भ में कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा। विवाहित महिलाओं का उनके नाम के साथ पिता का नाम उल्लेखित जाति प्रमाण-पत्र ही मान्य किया जाएगा। अन्य किसी राज्य में जारी किया गया प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा।

दिव्यांगता प्रमाण-पत्र : दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन-पत्र के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-1-सत्रह-मेडी-2, दिनांक 09.01.2009 द्वारा गठित जिला चिकित्सा मण्डल से प्राप्त नवीनतम (Latest) स्थायी एवं वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/दि.स/302/2021/1098 दिनांक 06.05.2021 में उल्लेखानुसार दिनांक 01.06.2021 तथा उसके पश्चात् जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी पोर्टल के **http://www.swavlambancard.gov.in** के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगे, उक्त तिथि के बाद मैन्युअल प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अमान्य होगा। अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि प्रमाण-पत्र में 40% या अधिक स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित होने पर ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को संबंधित छूट का लाभ देय होगा।

तदर्थ रूप से शासन की सेवा में कार्यरत अभ्यर्थियों को तत्संबंधी प्रमाण-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

कार्यरत/छंटनी किए गए शासकीय सेवकों हेतु :- नियोक्ता अधिकारी/सक्षम अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट-1 की कंडिका-(दो-1) के अधीन उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट-1 की कंडिका-(दो-2) के अंतर्गत उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु विक्रम पुरस्कार प्राप्त होने का प्रमाण-पत्र।

5. जो अभ्यर्थी पहले से सरकारी नौकरी में स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहा हो या किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हो, जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त कर्मचारी अथवा जो लोक उद्यमों के अधीन कार्यरत हो, उनको आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के पूर्व यह परिवचन (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन किया है। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा तथा आयोग द्वारा साक्षात्कार के पूर्व अभिप्रमाणन फार्म तथा अन्य वांछित अभिलेख प्रेषण हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व प्रस्तुत अभिलेखों में अपने नियोक्ता को दी गई लिखित सूचना (नियोक्ता की प्राप्ति अभिस्वीकृति सहित) तथा नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा आयोग को प्रस्तुत अभिलेखों में उक्त अभिलेख संलग्न नहीं किया जाता या उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने अथवा परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने के संदर्भ में अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर उनकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकेगी।

6. अनुशासनिक निर्देश :-

यदि आयोग का यह समाधान हो जाता है कि कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित में से किसी के लिए दोषी है :-

(क) जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में किसी भी तरीके से समर्थन अभिप्राप्त किया हो; या

(ख) प्रतिरूपण किया हो; या

(ग) किसी व्यक्ति से प्रतिरूपण कराया हो; या

(घ) कूटरचित अभिलेख या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किए हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो; या

(ङ) ऐसे कथन दिए हों जो गलत और झूठे हों या जिसने चयन के किसी भी प्रक्रम पर सारभूत जानकारी छुपाई हो; या

(च) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो; या

(छ) परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का उपयोग किया हो या करने का प्रयास किया हो; या

(ज) परीक्षा संचालन में लगे कर्मचारीवृंद को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक क्षति पहुंचाई हो; या

(झ) उनके द्वारा प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों के लिए दिए गए किसी भी अनुदेशों या निर्देशों जिसमें परीक्षा संचालन में लगे केंद्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारीवृंद द्वारा मौखिक रूप से दिए गए अनुदेश सम्मिलित हैं, अतिक्रमण किया हो; या

(ञ) परीक्षा कक्ष में या साक्षात्कार में किसी अन्य तरीके से किया गया दुर्व्यवहार,

तब आयोग द्वारा :-

(क) उसे उस परीक्षा के लिए, जिसके लिए वह उम्मीदवार है अनर्ह ठहरा सकेगा

मध्यप्रदेश सरकार, कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

E-mail :- cepwdcentral@mp.nic.in, Phone No. : 0761-2621541, Fax No. : 0761-2678521

निविदा आमंत्रण सूचना

एन.आई.टी. क्र.-13/CRIF/CE/PWD/Jabalpur Zone/2023-24 **जबलपुर, दिनांक : 14.07.2023**

मध्यप्रदेश सरकार लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सड़क और पुलों के विकास में लगी हुई है, और इस प्रयास के तहत, ईपीसी अनुबंध के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य में निम्नलिखित सड़क का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर, म.प्र. निम्नलिखित कार्य के लिए पात्र ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित कर रहा है :–

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी के अंतर्गत ई.पी.सी. मोड के तहत बड़गांव, गोदाना, करहैया, मुहास लालपुर और पाली लंबाई 37.80 कि.मी. का उन्नयन कार्य।

निविदा क्र.	सड़क/पुल	अनुमानित लागत (लाख में)	बिड सिक्योरिटी राशि	समयावधि	रख-रखाव अवधि	रिमार्क
2023_PWDRB_291424_4	सड़क कार्य	6418.94 (Without GST)	64,19,000/-	18 माह वर्षाऋतु सहित	कार्य पूर्ण करने की दिनांक से 05 वर्ष तक	वास्तविक किए गए कार्य पर 18% GST राशि अलग से देय होगी।

निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डॉक्यूमेंट) तथा अपलोड म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर दिनांक 19.07.2023 को समय सुबह 10.30 AM से **दिनांक 01.09.2023 तक** शाम 17.30PM तक देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाकारों को अपना वित्तीय ऑफर और तकनीकी बिड **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 01.09.2023 (05.30 PM) या उससे पहले जमा करनी होगी। ऑनलाइन प्राप्त ऑफर को दिनांक 04.09.2023 (11.00 AM) को खोला जाएगा।

मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर को एक या समस्त निविदाओं को बिना किसी कारण निरस्त करने का अधिकार होगा। किसी भी निविदा में संशोधन, यदि कोई होगा तो वह केवल उपरोक्त वेबसाइट पर डाला जायेगा, न कि समाचार पत्र में।

मुख्य अभियंता

जी-16815/48822/2023 **लो.नि.वि. जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**

और/या

उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी परीक्षा से या उनके द्वारा किए जाने वाले किसी चयन से विवर्जित कर सकेगा।

(ख) यदि वह शासन के अधीन पहले से ही सेवा में हो तो उपर्युक्त नियमों के अधीन उस पर अनुशासनिक कार्यवाही हेतु पैतृक विभाग को अनुशंसा की जाएगी।

(ग) इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन भी दर्ज किया जा सकेगा।

एवं तब शासन द्वारा :-

उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए उसके अधीन नियोजन से विवर्जित किया जा सकेगा।

7. **अनर्हताएं :-** ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी जिन्हें किसी परीक्षा अथवा चयन से उपरोक्त दर्शित प्रावधानों के तहत विवर्जित किया गया है।

8. परीक्षा की पश्चातवर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में आवश्यक निर्देश (परीक्षा आयोजन की स्थिति में) :-

(क) परीक्षा का परिणाम केवल **"रोज़गार और निर्माण"** समाचार पत्र तथा आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को उनके परिणाम की सूचना अन्य किसी भी रीति से नहीं दी जाएगी तथा न ही इस संदर्भ में कोई अभ्यावेदन मान्य किया जाएगा।

(ख) परीक्षा परिणाम के साथ ही साक्षात्कार के संदर्भ में समस्त आवश्यक सूचनाएं प्रकाशित की जाएंगी। अत: सफल अभ्यर्थी उनके परीक्षा परिणाम के साथ ही साक्षात्कार से संबन्धित समस्त सूचनाओं का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उसमें प्रदत्त अनुदेशों के अनुरूप आयोग की वेबसाइट तथा **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध कराए गए अनुप्रमाणन पत्रक, व्यक्तिगत विवरण पत्रक तथा उपस्थिति पत्रक डाउनलोड करके आवश्यक पूर्तियों के पश्चात एवं सभी आवश्यक अभिलेख संलग्न कर, परीक्षा परिणाम में उल्लेखित साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक जमा करें। अपने ऑनलाइन आवेदन की स्वप्रमाणित प्रति भी उक्त अभिलेखों के साथ अवश्य संलग्न करें।

(ग) साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने की अंतिम तिथि तक अभिलेख जमा न करने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता स्वयमेव समाप्त हो जाएगी तथा आयोग द्वारा इस संदर्भ में अभ्यर्थी को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जाएगी तथा इस संदर्भ में प्राप्त अभ्यावेदनों को बिना विचार किए नस्तीबद्ध किया जाएगा।

9. यात्रा व्यय का भुगतान :-

(क) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो कहीं सेवारत न हों, को परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन यात्रा व्यय की पात्रता होगी।

(ख) उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उल्लिखित वर्तमान निवास के पते के शहर/ग्राम से उन्हें आवंटित परीक्षा शहर तक आने तथा जाने के यात्रा व्यय का भुगतान किया जाएगा।

(ग) उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को इसके लिए केंद्राध्यक्ष द्वारा आयोग द्वारा निर्धारित घोषणा-पत्र प्रदान किया जाएगा जिसे भरकर अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय की पात्रता से संबन्धित निम्न अभिलेखों के साथ केंद्राध्यक्ष को प्रस्तुत करना होगा :-

1. अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रमाणन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति।
2. यात्रा का टिकट जिसमें यात्रा की तिथि, कहां से कहां तक यात्रा की गयी तथा किराए की राशि का स्पष्टत: उल्लेख हो।

(घ) **अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के परीक्षण के बाद यात्रा व्यय का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से अभ्यर्थी के खाते में किया जाएगा। इस हेतु अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन-पत्र में विहित स्थान पर अपने बैंक का नाम, खाता क्रमांक तथा बैंक के IFSC Code का उल्लेख करना होगा। साथ ही अपने बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्केन प्रति आवेदन-पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।**

(ङ) यात्रा व्यय भुगतान की पात्रता रखने वाले अभ्यर्थी अपने वर्तमान पते के निकटतम शहर को प्रथम विकल्प के केंद्र के रूप में चुनें।

(च) साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय उपरोक्त नियमानुसार आयोग कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

जी-16611/48809/2023

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई.-टेंडरिंग/406/1432

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

फोन : 0755-2553402 फैक्स : 0755-2552406

ई-मेल:mpwrdetenders@gmail.com,edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक-548/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक : 10.07.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 28.07.2023 को** 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2023_WRD _281796	बरियारपुर योजना की माइनर्स एवं वितरिकाओं का मरम्मत कार्य।	छतरपुर	9.76
2.	2023_WRD _285801	कुशलपुरा बांध हेतु कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय।	भोपाल	5.40
3.	2023_WRD _285805	के.सी.एस. दूधी बांध हेतु कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय।	भोपाल	5.40
4.	2023_WRD _285806	कलियासोत बांध भोपाल हेतु कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय।	भोपाल	5.40
5.	2023_WRD _285807	मोहनपुरा बांध, राजगढ़ हेतु कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय।	भोपाल	5.70
6.	2023_WRD _285808	मुडला बांध हेतु कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय।	भोपाल	3.62
7.	2023_WRD _285810	बांकपुरा बांध, हेतु अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य।	भोपाल	3.62
8.	2023_WRD _285814	सापन एल.आई.एस. हेतु कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय	भोपाल	1.99
9.	2023_WRD _285815	रेहटी बांध, पर कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय।	भोपाल	2.85
10.	2023_WRD _285817	बघ्ररु बांध, हेतु कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय।	भोपाल	2.85
11.	2023_WRD _285819	पार्वती परियोजना के डूब क्षेत्र में स्थित झरकिया रोड ग्राम में 11 के.वी. लाइन शिफ्टिंग एवं डिसमेंटलिंग का कार्य।	भोपाल	1.00
12.	2023_WRD _286423	मोहिनी पिकअप वियर पर रेडियल गेटों के संचालन हेतु डीजी कक्ष से कंट्रोल पैनल कक्ष तक इलेक्ट्रिकल केबिल का प्रदाय एवं लगाने का कार्य।	दतिया	2.98
13.	2023_WRD _286710	पार्वती परियोजना, जमुनिया गणेश पुनर्वास कॉलोनी पर ट्यूबवेल हेतु एल.टी. लाइन संस्थापन का कार्य।	भोपाल	2.13
14.	2023_WRD _286713	सीप कोलार लिंक प्रोजेक्ट बांध, कालदेव वियर एवं घोड़ापछाड़ बांध के 6 नग स्लूस गेट पर वायर रोप बदलने का कार्य।	भोपाल	1.13
15.	2023_WRD _286715	जिला राजगढ़ के विभिन्न माइनर टैंक्स का ऑइलिंग, ग्रीसिंग एवं सुधार कार्य।	भोपाल	4.91
16.	2023_WRD _286716	घोघरा बांध के 25 नग ऑटोमेटिक टिल्टिंग बेस्ट वियर गेर्टस का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	भोपाल	7.16
17.	2023_WRD _286718	कार्यालय मुख्य अभियंता चम्बल वेतवा कछार एवं अधीनस्थ कार्यालयों में एयर कंडीशनर, वाटर कूलर मशीन एवं आर.ओ. प्यूरीफायर का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	1.12
18.	2023_WRD _287132	पिपलिया साहब बैराज एवं स्टाप डेम के लिए 20 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	17.94
19.	2023_WRD _287137	चैना स्टाप डेम के लिए 5 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	4.39
20.	2023_WRD _287138	पाडसुतिया बैराज के लिए 10 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	8.34
21.	2023_WRD _287140	अमलार बैराज स्टाप डेम के लिए 29 नग जलद्वार लीफ असेम्बली का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	17.23
22.	2023_WRD _287141	डिगडोली स्टाप डेम के लिए 8 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	7.93
23.	2023_WRD _287143	कनावर बैराज के लिए 5 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	5.75
24.	2023_WRD _287144	मोदनदी बैराज के लिए 5 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	11.31
25.	2023_WRD _287145	पाली स्टाप डेम के लिए 10 नया जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	6.55
26.	2023_WRD _287147	सीमार स्टाप डेम के लिए 5 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	4.19
27.	2023_WRD _287148	कुमर्रा स्टाप डेम के लिए 10 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	6.55
28.	2023_WRD _287151	हनुमान सागर बांध का सर्वेक्षण कार्य।	सतना	11.29
29.	2023_WRD _287266	अम्बा माता तालाब योजना पर रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य।	नीमच	15.95
30.	2023_WRD _287267	मोरवन मध्यम तालाब योजना के सेक्शन कार्यालय में रिपेयरिंग, रंगाई, पुताई, तालाब का रख रखाव एवं एक्वाडक्ट का मरम्मत कार्य।	नीमच	7.51
31	2023_WRD _287268	लापिया तालाब की मुख्य नहर का रख रखाव एवं चेनपुरा तालाब की स्पिल चैनल पर खुदाई कार्य।	नीमच	3.79
32.	2023_WRD _287420	अपर ककेटो बांध के रेडियल के गेटों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	1.00
33.	2023_WRD _287422	मशीन सी.टी. 85 क्र. 05 के सुधार कार्य हेतु कलपुर्जो का क्रय।	भोपाल	2.36
34.	2023_WRD _287423	तिघरा बांध के रेडियल के गेटों का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	0.83
35.	2023_WRD _287425	मशीन सी.टी. 85 क्र. 05 एवं डी.50 ए 15 क्र. 33 के सुधार कार्य हेतु कलपुर्जो का क्रय।	भोपाल	1.57
36.	2023_WRD _287427	मशीन डी 50 ए 15 क्र. 36 एवं डी. 50 ए 15 क्र. 37 के सुधार कार्य हेतु कलपुर्जो का क्रय।	भोपाल	2.44
37.	2023_WRD _287428	कोतवाल बांध के रेडियल के गेटों का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	2.32
38.	2023_WRD _287429	मशीन सी.टी. 85 क्र. 05 एवं का सुधार कार्य।	भोपाल	1.59
39.	2023_WRD _287430	मशीन डी 50 ए 15 क्र. 33 का सुधार कार्य।	भोपाल	1.84
40.	2023_WRD _287431	मशीन डी 50 ए 15 क्र. 36 एवं डी 50 ए 15 क्र. 37 का सुधार कर्य।	भोपाल	1.43
41.	2023_WRD _287490	तवा बांयी तट मुख्य नहर की चैन के चेन क्र. 3698 से 4082 के क्षतिग्रस्त नहर का विशेष मरम्मत कार्य।	हरदा	4.83
42.	2023_WRD _287491	हरदुआ मैमारी तालाब योजना के स्लूस गेट का मरम्मत कार्य।	पन्ना	17.25
43.	2023_WRD _287765	निश्चिंतपुर जलाशय (नहर रहित) का सर्वेक्षण कार्य।	नर्मदापुरम्	0.91
44.	2023_WRD _287855	तवा परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर के चैन 121, 214 एवं 244 के सी.डी. मरम्मत का कार्य। (पंचम आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	5.68
45.	2023_WRD _287878	खण्डवा के अंतर्गत विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं/बांध हेतु 03 नग कुशल एवं 02 नग अकुशल श्रमिकों का प्रदाय।	धार	6.73
46.	2023_WRD _287894	बरखेड़ा सिंचाई परियोजना के बांध हेतु 01 नग कुशल एवं 02 नग अकुशल श्रमिकों का प्रदाय।	धार	3.72
47.	2023_WRD _287898	माही मुख्य बांध हेतु 01 नग कुशल एवं 02 नग अकुशल श्रमिकों का प्रदाय।	धार	2.55
48.	2023_WRD _288255	जल संसाधन संभाग, भोपाल के कैम्पस एवं भवन के वार्षिक रखरखाव का कार्य। (द्वीतीय आमंत्रण)	भोपाल	6.91
49.	2023_WRD _288257	मुख्य अभियंता (वि/या) बांध सुरक्षा भवन, भोपाल में मैन पावर का प्रदाय। (द्वीतीय आमंत्रण)	भोपाल	13.18
50.	2023_WRD _288258	मुख्य अभियंता (वि/या) बांध सुरक्षा भवन, भोपाल में इलेक्ट्रीकल्स, हार्डवेयर, सेनेटरी एवं अन्य कार्य अंतर्गत रखरखाव कार्य। (द्वीतीय आमंत्रण)	भोपाल	3.41
51.	2023_WRD _288259	विश्वेसरैया भवन, भोपल में इपीएबीएक्स सिस्टम के वार्षिक रखरखाव का कार्य। (द्वीतीय आमंत्रण)	भोपाल	2.38
52.	2023_WRD _288261	बरगी कॉलोनी परिसर, भोपाल की हाउसकीपिंग का कार्य।	भोपाल	3.29
53.	2023_WRD _288262	कोलार कॉलोनी परिसर, भोपाल की हाउसकीपिंग का कार्य।	भोपाल	6.94
54.	2023_WRD _288263	कोलार कॉलोनी के गैररहवासी भवन भोपाल की हाउसकीपिंग का कार्य।	भोपाल	4.71
			कुल योग	**293.60**

जी-16661/48818/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)

5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal–462011 (M.P.)

No./11235/GM(Tender)/WB/MPRCP/2023 **Bhopal, Dated : 19.07.2023**

IFB No. WB – 10 TO 15 (LAB EQUIPMENT)

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** Supply, Installation and Commissioning of Lab Equipment for Madhya Pradesh Rural Road Academy and Rural Road Network Management Unit under Strengthening Design, Research and Quality Assurance Capacity as given below as under :-

S. No.	IFB No.	Description	Quantity	Bid Security (in Rs.)	Cost of Bid Document including 18% GST	Consignee
1.	WB–10 (Lab Equipment)	Madhya Pradesh Rural Road Academy Bhopal	As per List attached in RFP	62300	11800	As per tender document
2.	WB–11 (Lab Equipment)	Rural Road Network Management Unit Bhopal and Sagar and PIUs	As per List attached in RFP	97800	11800	As per tender document
3.	WB–12 (Lab Equipment)	Rural Road Network Management Unit Gwalior and PIUs	As per List attached in RFP	35800	5900	As per tender document
4.	WB–13 (Lab Equipment)	Rural Road Network Management Unit Indore and Ujjain and PIUs	As per List attached in RFP	83400	11800	As per tender document
5.	WB–14 (Lab Equipment)	Rural Road Network Management Unit Jabalpur and PIUs	As per List attached in RFP	60200	11800	As per tender document
6.	WB–15 (Lab Equipment)	Rural Road Network Management Unit Rewa and PIUs	As per List attached in RFP	47500	5900	As per tender document

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **19.07.2023 from 17:30 hrs.** 2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/110916/2023 R-48832/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

असंभव क्षेत्र में जल उद्वहन योजना को साकार किया गया - मुख्यमंत्री

बड़वानी, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में विकास पर्व का शुभारंभ करते हुए निमाड़ के दो जिलों की जनता को 1328 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बनी नागलवाड़ी और पाटी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाएं समर्पित कीं।

मुख्यमंत्री ने विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2018 में स्थानीय जन-प्रतिनिधियों द्वारा की गई मांग आज पूरी हो गई है। प्रदेश सरकार ने असंभव क्षेत्रों में जल पहुंचाने के संकल्प को साकार कर दिया है। पहाड़ी क्षेत्रों में नहर से पानी पहुंचाना संभव नहीं था, तो हमने पानी को उद्वहन करके खेतों तक पहुंचाया। किसानों की जिंदगी में खुशहाली लाने के लिए ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे और यही मेरा संकल्प भी है। मुख्यमंत्री ने निमाड़ की जनता को एक और सौगात देते हुए नागलवाड़ी में लोकदेवता भीलट देव का लोक बनाने की घोषणा की। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि जल्द ही इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए विशेषज्ञों के दल की विजिट करायी जाए।

श्री चौहान ने कहा कि गरीब वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए सीएम राइज स्कूल की संकल्पना प्रारम्भ की गई है। इन स्कूलों में लायब्रेरी, उत्कृष्ट लैब, आने-जाने के लिए स्कूल बस और स्मार्ट क्लास बनाई गई है। स्मार्ट क्लास भी ऐसी की अगर जरूरत हुई तो दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों के शिक्षक से भी जुड़ सकते हैं।

चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर बेटियों को बोझ नहीं बनने दिया जाएगा। प्रदेश में अब तक 47 लाख लाड़ली लक्ष्मी हो गई हैं, जिन्हें कॉलेज में आते-आते 12 हजार 500 रुपये मिलने लगेंगे। बेटियों को राजनीति में भी बराबर का भागीदार बनाया गया है। आधी सीटों पर बेटियों को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया, तो आज हमारी कई बहनें महापौर तो कई जिला पंचायत अध्यक्ष और जनपद अध्यक्ष बन गई हैं। इसके अलावा अगर कोई जमीन, मकान या दुकान बहनों के नाम पर खरीदता है तो उस पर 1 प्रतिशत स्टॉम्प शुल्क लगेगा। वहीं पुलिस में भी 30 प्रतिशत भर्ती बहनों की होगी।

बालाघाट में शीघ्र होगा मेडिकल कॉलेज भूमिपूजन - मुख्यमंत्री

बालाघाट, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मेडिकल कॉलेज बालाघाट जिले के नागरिकों की आवश्यकता के साथ ही उनका अधिकार भी था। राज्य शासन ने इसे अनुभव करते हुए मेडिकल कॉलेज की मंजूरी दी है। मेडिकल कॉलेज के लिए शीघ्र ही भूमि-पूजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार ने बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर ध्यान नहीं दिया। वर्तमान सरकार ने नागरिकों की बुनियादी आवश्यकताओं जैसे सड़क, पानी, बिजली की व्यवस्थाएं करते हुए विभिन्न स्थानों पर स्कूल और कॉलेज के निर्माण और विकास पर ध्यान दिया।।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बालाघाट में मेडिकल कॉलेज की जरूरत को पूरा करते हुए इसे प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। इसके लिए श्री चौहान अभिनंदन के पात्र हैं। मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में आज बालाघाट जिले के नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का बालाघाट में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने के निर्णय पर आभार व्यक्त किया।

विकास पर्व

विकास कार्यों के साथ ही जनता की समस्याओं का समाधान होगा - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान राजगढ़ जिले में विकास पर्व कार्यक्रम के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुये

राजगढ़, मैं मुख्यमंत्री और आप जनता नहीं, हम सब एक परिवार हैं। सरकार को आपका भाई, आपका मामा चला रहा है। आपका स्नेह और प्रेम देखकर मैं अभिभूत हूं। मेरी बहनों ने मुझ पर फूलों की वर्षा की है, मैं संकल्प लेता हूं कि उनके मार्ग में कभी कांटे नहीं आने दूंगा। प्रदेश में विकास पर्व मनाया जा रहा है, जिसमें विकास कार्यों के साथ ही जनता की समस्याओं का अधिकतम समाधान होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्यावरा, राजगढ़ में विकास यात्रा के बाद विकास पर्व में अपार जन-समुदाय को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने 33 करोड़ 78 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि-पूजन किया। इनमें 100 सीटर बालक-बालिका छात्रावास और 6 मार्गों का लोकार्पण एवं एक मार्ग का भूमि-पूजन शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे है। अधूरी नल-जल योजनाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा जिससे नागरिकों को उनका लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस मिशन के माध्यम से ग्रामीण बहनों के हित में ऐतिहासिक कार्य किया है। सभी ग्रामों में नल से पानी देंगे, ताकि घर में ही महिलाओं को पानी मिल जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूखी खेती का दर्द किसान ही जानता है। राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक खेत में सिंचाई का पानी पहुंचाना है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में जनता की जिन्दगी बदलने का अभियान चल रहा है। लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह और संबल जैसी योजनाओं तथा आजीविका मिशन आदि के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण किया जा रहा है। प्रदेश में रोज़गार के लिये मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, युवा उद्यम क्रांति योजना एवं अन्य स्व-रोज़गार योजनाएं संचालित हैं। एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है और इसके पूर्ण होने पर 50 हजार और भर्तियां की जायेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने जनता के कल्याण की अनेक योजनाएं बंद कर दी थीं। हमारी सरकार ने मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण, सायकिल प्रदाय, प्रसूति सहायता, आहार अनुदान, कन्या विवाह में सहायता जैसी योजनाओं को पुन: प्रारंभ किया। बहनों को 2 करोड़ वार्षिक आय वाले टोल टैक्स संचालन के लिये दिये जा रहे हैं, जिसकी आय में से 30 प्रतिशत राशि बहनों को दी जायेगी। विभिन्न योजनाओं को मैदानी स्तर पर लागू करने का कार्य भी लाड़ली बहनाओं को सौंपा गया है। सरकार छोटे कर्मचारियों को भी अधिक से अधिक लाभ देकर उनका जीवन बेहतर बना रही है।

श्री चौहान ने कहा कि पूर्व सरकार ने किसानों का कर्ज माफ करने के नाम पर उनके ऊपर भारी ब्याज लाद दिया, जिसे वर्तमान सरकार ने उतारा। राजगढ़ जिले से ही किसानों की 2200 करोड़ रुपये की ब्याज राशि भरने की शुरुआत की गई थी। मध्यप्रदेश पहला राज्य था, जिसने किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने का कार्य किया।

ब्यावरा में मुख्यमंत्री के विकास पर्व के रोड-शो में उमड़ा जनसैलाब

राजगढ़, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ब्यावरा में विकास पर्व के कार्यक्रम में शामिल हुए। रोड-शो में नगरवासियों ने पुष्प-वर्षा तथा फूल-माला पहना कर अभिनंदन किया। लगभग 4 किलोमीटर तक 2 घंटे से भी अधिक चले रोड-शो में जनता का उत्साह और जनसैलाब देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो प्रत्येक नगरवासी अपने प्रिय मुख्यमंत्री के रोड-शो में शामिल होने घर से निकल पड़ा हो। बच्चों, महिलाओं, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई अपने घर से बाहर निकल कर मुख्यमंत्री के स्वागत को आतुर दिखा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ब्यावरा में रोड-शो करते हुए

मुख्यमंत्री ने भी नगरवासियों का अभिवादन किया। बहनें अपने लाड़ले भैया तथा बेटियां भी प्रिय मामा को अपने बीच पाकर प्रसन्न दिखीं। रोड-शो शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा। अनेक संस्थाओं, संघों, संगठनों द्वारा बनाए गए 50 से अधिक मंचों से नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का स्वागत किया। नागरिकों द्वारा छत और बालकनी से भी पुष्प-वर्षा की गई।

श्री चौहान का हर व्यक्ति के साथ आत्मीय संबंध की बानगी रोड-शो में तब देखने मिली, जब वे कुछ कदम चलने के बाद ही रथ से उतरकर खुली कार में रोड-शो में शामिल हुए। चार किलोमीटर लम्बे रोड-शो के दौरान कई बार वे कार से उतरकर लोगों के बीच आए, उनसे हाथ मिलाया, माला पहनाई और भेंट किए गए पगड़ी, श्रीफल और स्मृति-चिन्ह आत्मीयता से स्वीकार किए। मुख्यमंत्री रास्ते में कई स्वागत मंचों पर भी लोगों से मिले। मुख्यमंत्री ने भी फूल माला पहनाकर लोगों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री को रोड-शो के दौरान किसानों ने किसान का प्रतीक हल भेंट किया। कृषि की तरक्की और किसानों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए आभार माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की उन्नति और तरक्की के लिए मैं दिन-रात काम करूंगा। स्व-सहायता समूह की दीदियों ने अपने प्रिय भैया श्री चौहान को स्वनिर्मित राखी भेंट की। दीदियों ने कहा कि राखी भेंट करते हुए ऐसे लगा जैसे रक्षाबंधन आज ही हो। उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के 1000 रुपये खाते में आने पर मुख्यमंत्री को हृदय से धन्यवाद दिया और कहा कि आप हमारे सगे भाई से कम नहीं हो।

स्वास्थ्य से जुड़े सवालों के उत्तर अब युवाओं की उंगलियों पर - स्वास्थ्य मंत्री

भोपाल, स्वास्थ्य से जुड़े सवालों के उत्तर युवाओं की उंगलियों पर होंगे। प्रदेश में नवाचार के तौर पर 'जस्ट आस्क/खुलके पूछो' चैटबॉट शुरू हो गया है। ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित चैटबॉट से युवा उनके मन में उठने वाले प्रश्नों का उत्तर पा सकेंगे। चैटबॉट का उपयोग करना बहुत सरल है। बच्चों के मन में चलने वाले विचारों और सवालों का समाधान चैटबॉट देगा। ये बातें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भोपाल में 'जस्ट आस्क/खुलके पूछो' चैटबॉट का शुभारंभ करते हुए कहीं।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार उन्नति कर रहा है। स्वास्थ्य संस्थाओं में आधुनिक और उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह भी एक संयोग है कि ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित देश का पहला चैटबॉट प्रदेश में शुरू हो रहा है। उन्होंने चैटबॉट को विकसित करने और इस नवाचार को प्रदेश में शुरू करने के लिये संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष का आभार माना। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की भारत प्रतिनिधि और भूटान की कंट्री डायरेक्टर सुश्री एंड्रिया एम. वोज्नार के साथ चैटबॉट का अनावरण किया।

यूएनएफपीए की भारत प्रतिनिधि एवं भूटान की कंट्री डायरेक्टर सुश्री वोज्नार ने कहा कि युवाओं और व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों की आवश्यकता होती है। इस चैटबॉट से सामाजिक और व्यक्तिगत मुद्दों के साथ विभिन्न शारीरिक परिवर्तनों मासिक धर्म, प्रजनन स्वास्थ्य, गर्भावस्था, परिवार नियोजन सहित अन्य विषयों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'खुलके पूछो चैटबॉट' संचार के सबसे अधिक लोकप्रिय तरीके का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित करता है कि स्वास्थ्य से जुड़े सवालों के जवाब युवाओं की उंगलियों पर रहें।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि चैटबॉट आसानी से प्रयोग किया जाने वाला साधन है। यह समय के साथ युवाओं के लिये सबसे अधिक विश्वसनीय मददगार साबित होगा। उन्होंने चैटबॉट से अधिक से अधिक युवा परिचित हों, इसके लिये चैटबॉट की जानकारी देने अधिकारियों को निर्देश दिये। स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि चैटबॉट युवाओं के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के सही-सही उत्तर देने में सक्षम होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सायबर क्राइम से लोगों को बचाने चलायें व्यापक अभियान - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सायबर अपराधों पर रोकथाम के लिए चर्चा करते हुये

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की विशेष बैठक बुला कर राजधानी में ऑनलाइन ऋण प्राप्त करने वाले एक परिवार द्वारा आत्महत्या किए जाने की जानकारी लेकर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को देखते हुए सायबर अपराधों पर सख्त नियंत्रण की आवश्यकता है। परिवारों को इस तरह बर्बाद होते नहीं देखा जा सकता। तकनीक का उपयोग कर ऐसी घटनाओं को रोका जाये और दोषियों को दंडित करें। लोगों को सायबर क्राइम से बचाने के लिए व्यापक अभियान भी चलाया जाए।

श्री चौहान ने पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना, पुलिस आयुक्त भोपाल श्री हरिनारायण चारी मिश्र और अन्य अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत निर्देश दिए।

- ऐसे प्रयास हों कि भोपाल और प्रदेश के अन्य स्थानों के नागरिक इस तरह के दुष्चक्र में न फंसें।
- आमजन को आवश्यक जानकारियां देकर जागरूक बनाएं। परिवारों को संकट से बचाने के लिए सभी प्रयास करें।
- सायबर क्राइम से बचने के लिए बड़े पैमाने पर चलाएं जागरूकता अभियान।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए आवश्यक जनजागरूकता की जरूरत है। इसके लिए एक पृथक कार्य-योजना बनाकर अमल किया जाए। जनता को ऑनलाइन ऋण उपलब्ध कराने के ऑफर देने वाले लोगों पर नजर रखी जाए। जिस एप के माध्यम से यह अपराध होते हैं, उनका संचालन करने वालों की धर पकड़ की जाएं। यदि स्थानीय लोग इनमें शामिल नहीं हैं और देश के अन्य स्थानों या विदेश से ऐसी अवैध गतिविधियों का संचालन हो रहा हो तो उन तक पहुंचने के लिए दल भी भेजे जाएं। लोगों को पैसा दिलवाने का लोभ देकर उन्हें ठगने वाले लोगों के विरुद्ध हर व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए। पुलिस द्वारा भी इस संबंध में व्यापक अभियान संचालित होना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऋण के दुष्चक्र में फंसने वाला व्यक्ति विवश होकर आत्महत्या जैसा कदम उठाए, उसके पूर्व प्राप्त शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही की जाए।

हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई

एमबीबीएस के अंग्रेजी किताबों के लिप्यंतरण के लिये किया जायेगा सॉफ्टवेयर का उपयोग

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल स्थित गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में हिंदी चिकित्सा प्रकोष्ठ 'मंदार' में एमबीबीएस द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष की पुस्तकों के लिप्यंतरण कार्य की समीक्षा की। बैठक में कार्य प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया गया कि ट्रांसलिट्रेशन के कार्य को गति प्रदान करने के लिये एआई की भी सहायता ली जायेगी। सॉफ्टवेयर से पाठ्यक्रम के तकनीकी शब्दों को चिंहित कर उनका शब्दकोष तैयार किया जायेगा। सॉफ्टवेयर के लिये ऑपरेटरों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इस पर मंत्री श्री सारंग ने सॉफ्टवेयर से तैयार किये गये शब्दकोष का सत्यापन करने के निर्देश दिये, जिससे गलती की संभावना न रहे। उन्होंने ट्रांसलिट्रेशन, सत्यापन, प्रूफ रीडिंग सहित सभी प्रक्रिया टाइमलाइन तैयार कर 15 सितंबर तक पूरी करने के भी निर्देश दिये।

ट्रांसलिट्रेशन टीम से वर्चुअल संवाद

श्री सारंग ने प्रक्रिया को सरल रखने के लिए निर्देशित किया। इससे किसी भी प्रकार की असमंजस की स्थिति न बनें। मंत्री श्री सारंग ने हिंदी चिकित्सा प्रकोष्ठ मंदार की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमने शून्य से शुरुआत की। पूरे देश में हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई की सराहना की जा रही है। यह पूरी टीम के अथक परिश्रम का ही परिणाम है। इस दौरान मंत्री श्री सारंग ने चिकित्सा पाठ्यक्रम के ट्रांसलिट्रेशन में जुटे शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के चिकित्सा शिक्षकों एवं समन्वयकों के साथ वर्चुअल संवाद के लिये निर्देशित किया।

आईटी सेल की स्थापना

बैठक में बताया गया कि यह पहली बार है जब सॉफ्टवेयर की सहायता से ट्रांसलिट्रेशन एवं कार्य की प्रगति का डैशबोर्ड भी बनाया जायेगा। इस पर श्री सारंग ने हिंदी चिकित्सा प्रकोष्ठ मंदार के लिये आईटी सेल की स्थापना के निर्देश दिये, जिससे पूरी प्रक्रिया की मॉनीटरिंग की जा सके। उन्होंने संपूर्ण प्रक्रिया को जटिल न करते हुए सरल बनाने के भी निर्देश दिये।

राज्य मदरसा बोर्ड में नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन 19 जुलाई से 31 अगस्त तक

भोपाल, राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा शिक्षा सत्र 2023-24 में मदरसा नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत पोर्टल पर 19 जुलाई से 31 अगस्त 2023 तक उपलब्ध कराई जा रही है। ऑनलाइन आवेदन से संबंधित आवश्यक सर्कुलर एवं अभिलेखों की विस्तृत जानकारी मदरसा बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट www.mpmb.org और एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल पर मदरसा-बोर्ड पेज पर उपलब्ध कराई गई है।

आवेदन करने की समय-सीमा निर्धारित है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

सड़क और फ्लाई-ओवर निर्माण के लिये 1881 करोड़ रुपये की स्वीकृति

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में संपन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में फोरलेन मार्ग और फ्लाई-ओवर निर्माण के क्षेत्रों में मंजूरी दी गई। केंद्रीय सड़क अधोसंरचना निधि अंतर्गत सीहोर जिले में मालीवाया से सलकनपुर-नीलकछार तक फोरलेन मार्ग का निर्माण 147 करोड़ 92 लाख रुपये तथा राज्य योजना मद आयोजन अंतर्गत खण्डवा जिले में इंदौर इच्छापुर मार्ग से ओंकारेश्वर नये बस स्टैण्ड तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य के लिए लागत 193 करोड़ 22 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी किये जाने का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गए अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- केन्द्रीय सड़क अधोसंरचना निधि आयोजन अंतर्गत सतना जिले में नागोद से मैहर वाया सुरदहा परसमनिया-रामपुर-मैहर मार्ग का निर्माण लागत राशि 178 करोड़ 22 लाख रुपये, सागर जिले में शाहपुर-रंगोली-गिरवर-भैंसवाही-हिनगन-ढाना भोकलपुर चौराहा (एन.एच.-44) तक मार्ग का निर्माण लागत राशि 129 करोड़ 81 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी किये जाने का अनुमोदन किया गया।
- केन्द्रीय सड़क अधोसंरचना निधि अंतर्गत भोपाल शहर में भोपाल-इंदौर मार्ग पर संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में सीवेज पंप हाउस लाऊखेड़ी से नगर निगम विसर्जन घाट तक फ्लाई-ओवर के निर्माण की लागत राशि रुपये 306 करोड़ 40 लाख एवं ग्वालियर शहर के अंतर्गत महारानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा से गिरवाई पुलिस चौकी ए.बी. रोड (एन.एच. 46) तक स्वर्णरेखा नदी पर फोरलेन एलीवेटेड कॉरिडोर/फ्लाई-ओवर के निर्माण की लागत राशि 926 करोड़ 21 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी किये जाने का अनुमोदन किया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में संशोधित प्रावधानों को प्रतिस्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।
- योजना अंतर्गत पात्रता की कण्डिका 3.3 को संशोधित कर प्रतिस्थापित किए जाने की स्वीकृति दी गयी, जो है- 'आवेदन के कैलेण्डर वर्ष में, 01 जनवरी की स्थिति में 21 वर्ष पूर्ण कर चुकी हो तथा 60 वर्ष की आयु से कम हो।' योजना अंतर्गत अपात्रता की कण्डिका 4.9 को संशोधित कर प्रतिस्थापित किए जाने की स्वीकृति दी गयी, जो है- 'जिनके परिवार के सदस्यों के नाम से पंजीकृत चार पहिया वाहन (ट्रैक्टर को छोड़कर) हो, वे योजना के लिये अपात्र होंगी। यहां पर परिवार की परिभाषा कण्डिका 2.2 के अनुसार ही मान्य होगी।' दोनों संशोधनों के फलस्वरूप पात्र नवीन महिला हितग्राहियों की संभावित संख्या लगभग 18 लाख हो जाएगी। इससे इस वित्तीय वर्ष में 1260 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।
- मंत्रिपरिषद द्वारा शासकीय सेवकों को सातवें वेतनमान में देय महंगाई भत्ता की दर में एक जनवरी, 2023 (भुगतान माह फरवरी, 2023) से 4 प्रतिशत की वृद्धि की जाकर 42 प्रतिशत करने एवं राज्य शासन के छठवें वेतनमान में कार्यरत शासकीय सेवकों तथा राज्य शासन के उपक्रमों/निगमों/मण्डलों तथा अनुदान प्राप्त संस्थाओं के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत शासकीय सेवकों के लिये चौथे एवं पांचवें वेतनमान में अनुपातिक आधार पर महंगाई भत्ते में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया।
- राज्य शासन के सातवें वेतनमान अंतर्गत कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की कुल बढ़ी हुई दर 42 प्रतिशत के आधार पर नगद भुगतान एक जुलाई, 2023 (भुगतान माह अगस्त, 2023) से किया जायेगा। एक जनवरी 2023 से 30 जून 2023 तक की एरियर राशि का भुगतान 3 समान किश्तों में माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर, 2023 में करने के लिए निर्णय लिया गया।
- कर्मचारियों को देय महंगाई भत्ता में एक जनवरी 2023 से 4 प्रतिशत की वृद्धि किये जाने तथा एरियर का भुगतान करने के फलस्वरूप इस वित्तीय वर्ष में 1520 करोड़ रुपये का अतिरिक्त अनुमानित व्यय भार संभावित है।
- मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, इंदौर द्वारा दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाय) के लिए आरईसी से प्राप्त दीर्घकालीन शेष ऋण राशि 343 करोड़ 91 लाख, जिस पर ब्याज दर 9.50 से 10.25 प्रतिशत है, को पी.एन.बी. से ऋण की शेष अवधि 9 वर्ष के लिए रिफायनेंस कराया गया है, जिसकी वर्तमान ब्याज दर 8 प्रतिशत है। लगभग 10 करोड़ 29 लाख रुपये की बचत संभावित है। इसलिए पी.एन.बी. से प्राप्त उक्त ऋण के लिये 343 करोड़ 91 लाख रुपये की प्रत्याभूति प्रदान की जाये।
- प्रत्याभूति पर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, इंदौर द्वारा नियमानुसार प्रत्याभूति शुल्क दिये जाये की मंत्रिपरिषद ने स्वीकृति दी।
- नवगठित जिला निवाड़ी के लिये किसान-कल्याण तथा कृषि विकास विभाग अंतर्गत दो जिला कार्यालय उप संचालक, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास और परियोजना संचालक आत्मा की स्थापना को स्वीकृति दी गई। दोनों कार्यालयों में कुल मिलाकर 19 पद की स्वीकृति दी गई।
- इस स्वीकृति से वर्तमान में किसान-कल्याण तथा कृषि विकास विभाग का, जो जिला स्तरीय कार्यालय टीकमगढ़ से संचालित होता था, वह अब नवीन जिला मुख्यालय निवाड़ी से संचालित होगा, इससे निवाड़ी जिले के किसानों को लाभ मिलेगा।
- मंत्रिपरिषद द्वारा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता-संरक्षण विभाग की वार्ड क्र. 18, देवगांव, पिपरिया जिला नर्मदापुरम, म.प्र. स्थित भूमि परिसम्पत्ति, जिसका खसरा क्रमांक 21/4 कुल क्षेत्रफल 2140 वर्गमीटर के निर्वर्तन के लिए आमंत्रित तृतीय निविदा के H-1 निविदाकार उच्चतम निविदा राशि रुपये 4,81,50,000/- (चार करोड़ इक्यासी लाख पचास हजार रुपये मात्र) जो कि रिजर्व मूल्य राशि रुपये 2 करोड़ 14 लाख का 2.25 गुना है, का अनुमोदन करते हुए उसे विक्रय करने एवं H-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा की जाए, का निर्णय लिया गया।
- राजस्व विभाग की वार्ड क्र. 21, सेमरिया रोड, सतना स्थित सतना बस डिपो परिसम्पत्ति प्लॉट क्रमांक एक क्षेत्रफल 2142.51 वर्गमीटर के निर्वर्तन के लिए आमंत्रित निविदा के H-1 निविदाकार उच्चतम निविदा राशि रुपये 16,99,99,999/- (सोलह करोड़ निन्यानवे लाख निन्यानवे हजार नौ सौ निन्यानवे रुपये मात्र) जो कि रिजर्व मूल्य राशि 15 करोड़ 21 लाख रुपये का 1.12 गुना है, की संस्तुति करते हुए उसे विक्रय करने एवं H-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा की जाए, का निर्णय लिया गया।
- विभिन्न विभागों में संविदा पर नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये जाने का अनुमोदन किया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

‘भूमि सम्मान 2023’

मध्यप्रदेश के सचिव राजस्व और पन्द्रह जिलों के कलेक्टर्स हुए सम्मानित

नई दिल्ली, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भूमि प्रबंधन और प्रशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये मध्यप्रदेश के सचिव राजस्व एवं आयुक्त भू-अभिलेख डॉ. संजय गोयल और 15 जिलों के कलेक्टर्स को ‘भूमि सम्मान 2023’ प्रदान किया। विज्ञान भवन में केन्द्रीय विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में 9 राज्यों के सचिवों और 68 कलेक्टर्स को पुरस्कार दिए गये। राज्य शासन की ओर से सचिव राजस्व एवं आयुक्त भू-अभिलेख डॉ. संजय गोयल एवं अपर सचिव श्री चंद्रशेखर वालिम्बे ने अपनी टीम के साथ पुरस्कार ग्रहण किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय पंचायतराज राज्य मंत्री श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते उपस्थित रहे। डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने राज्य एवं जिला दोनों ही श्रेणियों में देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने पुरस्कृत अधिकारियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीम के रूप में किये गये कार्य के परिणाम भी सुखद ही होते हैं। टीम में सुश्री नमिता खरे, श्री बृजेश नामदेव, श्री मुजीबउद्दीन खिलजी एवं श्री दिगपाल सिंह भी शामिल थे।

कार्यक्रम में आगर मालवा, अलीराजपुर, अनूपपुर, भोपाल, गुना, हरदा, इंदौर, खरगोन, नीमच, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उज्जैन, उमरिया और विदिशा जिलों को सम्मानित किया गया। आगर-मालवा का पुरस्कार संयुक्त कलेक्टर श्री राजेन्द्र सिंह रघुवंशी, अलीराजपुर का अपर कलेक्टर श्रीमती अनुपमा निनामा, अनूपपुर का कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ, भोपाल का अपर कलेक्टर श्रीमती माया अवस्थी, गुना का कलेक्टर श्री फ्रेंक नोबल ए, हरदा का कलेक्टर श्री ऋषि गर्ग, इंदौर का कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, खरगोन का डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार अगासिया, नीमच का अपर कलेक्टर सुश्री नेहा मीणा, सीधी का कलेक्टर श्री साकेत मालवीया, सिंगरौली का डिप्टी कलेक्टर श्री ऋषि पवार, टीकमगढ़ का संयुक्त कलेक्टर श्री संजय कुमार जैन, उज्जैन का कलेक्टर श्री कुमार पुरषोत्तम, उमरिया का भू-अभिलेख अधीक्षक श्री सतीश सोनी और विदिशा का पुरस्कार कलेक्टर श्री उमा शंकर भार्गव ने ग्रहण किया। विजेता जिलों ने डिजिटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के मुख्य घटकों में संतृप्ति हासिल कर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया है।

मध्यप्रदेश में दस्तक अभियान 31 अगस्त तक चलेगा

भोपाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार-कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। दस्तक अभियान 18 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगा। दस्तक अभियान में एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त दल घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि दस्तक दल जब उनके घर पहुंचे तो 5 वर्ष आयु तक के सभी बच्चों की जांच अवश्य करवायें। दस्तक दल द्वारा नवजात और बीमार बच्चों की जांच, गंभीर कुपोषित, गंभीर एनीमिया एवं निमोनिया की बच्चों में पहचान और प्रबंधन, दस्त रोग की पहचान और ओआरएस पैकेट का वितरण किया जाएगा और 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की दवा पिलाई जायेगी। दस्तक दल, आरबीएसके कार्यक्रम में जन्मजात विकृतियों का उपचार करेगा।

जनता की जिंदगी बदलना और प्रदेश का विकास हमारा मकसद

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सिवनी जिले में विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुये

सिवनी, जनता की जिंदगी बदलना और प्रदेश का विकास हमारी सरकार का मकसद है। प्रदेश में विकास पर्व मनाया जा रहा है, जिसमें बड़े पैमाने पर विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि-पूजन के साथ ही जनता को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। दीन-दुखियों का दुख दूर करना मेरा उद्देश्य है। जन-दर्शन के दौरान, मुझे एक बुजुर्ग अम्मा मिली, जिनका मकान टूट गया था। मैंने तुरंत उनको मकान बनाने के लिये स्वेच्छानुदान से ढाई लाख रुपये स्वीकृत किये। मैं किसी बहन की आंखों में आंसू नहीं रहने दूंगा, यह मेरा संकल्प है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सिवनी जिले में विकास पर्व में 287 करोड़ 48 लाख 39 हजार के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर परिवार की खुशहाली के लिये कार्य किये जा रहे हैं। लाड़ली बहनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता दी जा रही है, जिसे बढ़ाकर आगामी समय में 3000 तक किया जायेगा। वहीं गरीब किसान भाइयों को किसान सम्मान निधि में प्रतिवर्ष केन्द्र द्वारा दिये जाने वाली 6000 रुपये की राशि के साथ ही राज्य सरकार द्वारा भी 6000 रुपये दिये जाते हैं। वृद्धावस्था पेंशन की राशि को भी बढ़ा कर प्रतिमाह 1000 रुपये कर दिया गया है। गरीब परिवारों को नि:शुल्क राशन प्रदान किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना में अच्छे इलाज की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री की घोषणाएं

- **सिवनी नगर को नगर निगम बनाया जायेगा।**
- **कुरई में महाविद्यालय भवन बनाया जायेगा।**
- **नगर के मठ स्कूल का नवीन भवन बनेगा।**
- **नहरों को पक्का किया जायेगा।**
- **मंडी जलाशय में नहर का विस्तार कराया जायेगा।**
- **पावर ग्रिड हाउस तक सड़क निर्माण होगा।**

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के उत्थान के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। महिलाओं को आजीविका मिशन में विभिन्न व्यवसाय से जोड़कर स्व-सहायता समूहों को आत्म-निर्भर बनाया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है हर बहन की मासिक आय कम से कम 10 हजार रुपये हो, हर दीदी लखपति दीदी बने। ऐसे टोल नाके, जिनकी वार्षिक आय 2 करोड़ रुपये तक है, को बहनों को संचालन के लिये दिया जा रहा है। इन नाकों की एक लाख की आय पर बहनों को 30 हजार रुपये मिलेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। हर खेत को पानी और हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। पहले प्रदेश में सड़कों और सिंचाई की हालत बहुत खराब थी अब उत्तम गुणवत्ता की सड़कें हैं और सिंचाई क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। बिजली भी 24 घंटे मिलती है। सिंचाई के लिये इस क्षेत्र में पेंच डायवर्सन योजना बनाई गई है, नहरें पक्की करने का प्रोजेक्ट भी स्वीकृत किया गया है।

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग
मध्यप्रदेश शासन

आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

- अगस्त 2023 से नये सत्र में शासकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया www.dsd.mp.gov.in के माध्यम से प्रारंभ।
- समस्त आवेदकों को रजिस्ट्रेशन तथा च्वाइस फिलिंग करना अनिवार्य।
- दसवीं पश्चात आईटीआई में 2 वर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी म.प्र. राज्य ओपन स्कूल/माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा 12वीं समकक्षता योजना में 5564 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों द्वारा लाभ लिया गया है।
- ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग (DST) के अंतर्गत प्रशिक्षण के साथ-साथ उद्योगों में भी कार्य करने का अनुभव।
- रोज़गार के सुनहरे अवसर प्रतिष्ठित उद्योगों में प्राप्त करें, जैसे- मारुति/ट्राइडेंट लि./व्ही.ई. कमर्शियल लि./म.प्र. सहकारी दुग्ध संघ आदि के साथ एमओयू।
- World Skills Competition में इंटरनेशनल लेवल पर प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का अवसर।
- प्रवेश विवरण एवं अन्य जानकारी www.dsd.mp.gov.in पर उपलब्ध।





79 रोज़गारोन्मुख व्यवसाय

46200 से अधिक सीट्स

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य है। वर्तमान में युवाओं को आधुनिक, कौशल तकनीकी में हुनरमंद बनाना समय की आवश्यकता भी है। प्रदेश की सभी आईटीआई में इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग व्यवसाय के प्रशिक्षण के साथ-साथ वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, युवाओं को रोज़गार मूलक आधुनिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मध्यप्रदेश में स्किल्ड युवाओं को ग्लोबल पहचान मिले, यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

यशोधरा राजे सिंधिया
मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण,
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग, म.प्र. शासन

प्रदेश के युवाओं को उद्योगों एवं बाजार की आवश्यकता एवं मांग अनुरुप कौशल प्रदान करना एवं उन्हें रोज़गार एवं स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है, म.प्र. कौशल विकास एवं रोज़गार निर्माण बोर्ड माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के निर्देशन में इस दिशा में कार्य कर रहा है।

शैलेन्द्र शर्मा
अध्यक्ष, म.प्र. राज्य कौशल विकास एवं
रोज़गार निर्माण बोर्ड, भोपाल

प्रदेश के युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरुप आधुनिकतम कौशल उपलब्ध कराना एवं वैश्विक बाजार में राज्य की प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण रोज़गार उपलब्ध हो, बोर्ड इस दिशा में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मंशा अनुसार माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व में निरंतर प्रयासरत है।

नरेन्द्र बिरथरे
उपाध्यक्ष, म.प्र. राज्य कौशल विकास एवं
रोज़गार निर्माण बोर्ड, भोपाल

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023
D-11060/R-48807/2023

कमला हैरिस ने

सीनेट में टाई-ब्रेकिंग वोट के साथ रचा इतिहास

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सीनेट में

एक मतदान में दोनों पक्षों के समान वोट पड़ने की स्थिति में अपना मत (टाई ब्रेकिंग वोट) डालकर अमेरिका के इतिहास में एक और नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। इस तरह हैरिस ने उपराष्ट्रपति के रूप में टाई-ब्रेकिंग वोट डालने के 191 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की और संघीय एजेंसी की सदस्य के रूप में भारतीय मूल की कल्पना कोटागल के नामांकन का समर्थन किया। हैरिस ने सीनेटर जॉन सी कैलहॉन के रिकॉर्ड की बराबरी की।

दक्षिण कोरिया में

पहली बार जुड़वा पांडा जन्मे

दक्षिण कोरिया में पहली बार किसी मादा पांडा ने जुड़वा

बच्चों को जन्म दिया है। दोनों बच्चे मादा हैं। इनका जन्म कुछ दिनों पहले हुआ है। इन बच्चों ने कुछ समय के अंतराल पर एवरलैंड थीम पार्क जू में जन्म लिया।

हीट डे

इस वर्ष 6 जुलाई का दिन सबसे गर्म रहा

इस वर्ष 6 जुलाई का दिन 1,00,000 साल में सबसे

ज्यादा तापमान वाला दिन है। यूनिवर्सिटी ऑफ मेन के क्लाइमेट रीएनालाइजर के अनुसार वैश्विक औसत तापमान 17.23 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया था। रिकॉर्ड तोड़ने वाला यह तापमान एक सप्ताह तक रहा। जानकारी के अनुसार औसत वैश्विक तापमान में 17.01 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हुई जो NCEP के आंकड़ों में सबसे ज्यादा है। NCEP के डेटा के मुताबिक अगस्त 2016 में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़े थे। तब तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस था।

सुल्तान अल नेयादी ने

बोस्फोरस स्ट्रेट की फोटो साझा की

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अंतरिक्ष यात्री सुल्तान

अल नेयादी ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बोस्फोरस स्ट्रेट की ली गई तस्वीरों को साझा किया है। अल नेयादी ने लिखा 'बोस्फोरस स्ट्रेट वह अनोखी जगह है, जो यूरोप और एशिया महाद्वीपों की सीमा को विभाजित करती है।

नासा ने मनाई

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की पहली वर्षगांठ

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के अंतरिक्ष में काम करते हुए पहला वर्ष पूरा होने का जश्न मनाने के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा ली गई

एक छोटे तारेनुमा क्षेत्र की एक नई छवि जारी की है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने पृथ्वी से लगभग 15,00,000 किलोमीटर दूर अपने स्थान से अंतरिक्ष के निर्वात में वैज्ञानिक संचालन का एक वर्ष पूर्ण कर लिया गया है, दुनिया की सबसे शक्तिशाली वेधशाला ने संचालन के अपने पहले वर्ष में वही काम किया जो उसे करने के लिए कहा गया।

एलन मस्क ने

नई कंपनी लॉन्च की

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ और ट्विटर के

मालिक एलन मस्क ने ब्रह्मांड की वास्तविक प्रकृति को समझने के गोल के साथ अब नयी एआई कंपनी की शुरुआत की घोषणा की है। इस कंपनी का नाम एक्सआई है। वेबसाइट के अनुसार मस्क और उनकी टीम ट्विटर स्पेस चैट में उनसे जुड़ी' ज्यादा जानकारी शेयर करेगी इस टीम में डीप माइंड, ओपन एआई, गूगल रिसर्च, माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च और टेस्ला में काम कर चुके लोग हैं।

गीता राव गुप्ता

एंबेसडर एट लार्ज बनीं

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारतवंशी

गीता राव गुप्ता को विदेश मंत्रालय में महिलाओं से संबंधित वैश्विक मुद्दों के लिए एंबेसडर एट लार्ज पद की शपथ दिलाई। इस साल मई में अमेरिकी सीनेट में हुए मतदान में गुप्ता ने 47 के मुकाबले 51 मत हासिल किए, जिसके बाद उनके नाम पर मुहर लगी थी। पदस्थापना के बाद गीता ने कहा, दुनिया भर में महिलाओं को कई असमानताओं और अपमान का सामना करना पड़ता है, जो उन्हें अर्थव्यवस्था में पूरी तरह शामिल होने से रोकता है।

प्रीति अघलायम

आईआईटी की पहली महिला डायरेक्टर बनीं

प्रीति अघलायम को आईआईटी मद्रास की देखरेख

में जांजीबार (तंजानिया) में बन रहे कैंपस का डायरेक्टर बनाया गया है। वे किसी आईआईटी कैंपस की पहली महिला डायरेक्टर होंगी। उन्होंने आईआईटी मद्रास से बीटेक और यूनिवर्सिटी ऑफ रॉचेस्टर से केमिकल इंजीनियरिंग में एम.एस. किया था। उन्होंने 2010 में आईआईटी मद्रास ज्वॉइन किया, वह केमिकल इंजीनियरिंग की प्रोफेसर हैं।

गैरी स्टीड

2025 तक बने रहेंगे न्यूजीलैंड के कोच

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अलग-अलग प्रारूप के लिए



अलग कोच रखने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। अब गैरी स्टीड दो साल तक टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट के हाई परफॉर्मेंस महाप्रबंधक ब्रायन स्ट्रोनाक ने कहा कि स्टीड को 2018 में नियुक्त किया गया था और दूसरी बार उनका कार्यकाल बढ़ाया गया है। स्टीड 2025 तक कोच की भूमिका निभाएंगे।

यूएन कॉन्फ्रेंस में

51 रोबोट हुए शामिल

संयुक्त राष्ट्र के दो दिन के 'एआई फॉर गुड' समिट में रिकॉर्ड संख्या में 51 रोबोट शामिल हुए। उन्होंने बकाया समिट को संबोधित भी किया। इस सम्मेलन का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ जिनेवा ने किया। इन रोबोट के साथ तकरीबन 3000 विशेषज्ञ भी



शामिल हुए। सम्मेलन का मकसद जलवायु परिवर्तन, भूख और सामाजिक देखभाल जैसे मुद्दों के समाधान में रोबोट के उपयोग पर विचार करना था।

कोरल रीफ बचाने के लिए

पानी के अंदर किया संगीत शो

अमेरिकी प्रांत फ्लोरिडा में समुद्री कोरल रीफ को बचाने

के लिए सिंगर तमारा ब्रेडोवा ने जलपरी बनकर पानी के अंदर संगीत शो किया। उन्होंने पानी में खास वाघयंत्र यूकुलेले बजाया और गाना पेश किया, उनके साथ केली एंजेल और लोअर क्रीज ने गिटार बजाया।

न्यूजीलैंड में

ज्वालामुखी के मालिकों पर चलेगा केस

वर्ष 2019 में न्यूजीलैंड के जिस ज्वालामुखी के फटने से

22 लोगों की मौत हो गई थी, उसके मालिकों पर केस चलेगा। यह ज्वालामुखी जेम्स, पीटर और एंड्रयू बटल भाइयों की संपत्ति है। इस हफ्ते उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई थी। यह ज्वालामुखी वाकारी व्हाइट द्वीप पर है। 1936 में ऑकलैंड के शेयर ब्रोकर जॉर्ज बटल ने यह जमीन खरीदी थी।

दिलप्रीत सिंह

पोलिग्रास पुरस्कार के लिए नामित

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड दिलप्रीत सिंह को

2022-23 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के दौरान विश्व चैंपियन जर्मनी के खिलाफ उनके ओवरहेड शॉट के लिए 'पोलिग्रास मैजिक स्किल' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2022-23 सीजन के लिए नामांकन जारी किए गए हैं।

मैक्सिको में

एयरपोर्ट का प्रबंधन सेना के जिम्मे

मैक्सिको की राजधानी के मुख्य एयरपोर्ट (बेनिटो

जुआरोज) का नियंत्रण सेना ने अपने कब्जे में लिया। एयरपोर्ट की सुरक्षा एक साल पहले नौसेना को दी गई थी, लेकिन अब एयरपोर्ट का सारा प्रबंधन कस्टम, इमिग्रेशन, बैगेज हैंडलिंग आदि जैसी सभी सुविधाओं का जिम्मा भी सेना के पास ही रहेगा। एयरपोर्ट से ड्रग्स की सप्लाई रोकने के लिए ये प्रयास किए जा रहे हैं।

सर्गेई स्टाखोवस्की

टेनिस खिलाड़ी यूक्रेन सेना की ओर से मोर्चे पर तैनात

अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्गेई स्टाखोवस्की

बीते 15 महीनों से युद्ध के मोर्चे पर तैनात हैं। वे टेनिस के शीर्ष खिलाड़ी भी हैं। 37 वर्षीय सर्गेई ने कहा कि अब वे मातृभूमि के लिए लड़ेंगे टेनिस बिलकुल नहीं खेलेंगे। उन्होंने कहा कि वे अपने समकक्ष खिलाड़ियों से भी अपील करते हैं कि यूक्रेन के लिए लड़ें और उसको सुरक्षित रखने में हरसंभव मदद करें।

तितलियों की

गणना करने के लिए ब्रिटेन में शोध शुरू

ब्रिटेन में तितलियां लगातार कम होती जा रही हैं।

पिछले साल हुई गणना में तितलियों की संख्या 13 सालों में सबसे कम थी। इस साल वैज्ञानिकों ने तितलियों पर मौसम का असर देखने के लिए बिग बटरफ्लाई काउंट रिसर्च शुरू की है, जो तीन सप्ताह चलेगी। हालात जानने के लिए नागरिकों से भी तितलियों की गणना में शामिल होने की अपील की है। उनसे अपने इलाके के पार्क, गार्डन या हरे-भरे क्षेत्रों में तितलियों की जानकारी देने और उनका 15 मिनट का वीडियो बनाने के लिए कहा गया है।

पेरु में

3 हजार साल पुराना गलियारा मिला

पेरु में पुरातत्वविदों ने 3 हजार साल पुराने सीलबंद

गलियारों का पता लगाया है। इसे कॉन्डर्स पैसेजवे कहा जा रहा है जो संभवतः प्राचीन चाविन संस्कृति से जुड़े विशाल मंदिर परिसर के बाकी कमरों की ओर जाता है। गलियारा पेरु की राजधानी लीमा से 306 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में चाविन डी हुआन्तार पुरातत्व स्थल पर मिला। यह संस्कृति के महत्वपूर्ण केन्द्रों में से एक है, जो करीब 1,500 से 500 ईसा पूर्व विकसित हुआ। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के पुरातत्वविद जॉन रिक ने बताया कि यहां समय रुका हुआ सा लगता है।

स्मृति शेष

'द अनबीयरेबल लाइटनेस ऑफ बीइंग' के लेखक मिलन कुंडेरा का निधन

अनबीयरेबल लाइटनेस ऑफ बीइंग के



लेखक मिलन कुंडेरा का 94 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका लेखन वास्तविकता, विचारों की दुनिया के विषयों तथा पात्रों के इर्द-गिर्द घूमता रहा। उनका जन्म स्लोवाकिया के शहर ब्रनो में हुआ था। वे 1975 में फ्रांस आ गए थे।

विश्वयुद्ध-2 में ब्रिटेन और जापान की सेना में रहे नगा का निधन

दूसरे विश्वयुद्ध में ब्रिटेन और जापान दोनों

सेनाओं के लिए काम करने वाले तांगखुल नगा का मणिपुर के उखरुल में 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका नाम यांग्मासो ए शिशाक था। वे धावक थे। वे सेना में चिट्ठियां पहुंचाने का काम करते थे। 1944 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व वाली आईएनए के साथ नगालैंड और मणिपुर के हिस्सों को मुक्त कराने में नगा ने भी सहयोग किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी एरिया - इंदौर

आयुष विभाग - मध्यप्रदेश शासन हेतु व्याख्याता रचना शारीर (LECTURER RACHANA SHARIR) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक 24/2023/10/07/2023

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17.09.2023 (दोपहर 12:00 बजे तक)

आयोग कार्यालय में अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 26.09.2023

महत्वपूर्ण निर्देश

A. आवेदन पत्र भरने संबंधित आवश्यक निर्देश :-

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग हेतु व्याख्याता रचना शारीर (LECTURER RACHANA SHARIR) के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।
2. आवेदन-पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। **आवेदन-पत्र दिनांक 18.08.2023 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 17.09.2023 (दोपहर 12:00 बजे) तक www.mponline.gov.in** तथा **www.mppsc.mp.gov.in** पर भरे जा सकते हैं।
3. व्याख्याता रचना शारीर (LECTURER RACHANA SHARIR) के पदों हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी तरह के किसी भी प्रकार का मैन्युअल अथवा डाक द्वारा भेजे गए आवेदन-पत्र आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

B. आयु की गणना :-

1. आयु की गणना 01 जनवरी 2024 के संदर्भ में की जाएगी।
2. आयु की गणना हेतु वही जन्मतिथि मान्य होगी जो अभ्यर्थी की 10वीं (High School) की अंक-सूची में अंकित है। अत: अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उक्त अंक-सूची में उल्लेखित नाम, पिता का नाम तथा जन्मतिथि का ही उल्लेख करें।

C. शुल्क संबंधी निर्देश :-

1. उपरोक्त परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग द्वारा किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क के माध्यम से नगद स्वीकार किया जाएगा। शुल्क विवरण हेतु परिशिष्ट-IV का अवलोकन करें। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र की जांच कर यह सुनिश्चित करें कि भुगतान का विवरण तथा "Payment Done" स्पष्टत: उल्लेखित है। परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए किसी बैंक का ड्राफ्ट अथवा चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
2. आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रियांतर्गत ऑनलाइन आवेदन-पत्र में आयोग द्वारा सुनिश्चित की गई फीस के अतिरिक्त आधिक्य या त्रुटिवश गलत भुगतान के संबंध में रिफंड हेतु प्राप्त अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं होंगे। अभ्यर्थियों को भली-भांति दिए गए निर्देशों का सूक्ष्मता से अवलोकन पश्चात् ही निर्धारित फीस का भुगतान करें। कियोस्क अथवा अन्य माध्यम से त्रुटिवश/आधिक्य भुगतान के रिफंड के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं है।

D. त्रुटि सुधार संबंधी निर्देश :-

1. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन-पत्र में **त्रुटि सुधार का कार्य दिनांक 20.08.2023 से 19.09.2023 (दोपहर 12:00 बजे तक)** तक ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति त्रुटि सुधार प्रति सत्र रुपये 50 त्रुटि सुधार शुल्क देय होगा। अभ्यर्थी त्रुटि सुधार हेतु एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। ध्यान रखें कि अभ्यर्थी के नाम में कोई त्रुटि सुधार नहीं किया जा सकेगा।
2. अभ्यर्थी यह ध्यान रखें कि ऑनलाइन आवेदन-पत्र में हुई किसी भी त्रुटि का सुधार साक्षात्कार के स्तर पर नहीं किया जा सकेगा, अत: वे ऑनलाइन आवेदन-पत्र अत्यंत सावधानीपूर्वक भरें। यदि फिर भी नाम के अतिरिक्त कोई त्रुटि होती है, तो त्रुटि सुधार अवधि में वांछित सुधार कर लें।
3. त्रुटि सुधार अवधि में श्रेणी सुधार के मामलों में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आरक्षित वर्ग के रूप में भरे गए अपने ऑनलाइन आवेदन-पत्र में सुधार कर उसे अनारक्षित वर्ग किया जाता है तो उसे आवेदन शुल्क के अंतर की राशि (देखें परिशिष्ट-2) का भुगतान त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त करना होगा, किन्तु अनारक्षित वर्ग के रूप में भरे गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र को आरक्षित वर्ग में परिवर्तन की स्थिति में आवेदन शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।
4. ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी श्रेणी/वर्ग (अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)/लिंग (महिला/पुरुष)/दिव्यांगता/शासकीय सेवक/जन्म तिथि आदि के आधार पर ही परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाता है। अत: त्रुटि सुधार अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा। नाम/माता-पिता का नाम/लिंग/श्रेणी/वर्ग/जन्मतिथि परिवर्तन विषयक समस्त अभ्यावेदनों के संदर्भ में आयोग द्वारा आवेदक से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे सभी अभ्यावेदन अमान्य किए जाएंगे। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे शासन के अद्यतन आदेशों के अनुसार संबंधित श्रेणी के अंतर्गत सम्मिलित है। गलत जानकारी की स्थिति में उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।

E. पात्रता :-

1. **शैक्षणिक अर्हता -**

   अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता

   1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आयुर्वेद में स्नातक उपाधि या इसके समकक्ष जैसा कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त है।
   2. भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय या विशेषता में आयुर्वेद में स्नातकोत्तर अर्हता अथवा एम.एससी. एनाटॉमी।
   3. संबंधित राज्य बोर्ड या परिषद् के साथ एक वैध पंजीकरण जहां वह नियोजित है या भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा जारी एक वैध केन्द्रीय या राष्ट्रीय पंजीकरण प्रमाण-पत्र।

   उपाधि का नाम - BAMS एवं MD (रचना शारीर/शरीर रचना) अथवा BAMS एवं MSc Anatomy

2. **रोज़गार पंजीयन -**
   - (क) माननीय उच्च न्यायालय मुख्यपीठ जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक 5096/2022 में पारित अंतिम आदेश दिनांक 08.03.2022 के अनुपालन में अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को रोज़गार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है।
   - (ख) मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को जीवित रोज़गार पंजीयन आवेदन करते समय आवश्यक नहीं होगा, किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के पूर्व अभिप्रमाणन फार्म तथा वांछित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक मध्यप्रदेश के रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
   - (ग) मध्यप्रदेश शासन की सेवा में कार्यरत - शासकीय/निगम/मण्डल/उपक्रम/आयोग/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक-अभ्यर्थियों को विभाग/कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को मान्य किया जाएगा। उपरोक्तानुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर रोज़गार पंजीयन से छूट रहेगी।
3. प्रकाशित विज्ञापन में विज्ञापित पदों हेतु जो शैक्षणिक अर्हता एवं विज्ञापित रिक्तियों का आरक्षण वर्गीकरण आदि का उल्लेख किया गया है वह विभाग के द्वारा मांगपत्र के आधार पर प्रकाशित किया गया है, जिसमें आयोग की कोई भूमिका नहीं रहती है। अत: अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त संबंध में आयोग में प्राप्त शिकायतों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त संबंध में शिकायतकर्ता अभ्यर्थी सीधे संबंधित विभाग को अपना आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

F. परीक्षा नियम/निर्देश आदि :-

1. चयन/परीक्षा के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जो भी संशोधन/निर्देश प्रदान किए जाएंगे, उन सभी संशोधनों/निर्देशों को चयन परिणाम में शामिल करके चयन परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस संबंध में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।
2. चयन/परीक्षा के संबंध में यदि भर्ती नियम, आयु, मूल निवासी, रोजगार पंजीयन आरक्षण संबंधी संशोधन शासन द्वारा किए जाते हैं, तो इस संबंध में यथा समय संशोधित सूचना जारी करने के उपरांत शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप अंतिम चयन परिणाम घोषित किया जाएगा।
3. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग का चयन परिणाम को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची तथा प्रतीक्षा सूची एवं चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख संबंधित विभागों को आयोग द्वारा प्रेषित किए जाएंगे। नियुक्ति की कार्यवाही शासन के संबंधित विभागों द्वारा की जाएगी। मुख्य सूची/प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी नियुक्ति के संबंध में आयोग से पत्राचार न करें।
4. आयोग द्वारा प्रकाशित भर्ती विज्ञापनों के उपरांत कई अभ्यर्थियों द्वारा तथ्यहीन आधारों पर बिना कोई साक्ष्य/दस्तावेजों के अनावश्यक रूप से विभिन्न प्रकार के शिकायती अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, इस प्रकार के किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक 5901/2019, 25181/2019 एवं ओ.बी.सी. आरक्षण से संबंधित अन्य याचिकाओं के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा। ओ.बी.सी. आरक्षण से संबंधित याचिकाओं के लंबित रहने की अवधि में परीक्षा/चयन परिणाम सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 के अनुसार मुख्य भाग 87% तथा प्रावधिक भाग 13% के आधार पर जारी किया जाएगा।

G. अन्य निर्देश :-

1. विज्ञापन के संदर्भ में समस्त आवश्यक सूचनाएं, संशोधन आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध करवाई जाती हैं। अत: समस्त अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करें तथा उपलब्ध सूचनाओं का लाभ लें। आयोग द्वारा इस संदर्भ में प्राप्त ई-मेल/पत्राचार/दूरभाष संदेश के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।
2. आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अर्हता, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं अन्य समस्त दस्तावेजों का संधारण नहीं किया जाता है। अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वप्रमाणित दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मात्र

मिलान का कार्य आयोग द्वारा साक्षात्कार के समय किया जाता है। अंतिम चयन परिणाम में चयनित अभ्यर्थियों एवं प्रतीक्षासूची में नामांकित अभ्यर्थियों के समस्त दस्तावेजों को चयन सूची अनुसार विभागों को प्रेषित कर दिया जाता है। दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य विभाग द्वारा नियुक्ति के पूर्व किया जाता है। अत: अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जानकारी आयोग द्वारा उपलब्ध करवायी जाना संभव नहीं है। इस संदर्भ में आयोग द्वारा किसी प्रकार का पत्राचार मान्य नहीं किया जाएगा। सूचना के अधिकार के अंतर्गत इस संदर्भ में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अंतरित किया जाएगा।

3. आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर दिशा-निर्देश प्रसारित किए जाते हैं, जिसमें स्पष्टत: परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी को कौन-कौन सी सामग्री लाना वर्जित रहती है अतएव औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

4. प्रकाशित भर्ती विज्ञापन के अतिरिक्त अन्य कोई भी अभ्यर्थियों की औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5. विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएं एवं परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** एवं रोज़गार और निर्माण समाचार-पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए E-mail Address तथा मोबाइल नम्बर पर E-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। अभ्यर्थी आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने E-mail Address तथा मोबाइल नम्बर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

6. आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है। किसी भी व्यक्ति द्वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अत: किसी भी व्यक्ति द्वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यावहारिक रूप से असंभव है। अत: ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आएं और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सूचना अविलंब आयोग को दें ताकि ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम तथा पता गोपनीय रखा जाएगा।

परिशिष्ट-I

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से आयुष विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निम्नलिखित पद हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या						रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या			
		UR	SC	ST	OBC	EWS	कुल	UR	SC	ST	OBC	EWS	OH	VH	HH	MD
1.	व्याख्याता रचना शारीर (LECTURER RACHANA SHARIR)	1	2	4	2	0	9	0	1	1	1	0	1	0	0	0

मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के पत्र क्रमांक 1-18/2019/1-59 दिनांक 25.04.2023 के अनुसार व्याख्याता रचना शारीर (LECTURER RACHANA SHARIR) का पुनरीक्षित पद विवरण निम्नानुसार रखा गया है -

मुख्य भाग (87%)	1	2	4	2	0	9	0	1	1	1	0	1	0	0	0
प्रावधिक भाग (13%)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

दो पद का विवरण

01	**पद का नाम**	:	व्याख्याता रचना शारीर (LECTURER RACHANA SHARIR)
	विभाग का नाम	:	**आयुष विभाग**
	श्रेणी	:	राजपत्रित **(द्वितीय श्रेणी)**
	पद स्थिति	:	अस्थायी
	वेतनमान	:	56100-177500
	पद के मुख्य कर्तव्य	:	अध्यापन कार्य एवं चिकित्सालयीन कार्य।

तीन शैक्षणिक अर्हता : अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता

1- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आयुर्वेद में स्नातक उपाधि या इसके समकक्ष जैसा कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त है।

2- भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय या विशेषता में आयुर्वेद में स्नातकोत्तर अर्हता अथवा एम.एससी. एनाटॉमी।

3- संबंधित राज्य बोर्ड या परिषद् के साथ एक वैध पंजीकरण जहां वह नियोजित है या भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा जारी एक वैध केन्द्रीय या राष्ट्रीय पंजीकरण प्रमाण-पत्र।

उपाधि का नाम : BAMS एवं MD (रचना शारीर/शरीर रचना) अथवा BAMS एवं MSc Anatomy

विशेष:

(1) उक्त अर्हताएं विज्ञापन में उल्लेखित ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17.09.2023 तक अर्जित होनी चाहिए। उक्त तिथि के बाद में अर्हता धारित करने वाले आवेदक पद हेतु अनर्ह माने जाएंगे।

(2) यदि अभ्यर्थी की अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची में पूर्णांक तथा प्राप्तांक का उल्लेख न होते हुए ग्रेड/पाइंट स्केल का उल्लेख है तो उन्हें अपने ग्रेड/पाइंट स्केल के समतुल्य प्रतिशत के निर्धारण विषयक सूत्र/सिद्धांत के आधार पर प्रतिशत की गणना करते हुए शपथ-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शपथ-पत्र के साथ प्रतिशत निर्धारण हेतु अपनाए गए सूत्र/सिद्धांत के अनुसमर्थन हेतु संबन्धित विश्वविद्यालय के सुसंगत अभिलेख आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक संलग्न करना भी अनिवार्य है।

टीप-

(1) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। पदों की संख्या में वृद्धि केवल साक्षात्कार द्वारा चयन की स्थिति में साक्षात्कार कार्यक्रम के प्रकाशन तिथि तक तथा परीक्षा की स्थिति में परीक्षा के परिणाम की तिथि तक की जा सकेगी। बढ़े हुए पदों हेतु अतिरिक्त आवेदन-पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।

(2) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष की परीवीक्षा अवधि पर की जाएगी।

(3) मध्यप्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में विहित छूट तथा यात्रा-व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ देय होगा।

(4) जिस श्रेणी हेतु पद विज्ञापित नहीं है वे अनारक्षित पदों के विरुद्ध विचारित किए जाएंगे।

चार मध्यप्रदेश सिविल सेवाएं (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :-

अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।

ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

पांच महत्वपूर्ण :- यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि, वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अत: आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन-पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

छ: (क) आयु सीमा : 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो.

(ख) आयु सीमा में छूट : मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, के परिपत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, दिनांक 18.09.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को उपरोक्त अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। अत: सभी अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 43 वर्ष होगी। आयु सीमा में अन्य कोई छूट देय नहीं होगी।

सात आयु संगणना तिथि 01.01.2024

आठ अधिवार्षिकी आयु :- 62 वर्ष

नौ चयन प्रक्रिया :- चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। अभ्यर्थियों की संख्या 500 से कम होने की स्थिति में अर्हताकारी परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विज्ञापित पदों हेतु निम्नानुसार संख्या में तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा बशर्ते कि पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध हों -

वर्ग/प्रवर्गवार पदों की संख्या अनारक्षित, अनु. जनजाति, अनु. जाति, अन्य, पिछड़ा वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस. एवं महिलाओं/दिव्यांगजन एवं भूतपूर्व सैनिक हेतु पृथक-पृथक विज्ञापित पद संख्या	साक्षात्कार के लिए अर्हकारी परीक्षाओं की मेरिट सूची अनुसार बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या
एक पद के लिए	12 उम्मीदवारों तक
2 और 3 पदों के लिए	24 उम्मीदवारों तक
4 से 6 पदों के लिए	36 उम्मीदवारों तक
7 से 9 पदों के लिए	48 उम्मीदवारों तक
10 तथा उससे अधिक पदों के लिए	05 गुना उम्मीदवारों तक

साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर अंतिम चयन सूची घोषित की जाएगी। साक्षात्कार हेतु पूर्णांक 100 होगा। अनारक्षित हेतु 41% तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी हेतु 31% न्यूनतम उत्तीर्णांक होंगे।

टीप:-

(1) अभ्यर्थियों की संख्या 500 से अधिक होने की स्थिति में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों/उप श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं होंगे।

(2) लिखित परीक्षा की स्थिति में परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम यथासमय आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा।

चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग को चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

दस आवेदन प्रक्रिया :- उक्त पद हेतु आवेदन-पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु इस विज्ञापन के **परिशिष्ट IV** का अवलोकन करें।

ग्यारह विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएं, परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** एवं रोज़गार और निर्माण समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए E-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर E-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने सही ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-

(i) आयु सीमा की छूट **परिशिष्ट -II**

(ii) अर्हताकारी दस्तावेजों के संबंध में आवश्यक निर्देश **परिशिष्ट -III**

(iii) ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के निर्देश तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां **परिशिष्ट-IV**

सचिव

परिशिष्ट-II

आयु सीमा में छूट

एक उच्चतर आयु सीमा में वर्ग विशेष को देय छूटें

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 24 जुलाई 2019 के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

तथा

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, के परिपत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, दिनांक 18.09.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रवर्गों हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। अत: उक्त आदेश के अनुपालन में समस्त छूटों को मिलाकर निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष के स्थान पर 48 वर्ष होगी।

- ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गयी सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, किन्तु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

स्पष्टीकरण :-

1. भूतपूर्व सैनिकों से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985 के नियम 2 (ग) में यथा प्रावधानित भूतपूर्व सैनिक।
2. भूतपूर्व सैनिकों हेतु देय आयु-सीमा की छूट तथा आरक्षण केवल उन अभ्यर्थियों को देय होगा जो आवेदन करने की तिथि को अथवा उसके पूर्व सेना की सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अभ्यर्थी को प्रमाणीकरण हेतु विहित प्राधिकारी द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक जारी डिस्चार्ज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(दो) **प्रोत्साहन स्वरूप दी गयी छूट**

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(2) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/18/85/3/1 दिनांक 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

टीप : (1) परिशिष्ट-1 (दो) के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों/योजनाओं के अंतर्गत दी गयी छूटों में से यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक छूट का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

(2) समस्त आरक्षण तथा उससे जुड़ी आयु सीमा की छूट मध्यप्रदेश राज्य के संदर्भ में है, अत: अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, भूतपूर्व सैनिक तथा महिला अभ्यर्थियों को देय आरक्षण अथवा आयु सीमा में छूट केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को ही देय होगी। अन्य प्रदेशों के उक्त श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित मान्य होंगे। (सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक 969/1197/2012/आ.प्र./एक, दिनांक 06.08.2012 में निहित व्यवस्था के अनुसार)

नोट : (01) उपरोक्त परिशिष्ट – ''एक'' में उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(02) अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी छूट देय होंगी किन्तु समस्त छूट को शामिल करते हुए भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 48 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 48 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

(03) जिस आरक्षित श्रेणी हेतु पद विज्ञापित नहीं हैं उन्हें आयु सीमा में छूट देय नहीं होगी किन्तु आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में छूट तथा यात्रा भत्ते की पात्रता होगी।

(तीन) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा दायर याचिका क्रमांक 2108/2022 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 08.02.2022 के अनुपालन में अनु. जाति, अनु. जनजाति तथा अ.पि. वर्ग के समान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु-सीमा में छूट देय होगी किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम आयु सीमा गणना तिथि 01.01.2023 को 48 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 48 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। उपरोक्तानुसार छूट का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों कि अभ्यर्थिता याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगी।

परिशिष्ट - III

अर्हताकारी दस्तावेजों के संबंध में आवश्यक निर्देश

1.	व्याख्याता जराहियात (Lecturer Jarahiyaat)	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0

मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के पत्र क्रमांक 1-18/2019/1-59 दिनांक 25.04.2023 के अनुसार व्याख्याता जराहियात (Lecturer Jarahiyaat) का पुनरीक्षित पद विवरण निम्नानुसार रखा गया है -

मुख्य भाग (87%)	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0
प्रावधिक भाग (13%)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

दो **पद का विवरण**

01	**पद का नाम**	:	**व्याख्याता जराहियात (Lecturer Jarahiyaat)**
	विभाग का नाम	:	**आयुष विभाग**
	श्रेणी	:	राजपत्रित **(द्वितीय श्रेणी)**
	पद स्थिति	:	अस्थायी
	वेतनमान	:	56100-177500
	पद के मुख्य कर्तव्य	:	अध्यापन कार्य एवं चिकित्सालयीन कार्य।

तीन **शैक्षणिक अर्हता** : अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता

1- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से यूनानी में स्नातक उपाधि या इसके समकक्ष जैसा कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त है।
2- भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय या विशेषता में यूनानी में स्नातकोत्तर अर्हता।
3- संबंधित राज्य बोर्ड या परिषद् के साथ एक वैध पंजीकरण जहां वह नियोजित है या भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा जारी एक वैध केन्द्रीय या राष्ट्रीय पंजीकरण प्रमाण-पत्र।

उपाधि का नाम : BUMS एवं MS (इल्मुल जराहत)

विशेष:

(1) उक्त अर्हताएं विज्ञापन में उल्लेखित ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 28.09.2023 तक अर्जित होनी चाहिए। उक्त तिथि के बाद में अर्हता धारित करने वाले आवेदक पद हेतु अनर्ह माने जाएंगे।
(2) यदि अभ्यर्थी की अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची में पूर्णांक तथा प्राप्तांक का उल्लेख न होते हुए ग्रेड/पाइंट स्केल का उल्लेख है तो उन्हें अपने ग्रेड/पाइंट स्केल के समतुल्य प्रतिशत के निर्धारण विषयक सूत्र/सिद्धांत के आधार पर प्रतिशत की गणना करते हुए शपथ-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शपथ-पत्र के साथ प्रतिशत निर्धारण हेतु अपनाए गए सूत्र/सिद्धांत के अनुसमर्थन हेतु संबन्धित विश्वविद्यालय के सुसंगत अभिलेख आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक संलग्न करना भी अनिवार्य है।

टीप-

(1) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। पदों की संख्या में वृद्धि केवल साक्षात्कार द्वारा चयन की स्थिति में साक्षात्कार कार्यक्रम के प्रकाशन तिथि तक तथा परीक्षा की स्थिति में परीक्षा के परिणाम की तिथि तक की जा सकेगी। बढ़े हुए पदों हेतु अतिरिक्त आवेदन-पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।
(2) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी।
(3) मध्यप्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में विहित छूट तथा यात्रा-व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ देय होगा।
(4) जिस श्रेणी हेतु पद विज्ञापित नहीं हैं वे अनारक्षित पदों के विरुद्ध विचारित किए जाएंगे।

चार **मध्यप्रदेश सिविल सेवाएं (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :-**

अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।

ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

पांच **महत्वपूर्ण :-** यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि, वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अत: आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन-पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

छ: **(क) आयु सीमा :** 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो.

(ख) आयु सीमा में छूट : मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, के परिपत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, दिनांक 18.09.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को उपरोक्त अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। अत: सभी अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 43 वर्ष होगी। आयु सीमा में अन्य कोई छूट देय नहीं होगी।

सात **आयु संगणना तिथि 01.01.2024**

आठ **अधिवार्षिकी आयु :- 62 वर्ष**

नौ **चयन प्रक्रिया :-** चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। अभ्यर्थियों की संख्या 500 से कम होने की स्थिति में अर्हताकारी परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विज्ञापित पदों हेतु निम्नानुसार संख्या में तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा बशर्ते कि पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध हों -

वर्ग/प्रवर्गवार पदों की संख्या अनारक्षित, अनु. जनजाति, अनु. जाति, अन्य, पिछड़ा वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस. एवं महिलाओं/दिव्यांगजन एवं भूतपूर्व सैनिक हेतु पृथक-पृथक विज्ञापित पद संख्या	**साक्षात्कार के लिए अर्हकारी परीक्षाओं की मेरिट सूची अनुसार बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या**
एक पद के लिए	12 उम्मीदवारों तक
2 और 3 पदों के लिए	24 उम्मीदवारों तक
4 से 6 पदों के लिए	36 उम्मीदवारों तक
7 से 9 पदों के लिए	48 उम्मीदवारों तक
10 तथा उससे अधिक पदों के लिए	05 गुना उम्मीदवारों तक

साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर अंतिम चयन सूची घोषित की जाएगी। साक्षात्कार हेतु पूर्णांक 100 होगा। अनारक्षित हेतु 41% तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी हेतु 31% न्यूनतम उत्तीर्णांक होंगे।

टीप:-

(1) अभ्यर्थियों की संख्या 500 से अधिक होने की स्थिति में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों/उप श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं होंगे।
(2) लिखित परीक्षा की स्थिति में परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम यथासमय आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा ।

चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग को चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

दस **आवेदन प्रक्रिया :-** उक्त पद हेतु आवेदन-पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु इस विज्ञापन के **परिशिष्ट IV** का अवलोकन करें।

ग्यारह विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएं, परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** एवं रोज़गार और निर्माण समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए E-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर E-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेंगी। आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने सही ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-

(i) आयु सीमा की छूट **परिशिष्ट -II**
(ii) अर्हताकारी दस्तावेजों के संबंध में आवश्यक निर्देश **परिशिष्ट -III**
(iii) ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के निर्देश तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां **परिशिष्ट-IV**

सचिव

परिशिष्ट-II
आयु सीमा में छूट

एक **उच्चतर आयु सीमा में वर्ग विशेष को देय छूटें**

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 24 जुलाई 2019 के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

तथा

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, के परिपत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, दिनांक 18.09.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रवर्गो हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। अत: उक्त आदेश के अनुपालन में समस्त छूटों को मिलाकर निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष के स्थान पर 48 वर्ष होगी।

- ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गयी सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, किन्तु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

स्पष्टीकरण :-

1. भूतपूर्व सैनिकों से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985 के नियम 2 (ग) में यथा प्रावधानित भूतपूर्व सैनिक।
2. भूतपूर्व सैनिकों हेतु देय आयु-सीमा की छूट तथा आरक्षण केवल उन अभ्यर्थियों को देय होगा जो आवेदन करने की तिथि को अथवा उसके पूर्व सेना की सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अभ्यर्थी को प्रमाणीकरण हेतु विहित प्राधिकारी द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक जारी डिस्चार्ज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(दो) **प्रोत्साहन स्वरूप दी गयी छूट**

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(2) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/18/85/3/1 दिनांक 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

टीप : (1) परिशिष्ट-1 (दो) के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों/योजनाओं के अंतर्गत दी गयी छूटों में से यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक छूट का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

(2) समस्त आरक्षण तथा उससे जुड़ी आयु सीमा की छूट मध्यप्रदेश राज्य के संदर्भ में है, अत: अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, भूतपूर्व सैनिक तथा महिला अभ्यर्थियों को देय आरक्षण अथवा आयु सीमा में छूट केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को ही देय होगी। अन्य प्रदेशों के उक्त श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित मान्य होंगे। (सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक 969/1197/2012/आ.प्र./एक, दिनांक 06.08.2012 में निहित व्यवस्था के अनुसार)

नोट : **(01) उपरोक्त परिशिष्ट – ''एक'' में उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।**

(02) अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी छूट देय होंगी किन्तु समस्त छूट को शामिल करते हुए भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 48 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 48 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

(03) जिस आरक्षित श्रेणी हेतु पद विज्ञापित नहीं हैं उन्हें आयु सीमा में छूट देय नहीं होगी किन्तु आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में छूट तथा यात्रा भत्ते की पात्रता होगी।

(तीन) **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा दायर याचिका क्रमांक 2108/2022 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 08.02.2022 के अनुपालन में अनु. जाति, अनु. जनजाति तथा अ.पि. वर्ग के समान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु-सीमा में छूट देय होगी किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम आयु सीमा गणना तिथि 01.01.2023 को 48 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 48 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। उपरोक्तानुसार छूट का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों कि अभ्यर्थिता याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगी।**

परिशिष्ट - III

अर्हताकारी दस्तावेजों के संबंध में आवश्यक निर्देश

1. किसी भी पद हेतु विज्ञापित विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक या इसके पूर्व अर्हता धारित करना अनिवार्य है, जिसकी पुष्टि हेतु अभिलेख साक्षात्कार पूर्व आयोग को प्रस्तुत किए जाने आवश्यक होंगे। यदि अभिलेखों की जाँच उपरांत यह पाया जाता है कि आवेदक की वांछित अर्हता ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि को पूर्ण की गई है तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः निरस्त मानी जाएगी। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं होगा।
2. आरक्षित श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) का लाभ प्राप्त किए जाने हेतु आवेदकों के पास ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक या उसके पूर्व का मध्यप्रदेश शासन द्वारा जाति प्रमाण-पत्र देने के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि आयोग द्वारा ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि के बाद जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो उसे मान्य नहीं किया जाकर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा।
3. ऑफलाइन जारी जाति प्रमाण-पत्रों में जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर, जारी करने वाले अधिकारी के पदनाम की सील, जाति का नाम, प्रकरण क्रमांक एवं जाति प्रमाण-पत्र में गोल सील अंकित नहीं होने पर आवेदक साक्षात्कार दिवस को उक्त प्रमाण-पत्र मान्य करने हेतु अभ्यावेदन प्रस्तुत करते हैं, तो ऐसे अभ्यावेदन मान्य नहीं किए जाकर साक्षात्कार की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।
4. अतः आवेदक ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने के पूर्व अपने जाति प्रमाण-पत्र में सभी पूर्तियों की जाँच करने के उपरांत ही ऑनलाइन फार्म भरें, यदि सभी पूर्तियां पूर्ण न हो तो तत्काल ऑनलाइन जाति प्रमाण-पत्र बनवाने संबंधी कार्यवाही करने के बाद ही ऑनलाइन आवेदन करें।
5. म.प्र. के मूल निवासी ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का लाभ प्राप्त किए जाने हेतु आवेदकों को ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की तिथि के वित्तीय वर्ष का ही मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, उसके पूर्व एवं पश्चात के वित्तीय वर्ष के प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होंगे, ऐसी स्थिति में आवेदकों की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी और इस संबंध में आवेदक द्वारा यदि ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाणपत्र के अभाव में, अनारक्षित श्रेणी में मान्य किए जाने हेतु अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जाते हैं तो उन्हें मान्य नहीं किया जाकर नस्तीबद्ध किया जाएगा।
6. यदि आवेदक म.प्र. शासन में शासकीय सेवक होने की स्थिति में ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से साक्षात्कार दिवस तक की तिथि में निरन्तर सेवा में है तो ऐसी स्थिति में ही आवेदक को, शासकीय सेवक के आयु-सीमा का लाभ प्रदाय किया जाएगा।
7. यदि आवेदक ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की तिथि को शासकीय सेवा में है किन्तु साक्षात्कार दिवस को शासकीय सेवा में निरन्तर कार्यरत नहीं है तो ऐसी स्थिति में आवेदकों को शासकीय सेवक को देय आयु सीमा की छूट का लाभ देय नहीं होगा। अधिक आयु होने पर उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।
8. यदि म.प्र. के मूल निवासी आवेदक भूतपूर्व सैनिक आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र में स्वयं को भूतपूर्व सैनिक दर्शाया गया है किन्तु ऑनलाइन फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के बाद सेवा से सेवानिवृत हो रहे हैं या होने वाले हों ऐसी स्थिति में आवेदक को भूतपूर्व सैनिक आरक्षण का लाभ प्रदाय नहीं किया जाकर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा श्रेणी परिवर्तन हेतु प्रस्तुत अभ्यावेदन अमान्य किए जाकर नस्तीबद्ध किए जाएंगे।
9. **दिव्यांगता प्रमाण-पत्र :** दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन-पत्र के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-1-सत्रह-मेडी-2, दिनांक 09.01.2009 द्वारा गठित जिला चिकित्सा मण्डल से प्राप्त नवीनतम (Latest) स्थायी एवं वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/दि.स/302/2021/1098 दिनांक 06.05.2021 में उल्लेखानुसार दिनांक 01.06.2021 तथा उसके पश्चात् जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी पोर्टल के **http://www.swavlambancard.gov.in** के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगे, उक्त तिथि के बाद मेन्युअल प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अमान्य होगा। अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि प्रमाण-पत्र में 40% या अधिक स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित होने पर ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को देय आरक्षण तथा अन्य छूट का लाभ देय होगा। दिव्यांगता प्रमाण-पत्र में आवेदक की दिव्यांगता श्रेणी का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य है।
10. ऑनलाइन आवेदन-पत्र में आवेदक का नाम, जन्मतिथि, श्रेणी, पुरुष/महिला, दिव्यांगजन की उप श्रेणी का आवेदक के मूल प्रमाण-पत्रों से मिलान करने पर त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर आवेदकों की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।
11. ऑनलाइन फार्म में किसी भी प्रकार की गलत जानकारी प्रस्तुत किए जाने पर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी। उक्त संबंध में साक्षात्कार दिवस को त्रुटि सुधार हेतु प्रस्तुत अभ्यावेदन अमान्य किए जाकर नस्तीबद्ध किए जाएंगे। अतः आवेदक ऑनलाइन फार्म में त्रुटिसुधार की अवधि में ऑनलाइन फार्म में त्रुटिसुधार कर लें।
12. मध्यप्रदेश के मूलनिवासी आवेदकों को साक्षात्कार के पूर्व निर्धारित अनुप्रमाणन पत्र, व्यक्तिगत विवरण पत्रक तथा अन्य वांछित दस्तावेज आदि आयोग कार्यालय में भिजवाने की अंतिम तिथि तक रोज़गार कार्यालय द्वारा जारी जीवित पंजीयन क्रमांक प्रस्तुत करना अनिवार्य है। साक्षात्कार दिवस को किसी कारणवश आवेदक यदि मध्यप्रदेश रोज़गार कार्यालय के जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में आवेदकों की साक्षात्कार की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी। इस संबंध में आवेदक का किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अर्हता से संबंधित अभिलेखों की मान्यता तिथि के संदर्भ में आवश्यक निर्देश

क्रमांक	अभिलेख		निर्देश
1.	आयुर्वेद में स्नातकोत्तर उपाधि		ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को अभ्यर्थी के पास स्नातकोत्तर उपाधि होना आवश्यक है।
2.	चिकित्सा परिषद् में स्थाई पंजीयन		ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को अभ्यर्थी के पास संबंधित राज्य बोर्ड या परिषद् में स्थाई पंजीयन होना आवश्यक है। अन्य प्रदेशों के पंजीकृत अभ्यर्थियों को चयन होने पर मध्यप्रदेश के चिकित्सा परिषद् में पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा।
3.	रोज़गार पंजीयन	(क)	माननीय उच्च न्यायालय मुख्यपीठ, जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक 5096/2022 में पारित अंतिम आदेश दिनांक 08.03.2022 के अनुपालन में अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को रोज़गार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है।
		(ख)	मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को जीवित रोज़गार पंजीयन आवेदन करते समय आवश्यक नहीं होगा, किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के पूर्व अभिप्रमाणन फार्म तथा वांछित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक मध्यप्रदेश के रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
		(ग)	मध्यप्रदेश शासन की सेवा में कार्यरत - शासकीय/निगम/मण्डल/उपक्रम/आयोग/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक-अभ्यर्थियों को विभाग/कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को मान्य किया जाएगा। उपरोक्तानुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर रोज़गार पंजीयन से छूट रहेगी।
4.	मध्यप्रदेश के मूल निवास/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र		मध्यप्रदेश के मूल निवास/स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों के पास ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को तहसीलदार द्वारा जारी मूल निवास/स्थानीय निवासी का प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है।
5.	जाति प्रमाण-पत्र		ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को अभ्यर्थी के पास अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है। अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्र में उनके क्रीमीलेयर में न आने का प्रमाणीकरण भी अनिवार्य है।
6.	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु प्रमाण-पत्र		मध्यप्रदेश के मूल निवास/स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों के पास ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को वित्तीय वर्ष 2023-2024 का आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु विहित प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है। उक्त तिथि के बाद जारी अथवा पूर्व के वित्तीय वर्ष/वर्षों हेतु जारी प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होंगे।
7.	भूतपूर्व सैनिक का डिस्चार्ज प्रमाण-पत्र		ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को अभ्यर्थी सेना की सेवा से सेवानिवृत्त हो गया हो एवं उसके पास विहित प्राधिकारी द्वारा जारी डिस्चार्ज प्रमाण-पत्र होना चाहिए।
8.	शासकीय सेवकों होने पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र/विभाग को सूचना अभिलेख		जो अभ्यर्थी पहले से सरकारी नौकरी में स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहा हो या किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हो, जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त कर्मचारी अथवा जो लोक उद्यमों के अधीन कार्यरत हो, उनको आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के पूर्व यह परिवचन (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा कि, उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन किया है। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा तथा आयोग द्वारा साक्षात्कार के पूर्व अभिप्रमाणन फार्म तथा अन्य वांछित अभिलेख प्रेषण हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व प्रस्तुत अभिलेखों में अपने नियोक्ता को दी गई लिखित सूचना (नियोक्ता की प्राप्ति अभिस्वीकृति सहित) तथा नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा आयोग को प्रस्तुत अभिलेखों में उक्त अभिलेख संलग्न नहीं किया जाता या उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने अथवा परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने के संदर्भ में अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर उनकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकेगी।

9.	दिव्यांगता प्रमाण-पत्र	मध्यप्रदेश के मूल-निवासी दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-1-सत्रह-मेडी-2, दिनांक 09.01.2009 द्वारा गठित जिला चिकित्सा मण्डल से प्राप्त नवीनतम (Latest) स्थायी एवं वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र धारित करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/दि.स/302/2021/1098 दिनांक 06.05.2021 में उल्लेखानुसार दिनांक 01.06.2021 तथा उसके पश्चात् जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी पोर्टल के http://www.swavlambancard.gov.in के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगे, उक्त तिथि के बाद मेन्युअल प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अमान्य होगा। अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि प्रमाण-पत्र में 40% या अधिक स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित होने पर ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को देय आरक्षण तथा अन्य छूट का लाभ देय होगा।

टीप -

1. अभ्यर्थी की पात्रता श्रेणी के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् ऑनलाइन फार्म की छायाप्रति के साथ उपरोक्तानुसार उल्लेखित अभिलेखों की छायाप्रति आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.10.2023 (शाम 6:00 बजे) तक आयोग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना होगी। डाक विभाग या अन्य किसी प्रायवेट एजेंसी के माध्यम से आयोग को प्रेषित किए गए अभिलेख आयोग द्वारा अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.10.2023 (शाम 6:00 बजे) के पश्चात् प्राप्त होने पर अभ्यर्थियों की उपरोक्त पद की उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी, उपरोक्त संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाकर निरस्त किया जाएगा।
2. साक्षात्कार दिवस पर अभ्यर्थियों द्वारा आयोग को भेजे गए शैक्षणिक दस्तावेजों की छायाप्रति का आवेदक द्वारा प्रस्तुत मूल अभिलेखों से मिलान का कार्य किया जाएगा, अभिलेखों में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर अभ्यर्थी की उपरोक्त पद की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी। उपरोक्त संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत कोई भी अभ्यावेदन बिना विचार किए निरस्त किया जाएगा।

परिशिष्ट-IV

आवेदन करने के संदर्भ में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार है :-

(क) उपरोक्त पदों हेतु आवेदन-पत्र निम्न वेबसाइटों पर भरे जा सकेंगे

1. www.mponline.gov.in 2. mppsc.mp.gov.in

(ख) अभ्यर्थी अपने घर पर या इंटरनेट कैफे के माध्यम से भी ऑनलाइन फार्म भरकर आवेदन/परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नेट बैंकिंग सुविधाधारक अभ्यर्थी नेट बैंकिंग द्वारा भी शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।

(ग) अभ्यर्थी फार्म भरने के पूर्व अपने नवीनतम फोटोग्राफ की पासपोर्ट साइज की तथा हस्ताक्षर की स्केन फाइलें तैयार रखें जिन्हें उन्हें ऑनलाइन फार्म भरते समय संलग्न करना होगा। अभ्यर्थी यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आवेदन-पत्र में उनके फोटो एवं हस्ताक्षर स्पष्ट है।

फोटो स्केनिंग के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश:-

1. स्केनिंग हेतु पासपोर्ट साइज की नवीनतम रंगीन फोटो का प्रयोग करें।
2. फोटो खिंचवाते समय रिलेक्स स्थिति में सीधे कैमरे में देखें।
3. यदि आप चश्मे का प्रयोग करते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि कोई रिफ़्लेक्शन न हो तथा आपकी आंखें स्पष्टत: दिख रही हों।
4. टोपी हैट तथा डार्क चश्में स्वीकार नहीं है। सर पर पहने जाने वाले धार्मिक परिधान स्वीकार्य है, किन्तु उनसे आपका चेहरा नहीं ढंकना चाहिए।
5. यह सुनिश्चित करें कि फोटो का बैकग्राउंड हल्के रंग या आदर्श रूप में सफ़ेद हो।
6. किसी और से अपनी फोटो खिंचवाएं। कृपया सेल्फी का प्रयोग न करें।

(घ) ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय ध्यान रखना चाहिए कि, वह उक्त वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र की प्रत्येक जानकारी अच्छी तरह समझकर सावधानीपूर्वक सही रूप में जिस प्रकार चाहा गया है उसी प्रकार जानकारी भरें।

(ङ) आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया में यह समझ लिया गया है कि, अभ्यर्थी द्वारा जो जानकारी ऑनलाइन फार्म में अंकित की जा रही है वही प्रामाणिक जानकारी है अत: ऑनलाइन आवेदन-पत्र submit करने के पूर्व एक बार पुन: अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानीपूर्वक भलीभांति पढ़ एवं समझकर तथा भरी गयी जानकारी से स्वयं को संतुष्ट करने के पश्चात ही आवेदन submit करें।

(च) आवेदन-पत्र submit करने के बाद खुलने वाले popup window में अभ्यर्थी को उसके द्वारा आवेदन-पत्र में उल्लिखित आधारभूत सूचनाएं अर्थात उसका नाम, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, लिंग आदि की जानकारी दी जाएगी जिसमें त्रुटि परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी तत्समय ही Cancel बटन दबाकर पुन: फार्म में वापस जाकर अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। Popup window में OK बटन दबाकर फार्म सबमिट करने पर आवेदन-पत्र के सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना मिलेगी जिसमें उसके आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख होगा किन्तु यह Unpaid होगा।

अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि आवेदन-पत्र submit होने के बाद "Proceed for Payment" बटन दबाकर भुगतान की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थी को उसका आवेदन-पत्र प्राप्त होगा जिसमें भुगतान का विवरण भी होगा जिसमें भुगतान राशि तथा "Payment Done" स्पष्टत: उल्लेखित होगा। अभ्यर्थी उक्त सूचना को प्रिंट करके अपने पास रखें तथा भविष्य में आयोग से किए जाने वाले पत्र व्यवहार में आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख करें।

(छ) **त्रुटिसुधार सुविधा :-** अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानी पूर्वक भरें। आवेदन-पत्र में कोई त्रुटि होने पर दिनांक 04.09.2023 से 30.09.2023 (दोपहर 12:00 बजे) तक प्रति त्रुटि सुधार सत्र रुपये 50/- त्रुटि सुधार शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन ही त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। नियत अवधि में त्रुटिसुधार नहीं करने पर कोई पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीबद्ध किया जाएगा। अनारक्षित श्रेणी हेतु शुल्क 500 तथा आरक्षित श्रेणी हेतु 250 निर्धारित है अत: आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा अनारक्षित श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि रुपये 250 त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त देय होगा, किन्तु अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा आरक्षित श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी श्रेणी/वर्ग (अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)/लिंग (महिला/पुरुष)/दिव्यांगता/शासकीय सेवक/जन्म तिथि आदि के आधार पर ही परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाता है। अत: त्रुटि सुधार अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा। नाम/माता-पिता का नाम/लिंग/श्रेणी/वर्ग/जन्मतिथि परिवर्तन विषयक समस्त अभ्यावेदनों के संदर्भ में आयोग द्वारा आवेदक से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे सभी अभ्यावेदन अमान्य किए जाएंगे। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे शासन के अद्यतन आदेशों के अनुसार संबंधित श्रेणी के अंतर्गत सम्मिलित है। गलत जानकारी की स्थिति में उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।

(ज) अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा आवेदन-पत्र में दर्ज हस्ताक्षर ही वे साक्षात्कार की उपस्थिति सूची, तथा आयोग के समस्त पत्र व्यवहार में करें। विभिन्न अभिलेखों के हस्ताक्षरों में समानता न होने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी।

2. परीक्षा हेतु आवेदन तथा परीक्षा शुल्क

मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु	शेष सभी श्रेणी तथा मध्यप्रदेश के बाहर के निवासी अभ्यर्थियों हेतु
रुपये 250/-	**रुपये 500/-**

टीप: आयोग को प्राप्त शुल्क केवल विज्ञापन निरस्त होने की स्थिति में ऑनलाइन पद्धति से अभ्यर्थी के खाते में वापस किया जाएगा।

3. ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28.09.2023 है। अंतिम तिथि को दोपहर 12:00 बजे के बाद आवेदन-पत्र जमा करने की सुविधा बंद कर दी जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के संदर्भ में किसी जानकारी/शिकायत हेतु निम्न हेल्पलाइन पर संपर्क करें :-

दूरभाष :- हेल्पलाइन – 0755-6720220 तथा 0755-6720221

4. अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ कोई अभिलेख अपलोड नहीं करने हैं किन्तु साक्षात्कार के पूर्व आयोग को प्रेषित किए जाने वाले अनुप्रमाणन पत्रक, उपस्थिति पत्रक, व्यक्तिगत विवरण पत्रक तथा आवेदन-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति के साथ निम्न प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां आवश्यक रूप से संलग्न करें :-

आयु संबंधी प्रमाण के लिए :- केवल हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी अथवा मैट्रीक्यूलेशन की अंकसूची/प्रमाण-पत्र जिसमें जन्म तिथि का स्पष्ट उल्लेख हो।

शैक्षणिक अर्हताओं के प्रमाण पत्र :- हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी तथा उसके बाद की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता सहित उन समस्त परीक्षाओं की जिन्हें अभ्यर्थी ने उत्तीर्ण किया है के समस्त वर्षो/सेमेस्टर्स की अंक सूचियां।

शासकीय सेवक होने का प्रमाण-पत्र :- यह प्रमाण-पत्र नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए। इस प्रमाण-पत्र में धारित पद तथा विभाग का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

जाति के प्रमाण-पत्र :- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का स्थायी जाति प्रमाण-पत्र मध्यप्रदेश शासन द्वारा जाति प्रमाण-पत्र देने के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करें। साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। इस संदर्भ में अभ्यर्थी का कोई वचन-पत्र अथवा अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए उसे नस्तीबद्ध किया जाएगा एवं आयोग इस संदर्भ में कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा। विवाहित महिलाओं का उनके नाम के साथ पिता का नाम उल्लेखित जाति प्रमाण-पत्र ही मान्य किया जाएगा। अन्य किसी राज्य में जारी किया गया प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा।

दिव्यांगता प्रमाण-पत्र : दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन-पत्र के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-1-सत्रह-मेडी-2, दिनांक 09.01.2009 द्वारा गठित जिला चिकित्सा मण्डल से प्राप्त नवीनतम (Latest) स्थायी एवं वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/दि.स/302/2021/1098 दिनांक 06.05.2021 में उल्लेखानुसार दिनांक 01.06.2021 तथा उसके पश्चात् जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी पोर्टल के **http://www.swavlambancard.gov.in** के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगे, उक्त तिथि के बाद मेन्युअल प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अमान्य होगा। अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि प्रमाण-पत्र में 40% या अधिक स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित होने पर ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को देय आरक्षण तथा अन्य छूट का लाभ देय होगा।

अन्य पिछड़ा वर्ग में क्रीमीलेयर में न आने का प्रमाणन भी आवश्यक है अर्थात अन्य पिछड़ा वर्ग के जिन प्रमाण-पत्रों में क्रीमीलेयर में न आने संबंधी कंडिका कटी होगी या नहीं होगी वे मान्य नहीं होंगे। इस संदर्भ में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना होगा :-

---

घोषणा-पत्र (Declaration) का प्रारूप

मैं -------------------------------- आयोग के मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग हेतु व्याख्याता जराहियात (Lecturer Jarahiyaat) क्रमांक **26/2023 दिनांक 12/07/2023** के अंतर्गत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ मैं निम्नानुसार घोषणा करता/करती हूँ

1. मैं -------------------- पुत्र/पुत्री श्री---------------------- निवासी ग्राम/कस्बा/शहर/------------------ जिला ------------, मध्यप्रदेश का/की मूल निवासी हूँ। यह घोषणा करता/करती हूँ कि मैं --------------- जाति का/की सदस्य हूँ जो शासन द्वारा शासकीय सेवा में (अन्य पिछड़ा वर्ग) श्रेणी में आरक्षण के लिए अधिसूचित है।
2. मैं शपथ पूर्वक यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन की अंतिम तिथि तक मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के अद्यतन परिपत्र में निर्धारित मापदंडों के अनुसार, मैं सम्पन्न वर्ग अर्थात क्रीमीलेयर की श्रेणी के अंतर्गत नहीं आता/आती हूँ।

दिनांक :- -----------------

हस्ताक्षर----------------------

नाम---------------------------

रोल नंबर---------------------

तदर्थ रूप से शासन की सेवा में कार्यरत अभ्यर्थियों को तत्संबंधी प्रमाण-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

कार्यरत/ छंटनी किए गए शासकीय सेवकों हेतु :- नियोक्ता अधिकारी/सक्षम अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट -1 की कंडिका-(दो-1) के अधीन उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट -1 की कंडिका-(दो-2) के अंतर्गत उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु विक्रम पुरस्कार प्राप्त होने का प्रमाण-पत्र।

5. जो अभ्यर्थी पहले से सरकारी नौकरी में स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहा हो या किसी काम

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना
सूबात रोड, मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक 2630/निविदा/नि.सू.क्र. 14/2023-24 **मुरैना, दिनांक : 18.07.2023**

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सड़क एवं पुल कार्यों की दर अनुसूची प्रभावशील दिनांक 25.03.2022 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेंडरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाएं अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

टेण्डर आई.डी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपयों में)	अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (रुपयों में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2023_ PWDRB_ 292054	निर्माण कार्य (एम.पी.एम. डी.आर.-02-09) मुरैना एन.एच. 552 से बागचीनी (नंदपुरा) ए.बी. कनोल तक मार्ग लंबाई 15.10 कि.मी. (मय पोल शिफ्टिंग)	306627000/- (तीन करोड़ छियासठ लाख सत्ताईस हजार)	1533135/-	50000/- + Portal Charges	28 माह (वर्षाकाल सहित)
2023_ PWDRB_ 292057	निर्माण कार्य एम.एस. रोड एन.एच. 552 सबलगढ़ से झुण्डपुरा नगर पंचायत तक टू लेन मार्ग लंबाई 20.70 कि.मी. (मय पोल शिफ्टिंग)	244318000/- (चौबीस करोड़ तेतालीस लाख अठारह हजार)	1221590/-	50000/- + Portal Charges	28 माह (वर्षाकाल सहित)
	योग - 02 कार्य	**550945000/- (पचपन करोड़ नौ लाख पैंतालीस हजार)**			

1. ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक - 18.07.2023 समय 17.30 बजे
2. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक - 18.07.2023 समय 17.30 बजे से
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय अंतिम दिनांक - **04.08.2023 समय 17.30 बजे तक**
4. प्री-बिड मीटिंग का दिनांक एवं समय - 01.08.2023 समय 11.30 बजे तक
5. ऑनलाइन बिड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक - 18.07.2023 समय 17.30 बजे तक
6. ऑनलाइन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक - 04.08.2023 समय 17.30 बजे तक
7. बिड ओपनिंग दिनांक - 05.08.2023 समय 17.30 बजे

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेबर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होगी।
b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।
c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
d. संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।
e. निविदाएं ऑनलाइन ही प्रस्तुत की जावें, भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जावेगा।
f. शासन द्वारा समय-समय पर जारी समस्त नियम एवं संशोधन प्रभावशील होंगे।

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री

जी-17033/48836/2023 **लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना, फोन नं. - 07532-226361**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 04/01/2022, दिनांक 04.07.2023

दन्त शल्य चिकित्सक परीक्षा 2022
चयन प्रक्रिया के संबंध में सूचना

01. आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन हेतु दन्त शल्य चिकित्सक के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 01/2022, दिनांक 01.02.2022 आयोग की वेबसाइट **https://mppsc.mp.gov.in** पर जारी किया गया है।

02 उपरोक्त विज्ञापन में महत्वपूर्ण की कंडिका 3 तथा विज्ञापन की कंडिका आठ-चयन प्रक्रिया में, भर्ती नियम में संविदा कर्मियों हेतु बोनस अंकों की व्यवस्था न होने के कारण निम्नानुसार टंकण त्रुटि को संशोधन किया जाता है:-

कंडिका	विज्ञापित व्यवस्था	संशोधित व्यवस्था
उक्त विज्ञापन के महत्वपूर्ण बिन्दु 3 एवं कंडिका आठ	परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के तीन गुना तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन परिणाम, परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों एवं संविदा चिकित्सकों को देय वरीयता अंक के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा।	परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के तीन गुना तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन परिणाम, परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा।

03 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जी-16657/48817/2023 **उप सचिव**

(पिछले पृष्ठ का शेष)

के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हो, जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त कर्मचारी अथवा जो लोक उद्यमों के अधीन कार्यरत हो, उनको आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के पूर्व यह परिवचन (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा कि, उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन किया है। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा तथा आयोग द्वारा साक्षात्कार के पूर्व अभिप्रमाणन फार्म तथा अन्य वांछित अभिलेख प्रेषण हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व प्रस्तुत अभिलेखों में अपने नियोक्ता को दी गई लिखित सूचना (नियोक्ता की प्राप्ति अभिस्वीकृति सहित) तथा नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा आयोग को प्रस्तुत अभिलेखों में उक्त अभिलेख संलग्न नहीं किया जाता या उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने अथवा परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने के संदर्भ में अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर उनकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकेगी।

6. **अनुशासनिक निर्देश :-**

यदि आयोग का यह समाधान हो जाता है कि कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित में से किसी के लिए दोषी है :-

(क) जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में किसी भी तरीके से समर्थन अभिप्राप्त किया हो; या
(ख) प्रतिरूपण किया हो; या
(ग) किसी व्यक्ति से प्रतिरूपण कराया हो; या
(घ) कूटरचित अभिलेख या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किए हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो; या
(ङ) ऐसे कथन दिए हों जो गलत और झूठे हों या जिसने चयन के किसी भी प्रक्रम पर सारभूत जानकारी छुपाई हों; या
(च) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हों; या
(छ) परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का उपयोग किया हों या करने का प्रयास किया हों; या
(ज) परीक्षा संचालन में लगे कर्मचारीवृंद को परेशान किया हों या धमकाया हों या शारीरिक क्षति पहुंचाई हों; या
(झ) उनके द्वारा प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों के लिए दिए गए किसी भी अनुदेशों या निर्देशों जिसमें परीक्षा संचालन में लगे केंद्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारीवृंद द्वारा मौखिक रूप से दिए गए अनुदेश सम्मिलित है, अतिक्रमण किया हों; या
(ञ) परीक्षा कक्ष में या साक्षात्कार में किसी अन्य तरीके से किया गया दुर्व्यवहार,

तब आयोग द्वारा :-

(क) उसे उस परीक्षा के लिए, जिसके लिए वह उम्मीदवार है अनर्ह ठहरा सकेगा
और/ या
उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी परीक्षा से या उनके द्वारा किए जाने वाले किसी चयन से विवर्जित कर सकेगा।
(ख) यदि वह शासन के अधीन पहले से ही सेवा में हो तो उपर्युक्त नियमों के अधीन उस पर अनुशासनिक कार्यवाही हेतु पैतृक विभाग को अनुशंसा की जाएगी।
(ग) इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन भी दर्ज किया जा सकेगा।

एवं तब शासन द्वारा :-

उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए उसके अधीन नियोजन से विवर्जित किया जा सकेगा।

7. **अनर्हताएं :- ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी जिन्हें किसी परीक्षा अथवा चयन से उपरोक्त दर्शित प्रावधानों के तहत विवर्जित किया गया है।**

8. **परीक्षा की पश्चातवर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में आवश्यक निर्देश (परीक्षा आयोजन की स्थिति में) :**

(क) परीक्षा का परिणाम केवल "रोज़गार और निर्माण" समाचार पत्र तथा आयोग की वेबसाइट तथा **www.mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को उनके परिणाम की सूचना अन्य किसी भी रीति से नहीं दी जाएगी तथा न ही इस संदर्भ में कोई अभ्यावेदन मान्य किया जाएगा।
(ख) परीक्षा परिणाम के साथ ही साक्षात्कार के संदर्भ में समस्त आवश्यक सूचनाएं प्रकाशित की जाएंगी। अत: सफल अभ्यर्थी उनके परीक्षा परिणाम के साथ ही साक्षात्कार से संबन्धित समस्त सूचनाओं का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उसमें प्रदत्त अनुदेशों के अनुरूप आयोग की वेबसाइट तथा www.mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध कराए गए अनुप्रमाणन पत्रक, व्यक्तिगत विवरण पत्रक तथा उपस्थिति पत्रक डाउनलोड करके आवश्यक पूर्तियों के पश्चात एवं सभी आवश्यक अभिलेख संलग्न कर, परीक्षा परिणाम में उल्लेखित साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक जमा करें। अपने ऑनलाइन आवेदन की स्वप्रमाणित प्रति भी उक्त अभिलेखों के साथ अवश्य संलग्न करें।
(ग) साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने की अंतिम तिथि तक अभिलेख जमा न करने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता स्वयमेव समाप्त हो जाएगी तथा आयोग द्वारा इस संदर्भ में अभ्यर्थी को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जाएगी तथा इस संदर्भ में प्राप्त अभ्यावेदनों को बिना विचार किए नस्तीबद्ध किया जाएगा।

9. **यात्रा व्यय का भुगतान :-**

(क) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी जो कहीं सेवारत न हों, को परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन यात्रा व्यय की पात्रता होगी।
(ख) उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उल्लिखित वर्तमान निवास के पते के शहर/ग्राम से उन्हें आवंटित परीक्षा शहर तक आने तथा जाने के यात्रा व्यय का भुगतान किया जाएगा।
(ग) उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को इसके लिए केंद्राध्यक्ष द्वारा आयोग द्वारा निर्धारित घोषणा-पत्र प्रदान किया जाएगा जिसे भरकर अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय की पात्रता से संबन्धित निम्न अभिलेखों के साथ केंद्राध्यक्ष को प्रस्तुत करना होगा :-
   1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाणन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति।
   2. यात्रा का टिकट जिसमें यात्रा की तिथि, कहां से कहां तक यात्रा की गयी तथा किराए की राशि का स्पष्टत: उल्लेख हो।
(घ) **अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के परीक्षण के बाद यात्रा व्यय का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से अभ्यर्थी के खाते में किया जाएगा। इस हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन-पत्र में विहित स्थान पर अपने बैंक का नाम, खाता क्रमांक तथा बैंक के IFSC Code का उल्लेख करना होगा। साथ ही अपने बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्केन प्रति आवेदन-पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।**
(ङ) यात्रा व्यय भुगतान की पात्रता रखने वाले अभ्यर्थी अपने वर्तमान पते के निकटतम शहर को प्रथम विकल्प के केंद्र के रूप में चुनें।
(च) साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय उपरोक्त नियमानुसार आयोग कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

जी-16630/48811/2023

खेल चर्चा

ऋतुराज होंगे एशियाई खेलों में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस वर्ष चीन में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए भारत की पुरुष और महिला टीमों की घोषणा कर दी है। महिला टीम की कमान हरमनप्रीत कौर संभालेंगी, वहीं युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को पुरुष टीम का कप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम में ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा यशस्वी जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकु सिंह, जितेश शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, शहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे और प्रभसिमरन सिंह को जगह मिली है, वहीं वेंकटेश अय्यर, यश ठाकुर, साई किशोर, साई सुदर्शन और दीपक हुड्डा स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल किए गए हैं।

ली शी फेंग ने जीता यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

वाशिंगटन, चीन के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी ली शी फेंग ने यूएस ओपन का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में शी फेंग ने थाईलैंड के कुल्नावुत वितिदसर्न को लगातार गेमों में 21-15, 21-18 से हराया। शी फेंग ने पहला गेम आसानी से जीत लिया, लेकिन दूसरे गेम में वितिदसर्न ने शी फेंग को कड़ी टक्कर दी। शी फेंग ने दूसरा गेम बेहद नजदीकी अंतर से जीतकर खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब सुपनिदा कटेथोंग ने जीता।

मैक्स वर्स्टापेन ने जीती लगातार छठवीं फॉर्मूला-वन रेस

सिल्वरस्टोन, नीदरलैंड्स के फॉर्मूला-वन चैम्पियन रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने फॉर्मूला-वन सर्किट पर जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। मैक्स वर्स्टापेन ने मौजूदा सत्र में लगातार छठवीं रेस जीती है। वर्स्टापेन ने ब्रिटिश ग्रांप्री में पोल पोजिशन से शुरुआत की और 52 लैप की इस रेस को एक घंटा 25 मिनट 16.398 सेकेंड में पूरा कर खिताब जीता। रेस में लेंडो नॉरिस ने वर्स्टापेन को कड़ी टक्कर दी, लेकिन वे मामूली अंतर से वर्स्टापेन से पिछड़ गए और दूसरे स्थान पर रहे। रेस में ब्रिटिश रेसर लुईस हैमिल्टन तीसरे, ऑस्कर पिएस्त्री चौथे तथा जॉर्ज रसेल पांचवें स्थान पर रहे।

बांग्लादेश ने 2-0 से जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

सिलहट, बांग्लादेश ने दो मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज में अफगानिस्तान को 2-0 से मात दी है। बांग्लादेश ने सीरीज के दूसरे और आखिरी मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया। मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। बारिश के कारण मैच को 17-17 ओवरों का किया गया। तेज गेंदबाज तस्किन अहमद ने घातक गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 116 रन पर रोक दिया। डकवर्थ लुईस नियम के तहत बांग्लादेश को जीत के लिए 119 रनों का लक्ष्य मिला। बांग्लादेश ने यह लक्ष्य 16.1 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल किया। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

कार्लोस अलकराज पहली बार बने विम्बलडन चैम्पियन

लंदन, टेनिस के उभरते स्टार कार्लोस अलकराज ने एक बार फिर बड़े स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अलकराज पुरुष टेनिस के सबसे सफल खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराकर विम्बलडन ग्रैंड स्लैम के विजेता बने हैं। अलकराज ने पहली बार यह खिताब जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में अलकराज ने नोवाक जोकोविच को रोमांचक मुकाबले में 1-6, 7-6, 6-1, 3-6, 6-4 से हराया।

फाइनल मैच में जोकोविच ने अपने चिर परिचित अंदाज में आक्रामक शुरुआत की और पहले सेट में अलकराज को आसानी से चित कर दिया। अलकराज पहले सेट में महज एक ही गेम जीत सके। दूसरे सेट में अलकराज ने वापसी की और जल्द ही 0-2 की बढ़त बना ली। इसके बाद जोकोविच ने भी बराबरी करते हुए स्कोर 2-2 कर दिया। इस सेट में कांटे की टक्कर देखने को मिली। 12 गेम के बाद स्कोर 6-6 से बराबर रहने के बाद सेट टाइब्रेकर में गया। टाइब्रेकर में अलकराज ने जोकोविच को पछाड़ते हुए बाजी जीती।



- कार्लोस अलकराज अब तक दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके हैं।
- इससे पहले अलकराज ने वर्ष 2022 में यूएस ओपन जीता था।
- ये अलकराज के टेनिस कॅरियर का 12वां एटीपी खिताब है।
- विम्बलडन ग्रैंड स्लैम जीतने वाले तीसरे सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं अलकराज।
- रोजर फेडरर ने सबसे ज्यादा 8 बार जीता है विम्बलडन टूर्नामेंट, वहीं जोकोविच 7 बार बने हैं चैम्पियन।

तीसरे सेट में भी अलकराज का शानदार खेल जारी रहा। इस सेट में अलकराज के सामने जोकोविच ज्यादा देर तक टिक नहीं पाये और 6-1 से अलकराज जीत गए। चौथे सेट में जोकोविच वापसी करने में सफल रहे। जोकोविच ने इस सेट में पिछड़ने के बाद शानदार खेल दिखाया और 6-3 से जीत दर्ज की। मैच का पांचवां सेट निर्णायक रहा। पांचवें सेट में अलकराज ने बेहतरीन खेल दिखाया और लगातार अंक अर्जित कर सेट 6-4 से जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया।

महिला वर्ग में वोंड्रोसोवा बनीं चैम्पियन

चेक गणराज्य की महिला टेनिस खिलाड़ी मर्टेका वोंड्रोसोवा ने विम्बलडन में महिला एकल वर्ग का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। मर्टेका विम्बलडन जीतने वाली पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बन गई हैं। मर्टेका ने फाइनल में ट्यूनीशिया की दिग्गज खिलाड़ी ओंस जाबेउर को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। मैच के दोनों सेटों में जाबेउर ने बढ़त बनाई, लेकिन वे इसे बरकरार नहीं रख पाईं और मर्टेका ने शानदार प्रदर्शन का अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता।

सुमित ने विश्व पैरा एथेलेटिक्स में जीता स्वर्ण पदक

पेरिस, भारत के पैरा एथलीट सुमित अंतिल ने फ्रांस में आयोजित विश्व पैरा एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। सुमित ने चैम्पियनशिप में भाला फेंक के एफ-64 वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सुमित ने अपने पहले प्रयास में ही 70.83 मीटर की दूरी तय की, जोकि भाला फेंक के इस वर्ग में नया विश्व रिकॉर्ड है। इससे पहले सुमित ने टोक्यो पैरालिंपिक में 68.08 मीटर का थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता था।

रॉरी मैक्लरॉय ने जीता स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रुपये हुआ करती थी। आज औसत प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 42 हजार रुपये हो गई हैं। मध्यप्रदेश में पहले साल भर का सकल घरेलू उत्पादन 71 हजार करोड़ रुपये होता था, जो आज बढ़कर 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वर्ष 2004-2005 से पहले प्रदेश में सभी प्रकार के लगभग 100 मीट्रिक टन अनाज का उत्पादन होता था, जो आज बढ़कर 700 करोड़ मीट्रिक टन हो गया है। पहले साढ़े 7 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की व्यवस्था थी, आज 47 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की व्यवस्था हो चुकी है। पहले बिजली का उत्पादन 28 मेगावॉट हुआ करता था, जो कि आज बढ़कर 28000 मेगावॉट तक हो गया है। प्रदेश में बनीं 4 लाख 11 हजार किलोमीटर की सड़कों का लाभ मध्यप्रदेश के लोगों को मिल रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि कुंडलिया, मोहनपुरा जैसी अनेक सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से राजगढ़ जिले के गांव-गांव में सिंचाई के लिए पाइप लाइन से पानी पहुंचाया जा रहा हैं।

श्री चौहान ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में सीएम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं। आज शाजापुर जिले के गुलाना में सीएम राइज स्कूल का लोकार्पण किया गया है। इन स्कूलों में बच्चों को निजी स्कूलों से भी बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इन स्कूलों में लायब्रेरी, लैब, स्मार्ट क्लास, प्लेग्राउंड के साथ ही बच्चों को गांव-गांव से स्कूल तक लेकर आने और स्कूल के बाद पुनः घर तक छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा भी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राज्य में पांच मेडिकल कॉलेज थे जो अब 25 हो गये हैं। पहले किसानों को 16 से 18 प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया जाता था, जिसे धीरे-धीरे घटाकर शून्य तक लाकर और आज किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण प्रदान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि योजना में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 6-6 हजार रुपये की राशि किसानों को प्रदान की जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में महिलाओं को भी प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि दी जा रही है।

प्रदेश में जन्म लेने वाली लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के जन्म से लेकर शादी तक के लिए प्रदेश सरकार द्वारा योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रदेश में अनेक हितग्राहीमूलक योजनाएं बनाकर सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब वायुयान से भी तीर्थ-यात्रा कराई जा रही है।

श्री चौहान ने कहा कि अपने गांव से दूसरे गांव स्कूल जाने वाले कक्षा 6वीं एवं 9वीं के छात्र-छात्राओं को साइकिल खरीदने के लिए 4500 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। बेरोज़गार युवाओं को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में युवाओं को पसंदीदा क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा और उसके बदले उन्हें स्टायपेंड भी प्रदान किया जाएगा।

(पिछले पृष्ठ का शेष)

श्र.बा.-02, दृ.बा.-02, बहु-दि.-03 पद) कुल 09 पद रिक्त रहे हैं। शासन निर्देश के परिपालन में दिव्यांगजनों के पद रिक्त रहने की स्थिति में अनारक्षित वर्ग के विज्ञापित पदों में से उतने ही पद रिक्त रखे जाने का प्रावधान है। अतः कुल 09 पद दिव्यांगजनों के रिक्त पद के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग से रिक्त रखे गए हैं। इस प्रकार कुल 52 + 09 = 61 पद रिक्त रहे हैं।

5. घोषित चयन परिणाम मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019 एवं डब्ल्यू.पी. 27744/2022 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
6. न्यायालयीन प्रकरण वाले अभ्यर्थियों का चयन परिणाम मान. न्यायालय के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रखे जाकर रोके गए हैं।

जी-17064/48839/2023 **सचिव**

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1434

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन - 0755-2553402, फैक्स - 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक - 549/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 18.07.2023**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 04.08.2023 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2023_WRD_258798	चैनपुरा तालाब पर 60 मीटर स्थित एक्वाडक्ट मरम्मत कार्य।	सीहोर	15.00
2.	2023_WRD_286720	सीप कोलार लिंक परियोजना हेतु कुशल अकुशल व अर्धकुशल श्रमिक का प्रदाय कार्य।	भोपाल	4.16
3.	2023_WRD_287485	हथकुरी तालाब योजना के अंतर्गत नहर का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	पन्ना	4.38
4.	2023_WRD_288650	कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की कोटरा माईनर में लाईनिंग का पुनर्निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	सीहोर	12.17
5.	2023_WRD_288724	भौहारी जलाशय का मरम्मत कार्य।	सागर	6.57
6.	2023_WRD_288726	बाछलोन जलाशय का मरम्मत कार्य।	सागर	6.15
7.	2023_WRD_288728	कंजेला जलाशय का मरम्मत कार्य।	सागर	6.50
8.	2023_WRD_288730	तिन्सीमारपानी जलाशय का मरम्मत कार्य।	सागर	5.86
9.	2023_WRD_289678	वि./यां. आर.डब्ल्यू.एस. उपसंभाग, बालाघाट हेतु उपयोगिता वाहन किराये पर लेना।	बालाघाट	3.03
10.	2023_WRD_289865	दोनिया बैराज का वार्षिक मरम्मत कार्य।	सीहोर	5.49
11.	2023_WRD_289967	हमीदगंज बैराज का मरम्मत कार्य।	सीहोर	9.91
12.	2023_WRD_289969	कोलार नदी पर निर्मित रमगढ़ घाट पर एल.बी. मरम्मत कार्य।	सीहोर	3.50
13.	2023_WRD_290392	दिदोनिया लघु तालाब के स्लूस एवं नहर स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य।	छतरपुर	7.94
14.	2023_WRD_290546	रेतम बैराज की मुख्य नहर एवं नहर के स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य।	मंदसौर	3.51
15.	2023_WRD_290547	काका साहब गाडगिल सागर की मुख्य नहर के स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य।	मंदसौर	6.49
16.	2023_WRD_290665	जल संसाधन संभाग, भोपाल के बाथरूम का रेनोवेशन का कार्य।	भोपाल	5.89
17.	2023_WRD_290690	तवा परियोजना की हंडिया शाखा नहर प्रणाली की हरदा उपनहर में स्थित सी.डी.आर.डी. 18500 मी. का विशेष मरम्मत कार्य।	हरदा	4.99
18.	2023_WRD_290709	डी.एम.एफ. मद में रतहरा तालाब के फीडर पाइप लाइन का निर्माण कार्य।	रीवा	11.21
19.	2023_WRD_291029	सुलतानपुर बैराज जल संसाधन संभाग खरगोन के 10 नग जलद्वार के एसएस फिटिंग प्रदाय फेब्रीकेशन एवं एंबडेड पार्ट्स का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	10.64
20.	2023_WRD_291030	नवलपुरा बैराज जल संसाधन संभाग खरगोन के 10 नग जलद्वार के एसएस फिटिंग प्रदाय फेब्रीकेशन एवं एंबडेड पार्ट्स का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	10.64
21.	2023_WRD_291031	दांगडिया बैराज जल संसाधन संभाग धार के 4 नग जलद्वार का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	8.75
22.	2023_WRD_291032	चंदनखेड़ी बैराज जल संसाधन संभाग धार के 2 नग जलद्वार का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	3.45
23.	2023_WRD_291033	शोभापूर बैराज जल संसाधन संभाग रायसेन के 8 नग जलद्वार का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	7.02
24.	2023_WRD_291034	पीपलखेड़ी बैराज जल संसाधन संभाग रायसेन के 5 नग जलद्वार का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	4.39
25.	2023_WRD_291035	भगतनढाना बैराज जल संसाधन संभग बैतूल के 2 नग जलद्वार का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	4.13
26.	2023_WRD_291037	शिवसागर बैराज जल संसाधन संभाग बैतूल के 8 नग जलद्वार का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	9.20
27.	2023_WRD_291039	धुरेरी बैराज जल संसाधन संभाग उज्जैन के 4 नग जलद्वार का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	5.33
28.	2023_WRD_291041	सुखलाना बैराज जल संसाधन संभाग उज्जैन के 4 नग जलद्वार का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	5.78
29.	2023_WRD_291042	बंजरटोला बैराज जल संसाधन संभाग शिवनी के 6 नग जलद्वार का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	7.60
30.	2023_WRD_291156	विश्वेसरैया भवन, भोपाल में स्थापित ओटीआईएस लिफ्ट का वार्षिक रखरखाव कार्य।	भोपाल	1.32
31.	2023_WRD_291157	विश्वेसरैया भवन, भोपाल में स्थापित थर्मल एनर्जी स्टोरेज एयर कंडीशनर टैंक सिस्टम का वार्षिक रखरखाव कार्य।	भोपाल	12.27
32.	2023_WRD_291271	सिंहपुर बैराज के रेडियल गेटों सहित अन्य उपकरणों का मरम्मत, रखरखाव एवं अन्य कार्य।	सागर	2.98
33.	2023_WRD_291272	छतरपुर जिले के कुटनी पोषक बांध के रेडियल गेटों सहित अन्य उपकरणों का मरम्मत, रखरखाव एवं अन्य कार्य।	सागर	4.58
34.	2023_WRD_291274	कुटनी पोषक बांध के एलीवेटर का मरम्मत रखरखाव एवं अन्य कार्य।	सागर	4.43
35.	2023_WRD_291444	विभिन्न संभागों के जलद्वारों के लिए डब्ल्यू.डब्ल्यू. 90 हेड स्टॉक का प्रदाय, कास्टिंग, मशीनिंग एवं असेंबली का कार्य।	भोपाल	13.65
36.	2023_WRD_291446	विभिन्न जल संसाधन संभागों में जलद्वारों के फेब्रीकेशन हेतु ब्रोस प्लेट के प्रोक्योरमेंट का कार्य।	भोपाल	2.73
37.	2023_WRD_291449	आई टाइप एंकर बोलट का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन मशीनिंग एवं असेम्बली का कार्य।	भोपाल	1.33
38.	2023_WRD_291455	विभिन्न संभागों के जलद्वारों के लिये एम. 75 हेड हेड स्टाक का प्रदाय, कास्टिंग, मशीनिंग एवं असेम्बली का कार्य।	भोपाल	3.19
39.	2023_WRD_291458	निरीक्षण वाहन किराये पर लेना।	भोपाल	3.72
40.	2023_WRD_291460	विभिन्न जल संसाधन परियोजनाओं के जलद्वारों, अवयवों अन्य सामग्रियों एवं स्टील सामग्रियों के परिवहन व लोडिंग अनलोडिंग का कार्य।	भोपाल	14.22
41.	2023_WRD_291461	विभिन्न जल संसाधन संभागों में जलद्वारों के फेब्रीकेशन हेतु कॉपर रिवेट के प्रोक्योरमेंट का कार्य।	भोपाल	1.02
42.	2023_WRD_291463	जलद्वारों के निर्माण हेतु स्ट्रक्चरल स्टील का प्रदाय का कार्य।	भोपाल	0.99
43.	2023_WRD_291465	विभिन्न जल संसाधन संभागों के जलद्वार के निर्माण कार्य हेतु एम.एस. राउण्ड बार 63 मी.मी. व्यास का प्रदाय कार्य।	भोपाल	2.06
44.	2023_WRD_291466	विभिन्न जल संसाधन संभागों के जलद्वार के निर्माण कार्य हेतु स्टक्चर स्टील का प्रदाय कार्य।	भोपाल	4.96
		कुल योग -		273.12

जी-16983/48825/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises, Government of India

एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, इंदौर

(इण्डो-जर्मन टूल रूम, इन्दौर)

igtr

291-बी, 302-ए, सेक्टर-ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.)-452015

ई-मेल: trg@igtr-indore.com, Ph.: 0731-4210700, 4210709, 4210743

एससी एसटी के उमीदवारों के लिए ट्यूशन फीस निःशुल्क

एससी एसटी के उमीदवारों के लिए आयु में 3 वर्ष की छूट

प्रवेश सूचना-2023-24

ए.आई.सी.टी.ई./एन.सी.व्ही.टी. स्वीकृत डिप्लोमा/आई.टी.आई पाठ्यक्रम

इंजीनियरिंग क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर

सभी कोर्सेस में SC/ST छात्रों को ट्यूशन फीस निःशुल्क एवं उम्र में 3 साल की छूट

इंडो जर्मन टूल रूम, इन्दौर में निम्न कोर्सेस संचालित किये जा रहे है, सभी कार्सेस AICTE अथवा NCVT से मान्यता प्राप्त है। इन सभी कोर्स की उद्योगों में बहुत मांग है तथा रोजगार की संभावना भी अत्यधिक है ।

क्र.	कोर्स का नाम	कोर्स की अवधि	न्यूनतम पात्रता	कोर्स की मान्यता	
1	एडवास डिप्लोमा इन टूल एण्ड हाई मेकिंग (ADTDM)	4 साल	गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वीं उत्तीर्ण (सामान्य 60%) (अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिंछडा वर्ग 50%) दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 19 वर्ष	AICTE	समूह 'A' के लिए स्कैन करें
2	डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स (DIM)	3 साल			
3	डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस (DICS)	3 साल			
4	डिप्लोमा इन वोकेशन प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी (D Voc)	3 साल	10वीं उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष		
5	सर्टिफिकेट कोर्स इन मशीनिष्ट ट्रेड	2 साल	गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वीं उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष	NCVT (ITI)	समूह 'B' के लिए स्कैन करें
6	सर्टिफिकेट कोर्स इन फिटर ट्रेड	2 साल			
7	सर्टिफिकेट कोर्स इन वेल्डर ट्रेड	1 साल			

- क्रमांक 1 से क्रमांक 7 के लिए आवेदन फॉर्म कॉलेज में आकर या क्यू आर कोड स्कैन करके जमा कर सकेगे।
- क्रमांक 1 से क्रमांक 7 के लिए प्रवेश कॉलेज लेवल काउंसिलिंग आधार पर 12/07/2023 से शुरु हो चुके हैं।
- क्रमांक 5 से क्रमांक 7 के कोर्सस में प्रवेश के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य है।
- अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.igtr-indore.com देखे एवं कॉलेज में आकर जानकारी प्राप्त करें। कोर्स के फॉर्म वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।
- प्रशासन एवं परिस्थिति के अनुसार किसी भी दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है।

deepak

सम्पर्क : सोमवार से शनिवार सुबह 9.30 से शाम 5:00 तक

291/बी-302/ए, सेक्टर-ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर- 452015

7415816011 अथवा 9977703559 पर Whatsapp द्वारा भी जानकारी प्राप्त कर सकते है

R-48828/2023

कार्यालय संचालक पिछड़ा वर्ग, राज्यस्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र

पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल

विज्ञप्ति

प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिभावान किन्तु आर्थिक रूप से कमजोर युवक-युवतियों को राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2022 का 2 माह 15 दिवस की अवधि का निःशुल्क ऑफलाइन परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु पात्र एवं योग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन हेतु विस्तृत विज्ञापन, प्रवेश हेतु नियम, शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in** पर उपलब्ध है।

संचालक

राज्यस्तरीय रोज. एवं प्रशि. केंद्र

(पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.), भोपाल

जी-16896/48824/2023 **दूरभाष - (0755) 2763284**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. तुलसी म्यूजियम (संग्रहालय) मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है ?
अ. भिंड ब. भोपाल
स. सतना द. अनुपपूर
उत्तर- स. सतना

2. सामाजिक न्याय व नि:शक्तजन कल्याण विभाग के परिसर में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विश्व पर्यावरण 2020 पर चलाए गये वृक्षारोपण अभियान का क्या नाम था?
अ. वन लगाओ ब. थैंक मॉम
स. प्लांट ट्री द. थैंक ट्री
उत्तर- ब. थैंक मॉम

3. मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग का प्रधान कार्यालय कहां स्थित है?
अ. ग्वालियर ब. जबलपुर
स. इन्दौर द. भोपाल
उत्तर- द. भोपाल

4. मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना किस वर्ष से प्रारंभ की गई थी?
अ. 2010 ब. 2012
स. 2008 द. 2007
उत्तर- द. 2007

5. निम्न में से किस स्थान पर बहुती जलप्रपात स्थित है?
अ. कटनी ब. इन्दौर
स. रीवा द. होशंगाबाद
उत्तर- स. रीवा

6. निम्न में से मध्यप्रदेश के किस पर्यटन स्थल पर स्थित चंपक बंगलो को इंटरनेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है?
अ. मांडू ब. सांची
स. पचमढ़ी द. खजुराहो
उत्तर- स. पचमढ़ी

7. मध्यप्रदेश में जैविक महोत्सव का आयोजन कहां किया गया?
अ. इंदौर ब. सीहोर
स. हरदा द. मुरैना
उत्तर- अ. इंदौर

8. मध्यप्रदेश पुलिस के ई-विवेचना एप को राष्ट्रीय डिजिटल इंडिया अवॉर्ड में कौन सा स्थान प्राप्त हुआ?
अ. पहला ब. दूसरा
स. तीसरा द. चौथा
उत्तर- अ. पहला

9. मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा हर्बल गार्डन कहां बनाया जा रहा है?
अ. ग्वालियर ब. भोपाल
स. इंदौर द. जबलपुर
उत्तर- ब. भोपाल

10. मध्यप्रदेश के किस जिले में जल मंदिर योजना की शुरुआत की गई?
अ. बालाघाट ब. नरसिंहपुर
स. बुरहानपुर द. जबलपुर
उत्तर- स. बुरहानपुर

11. मध्यप्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 का शुभारंभ कहां से किया गया है?
अ. इंदौर ब. भोपाल
स. उज्जैन द. सागर
उत्तर- ब. भोपाल

12. आयुष्मान कार्ड बनाने में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाला मध्यप्रदेश का पहला जिला कौन सा बन गया है?
अ. भोपाल ब. इंदौर
स. ग्वालियर द. बालाघाट
उत्तर- ब. इंदौर

13. देश का पहला जल स्तंभ मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थापित किया जायेगा?
अ. विदिशा ब. उज्जैन
स. मंदसौर द. भोपाल
उत्तर- ब. उज्जैन

14. जबलपुर जिले के पद्मश्री विजेता श्री मुनिश्वर चंद्र डावर निम्न में से किस कार्य क्षेत्र में संबंधित हैं?
अ. चिकित्सा
ब. शिक्षा
स. सामाजिक कार्य
द. कला
उत्तर- अ. चिकित्सा

15. राष्ट्रीय खादी उत्सव 2023 का आयोजन किस शहर में किया गया?
अ. जबलपुर ब. इंदौर
स. भोपाल द. ग्वालियर
उत्तर- स. भोपाल

16. मध्यप्रदेश के पहले गिर गोवंश प्रोजेक्ट की शुरुआत कहां से की गई है?
अ. भोपाल ब. मंदसौर
स. रीवा द. इंदौर
उत्तर- ब. मंदसौर

17. मध्यप्रदेश के सांची गेट की प्रतिकृति का अनावरण किस देश में किया गया?
अ. रूस ब. फ्रांस
स. जापान द. जर्मनी
उत्तर- द. जर्मनी

18. मध्यप्रदेश के किस जिले के श्री रमेश परमार और शांति परमार को कला के क्षेत्र में पदमश्री सम्मान के लिये चयनित किया गया?
अ. उमरिया ब. झाबुआ
स. अलीराजपुर द. धार
उत्तर- ब. झाबुआ

19. गौवंश में लंपी वायरस के नियंत्रण हेतु शत-प्रतिशत टीकाकरण करने वाला मध्यप्रदेश का पहला जिला कौन सा है?
अ. खरगौन ब. उज्जैन
स. मंडला द. बुरहानपुर
उत्तर- द. बुरहानपुर

20. मध्यप्रदेश का पहला बोन बैंक किस शहर में स्थापित किया जा रहा है?
अ. इंदौर ब. जबलपुर
स. भोपाल द. ग्वालियर
उत्तर- अ. इंदौर

21. मध्यप्रदेश में पेसा एक्ट के तहत पेसा नियम को कब लागू किया गया?
अ. 1 नवंबर, 2022
ब. 15 नवंबर, 2022
स. 15 दिसंबर, 2022
द. 25 दिसंबर, 2022
उत्तर- ब. 15 नवंबर, 2022

22. देश का प्रथम साउंडप्रूफ हाइवे मध्यप्रदेश के किस जिले में बनाया गया है?
अ. इंदौर ब. सिंगरौली
स. सिवनी द. भोपाल
उत्तर- स. सिवनी

23. मध्यप्रदेश का पहला इंटरप्रिटेशन सेंटर कहां के संग्रहालय में बनाया जायेगा?
अ. इंदौर ब. ग्वालियर
स. भोपाल द. जबलपुर
उत्तर- अ. इंदौर

24. आदिवासी बाहुल्य जिला, जो देश का पहला पूर्ण कार्यात्मक साक्षर जिला बना?
अ. डिंडोरी ब. अलीराजपुर
स. झाबुआ द. मण्डला
उत्तर- द. मण्डला

25. मध्यप्रदेश के किस जिले में देश का पहला क्षेत्रीय राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र बनाया जायेगा?
अ. भोपाल ब. इंदौर
स. सागर द. विदिशा
उत्तर- अ. भोपाल

26. जनवरी 2023, में सम्पन्न प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन कौन से क्रम का था?
अ. 10वां ब. 12वां
स. 17वां द. 19वां
उत्तर-स. 17वां

27. मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा वेटरनरी अस्पताल किस राष्ट्रीय उद्यान में खोला जा रहा है?
अ. कूनो राष्ट्रीय उद्यान
ब. कान्हा किसली नेशनल पार्क
स. पेंच राष्ट्रीय उद्यान
द. सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान
उत्तर- अ. कूनो राष्ट्रीय उद्यान

28. केमिकल रक्षा उत्पाद तकनीक की DRDE लैब, मध्यप्रदेश के किस शहर में स्थित है?
अ. जबलपुर ब. ग्वालियर
स. सागर द. इंदौर
उत्तर- ब. ग्वालियर

29. मुक्ता नामक महिला दुग्ध उत्पादक कंपनी मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र से संबंधित है?
अ. मालवा ब. निमाड़
स. बुंदेलखंड द. बघेलखंड
उत्तर- स. बुंदेलखंड

30. 9वें अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का आयोजन कहां किया गया?
अ. मुरैना ब. भोपाल
स. ग्वालियर द. सागर
उत्तर- ब. भोपाल

31. प्रतिवर्ष 'विश्व नारियल दिवस' कब मनाया जाता है?
अ. 2 सितम्बर ब. 4 सितम्बर
स. 1 सितम्बर द. 30 अगस्त
उत्तर- अ. 2 सितम्बर

32. भारत किस वर्ष G-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा?
अ. 2026 ब. 2024
स. 2023 द. 2025
उत्तर- स. 2023

33. प्रतिवर्ष ''राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस'' कब मनाया जाता है?
अ. 11 मई ब. 12 मई
स. 10 मई द. 14 मई
उत्तर- अ. 11 मई

34. हाल ही में कौन ''माउंट कंचनजंगा'' को फतह करने वाली पहली भारतीय महिला बनी हैं?
अ. दीप्ती सिंहा
ब. गीता सामोता
स. प्रियंका मोहिते
द. कमला बिश्नोई
उत्तर- स. प्रियंका मोहिते

35. ''रिस्ट एश्योर्ड'' किस पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी की आत्मकथा है?
अ. ईएएस प्रसन्ना
ब. दिलीप वेंगसरकार
स. जीआर विश्वनाथ
द. सुनील गावस्कर
उत्तर- स. जीआर विश्वनाथ

36. किस शहर में देश के पहले ड्रोन स्कूल का उद्घाटन किया गया है?
अ. ग्वालियर ब. पुणे
स. इंदौर द. बीकानेर
उत्तर- अ. ग्वालियर

37. किस संस्थान ने दुनिया का पहला वन्यजीव संरक्षण बॉन्ड जारी किया?
अ. अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष
ब. विश्व बैंक
स. UNDP
द. विश्व आर्थिक मंच
उत्तर- ब. विश्व बैंक

38. किसे प्रथम 'लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया?
अ. अभिताभ बच्चन
ब.अन्ना हजारे
स. सचिन तेंदुलकर
द. नरेन्द्र मोदी
उत्तर- द. नरेन्द्र मोदी

39. नीति आयोग के नये उपाध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया?
अ. चंचल ठाकुर ब. वीरेंदर सिंह
स. पियूष शर्मा द. सुमन बेरी
उत्तर- द. सुमन बेरी

40. भारत ने किस देश से 'ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अध्यक्षता हासिल की है?
अ. जापान ब. इटली
स. फ्रांस द. कनाडा
उत्तर- स. फ्रांस

41. बिरसा मुंडा की जयंती पर किस राज्य ने अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत विस्तार (पेसा) अधिनियम लागू किया?
अ. छत्तीसगढ़ ब. मध्यप्रदेश
स. झारखंड द. ओडिशा
उत्तर- ब. मध्यप्रदेश

42. भारतीय ओलिंपिक संघ के एथलीट आयोग का अध्यक्ष किसे बनाया गया?
अ. पीवी सिंधु ब. सान्या नेहवाल
स. मीराबाई चानु द. मैरी कॉम
उत्तर- द. मैरी कॉम

43. न्यायमूर्ति 'डीवाई चंद्रचूड़' भारत के कौन से नए मुख्य न्यायाधीश बने हैं?
अ. 45वें ब. 50वें
स. 52वें द. 55वें
उत्तर- ब. 50वें

44. किस देश ने 90वीं इंटरपोल महासभा की मेजबानी की?
अ. तुर्किये ब. भारत
स. चीन द. वियतमान
उत्तर- ब. भारत

45. विश्व में कौन सा देश चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है?
अ. चीन ब. थाइलैंड
स. ब्राजील द. भारत
उत्तर- द. भारत

46. प्रोजेक्ट चीता के तहत किस राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को लाया गया?
अ. पन्ना राष्ट्रीय उद्यान
ब. कूनो राष्ट्रीय उद्यान
स. पेंच राष्ट्रीय उद्यान
द. सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान
उत्तर- ब. कूनो राष्ट्रीय उद्यान

47. इसरो किस वर्ष 'चंद्रयान-3' लॉन्च करने की योजना बना रहा है?
अ. 2023
ब. 2024
स. 2025
द. 2026
उत्तर- अ. 2023

- श्रद्धा सुमन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं)

सभी जिले वेटलेण्ड संरक्षण समिति गठन शीघ्र करें - पर्यावरण मंत्री

भोपाल, पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने सभी जिला कलेक्टर्स से कहा है कि अपने जिले में वेटलेण्ड संरक्षण समिति का गठन शीघ्र पूर्ण करें। प्रदेश में अब तक 22 जिलों में जिला वेटलेण्ड संरक्षण समिति का गठन किया जा चुका है। समिति गठन का उद्देश्य प्रदेश के तालाबों और जल-स्रोतों को बचाने के साथ इनका संरक्षण करना है।

वेटलेण्ड्स में मैंग्रोव, बाढ़ के मैदान, नदी, तालाब, झील, पानी से भरे जंगल, धान के खेत और वे सारे स्थान शामिल हैं, जहां वर्ष के अधिकांश समय पानी भरा रहता है।

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति में जिले के वन मण्डल अधिकारी, भू-बंदोबस्त अधिकारी, अधीक्षण/कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, संयुक्त संचालक/उप संचालक नगर एवं ग्राम निवेश, कृषि, मत्स्य-पालन विभाग, क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मध्यप्रदेश राज्य वेटलेण्ड प्राधिकरण एप्को के अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत (ग्रामीण क्षेत्र) और आयुक्त नगर निगम/मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका/नगर परिषद (नगरीय क्षेत्र) समिति के सदस्य सचिव हैं। अध्यक्ष द्वारा नदी-तालाब संरक्षण से संबंधित 2 विशेषज्ञों को नामांकित सदस्य के रूप में समिति में शामिल किया जायेगा। जिला वेटलेण्ड संरक्षण समिति राज्य वेटलेण्ड प्राधिकरण के प्रति उत्तरदायी होगी और सहयोगी इकाई के रूप में कार्य करेगी। तालाबों की सूची बनाने के साथ उनके पारिस्थितिकीय लाभ की निरंतरता, तालाबों के दीर्घकालिक संरक्षण के लिये उपस्थित चुनौतियों का चिन्हांकन, तालाबों के समग्र संरक्षण और प्रबंधन के संबंध में समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। समिति, राज्य और केन्द्र सरकार के संयुक्त तत्वावधान में वेटलेण्ड संरक्षण से संबंधित योजनाओं और अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन, मूल्यांकन एवं निगरानी में राज्य वेटलेण्ड प्राधिकरण का सहयोग भी करेगी। यह जिले के किसी भी तालाब के संरक्षण एवं प्रबंधन से संबंधित सुझाव और तकनीकी प्रस्ताव राज्य वेटलेण्ड प्राधिकरण को प्रेषित कर सकेगी।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए

सामान्य ज्ञान और गणित

प्रश्न 1. 'वह बहुत मधुर गाता है' इनमें प्रविशेषण शब्द का चयन कीजिए।
(अ) वह (ब) बहुत
(स) मधुर (द) गाता
उत्तर - (ब) बहुत

प्रश्न 2. "जो क्रिया अभी हो रही है" उसे कहते हैं -
(अ) अपूर्ण वर्तमान
(ब) सामान्य वर्तमान
(स) संदिग्ध वर्तमान
(द) संदिग्ध भूत
उत्तर - (अ) अपूर्ण वर्तमान

प्रश्न 3. 'अथवा' व्याकरण की दृष्टि से है -
(अ) संधि (ब) उपसर्ग
(स) अन्वय (द) अव्यय
उत्तर - (द) अव्यय

प्रश्न 4. राम सो रहा है - इस वाक्य में से कौन सी क्रिया है?
(अ) अकर्मक (ब) सकर्मक
(स) प्रेरणार्थक (द) द्विकर्मक
उत्तर - (अ) अकर्मक

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों में निपात का उदाहरण कौन सा शब्द है?
(अ) ठीक (ब) निकट
(स) इधर (द) कल
उत्तर - (अ) ठीक

प्रश्न 6. 'लेख लिखा गया' वाक्य की पहचान करें।
(अ) कर्तृवाच्य
(ब) कर्मवाच्य
(स) भाववाच्य
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) कर्मवाच्य

प्रश्न 7. 'व्याप्त' में संधि है -
(अ) गुण संधि (ब) दीर्घ संधि
(स) यण संधि (द) अयादि संधि
उत्तर - (स) यण संधि

प्रश्न 8. 'बारहसिंगा' शब्द में कौन सा समास है?
(अ) तत्पुरुष समास
(ब) अव्ययीभाव समास
(स) बहुव्रीहि समास
(द) दिगु समास
उत्तर - (स) बहुव्रीहि समास

प्रश्न 9. 'चिरन्तन' का सही विलोम शब्द है -
(अ) नश्वर (ब) अचिन्तन
(स) अचर (द) अचेतन
उत्तर - (अ) नश्वर

प्रश्न 10. निम्न में से 'मीन' का समानार्थी है -
(अ) झख (ब) शिलीमुख
(स) अलि (द) षट्पद
उत्तर - (अ) झख

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से कौन सा तद्भव शब्द है?
(अ) अमिय (ब) उलूक
(स) अग्र (द) कुपुत्र
उत्तर - (अ) अमिय

प्रश्न 12. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए -
(अ) टिप्पड़ी (ब) टिप्पणि
(स) टीप्पणी (द) टिप्पणी
उत्तर - (द) टिप्पणी

प्रश्न 13. किस रस का संचारी भाव उग्रता, गर्व, हर्ष आदि है?
(अ) श्रृंगार (ब) वीर
(स) वात्सल्य (द) रौद्र
उत्तर - (ब) वीर

प्रश्न 14. 'मुख रूपी चांद पर राहु भी धोखा खा गया' पंक्तियों में अलंकार है?
(अ) श्र्लेष (ब) वक्रोक्ति
(स) उपमा (द) रूपक
उत्तर - (द) रूपक

प्रश्न 15. निम्नलिखित में से सममात्रिक छंद का कौन सा उदाहरण है?
(अ) दोहा (ब) सोरठा
(स) चौपाई (द) ये सभी
उत्तर - (स) चौपाई

प्रश्न 16. म.प्र. के किस राष्ट्रीय उद्यान में 'बैगा कल्चरल हब' बनाया जाएगा?
(अ) कान्हा किसली में
(ब) बांधवगढ़ में
(स) संजय डुबरी में
(द) पेंच राष्ट्रीय उद्यान में
उत्तर - (अ) कान्हा किसली में

प्रश्न 17. दिल्ली सल्तनत के निम्न में से किस शासक को स्वप्नशील तथा रक्तपिपासु की संज्ञा दी गई है?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी को
(ब) बलबन को
(स) मुहम्मद शाह रंगीला को
(द) मुहम्मद बिन तुगलक को
उत्तर - (द) मुहम्मद बिन तुगलक को

प्रश्न 18. निम्नलिखित में से किसकी नियुक्ति राष्ट्रपति नहीं करता है?
(अ) वित्त आयोग के अध्यक्ष की
(ब) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की
(स) राज्यों के मुख्यमंत्रियों की
(द) भारत के महान्यायवादी की
उत्तर - (स) राज्यों के मुख्यमंत्रियों की

प्रश्न 19. पांडिचेरी निम्न में से किस उच्च न्यायालय की अधिकारिता में आता है?
(अ) कलकत्ता उच्च न्यायालय
(ब) बम्बई उच्च न्यायालय
(स) मद्रास उच्च न्यायालय
(द) केरल उच्च न्यायालय
उत्तर - (स) मद्रास उच्च न्यायालय

प्रश्न 20. सत्यमंगलम वन्यजीव अभ्यारण्य किस राज्य में स्थित है?
(अ) कर्नाटक में
(ब) केरल में
(स) तमिलनाडु में
(द) तेलंगाना में
उत्तर - (स) तमिलनाडु में

प्रश्न 21. बादामी क्रांति का संबंध किससे है?
(अ) नदी जोड़ो परियोजना से
(ब) बायोडीजल उत्पादन से
(स) मसाला उत्पादन से
(द) उर्वरक उत्पादन से
उत्तर - (स) मसाला उत्पादन से

प्रश्न 22. निम्नलिखित में से कौन सी तुंगभद्रा की सहायक नदी नहीं है?
(अ) भवानी (ब) कुमुदवती
(स) मगारी (द) हिन्द
उत्तर - (अ) भवानी

प्रश्न 23. म.प्र. में होल्कर क्रिकेट एसोसिएशन की स्थापना कब हुई?
(अ) 1941 में (ब) 1952 में
(स) 2011 में (द) 1961 में
उत्तर - (अ) 1941 में

प्रश्न 24. म.प्र. का सबसे छोटा कोयला क्षेत्र स्थित है -
(अ) सीधी में (ब) शहडोल में
(स) सतना में (द) उमरिया में
उत्तर - (द) उमरिया में

प्रश्न 25. कैलिफोर्निया स्थित 'मृत घाटी' किस प्रकार की घाटी है?
(अ) अपनति घाटी
(ब) अभिनति
(स) पूर्ववर्ती घाटी
(द) रिफ्ट घाटी
उत्तर - (द) रिफ्ट घाटी

प्रश्न 26. मध्यप्रदेश के किस विधानसभा अध्यक्ष को विधानसभा के जनक की संज्ञा दी जाती है?
(अ) यज्ञदत्त दुबे
(ब) कुंजीलाल दुबे
(स) काशीप्रसाद पांडे
(द) तेजलाल टेंभरे
उत्तर - (स) काशीप्रसाद पांडे

प्रश्न 27. निम्नलिखित में से सही सुमेलित नहीं है?
(अ) सांदीपनी आश्रम - उज्जैन
(ब) कंदारिया महादेव मंदिर - खजुराहो
(स) शारदा माता मंदिर - पन्ना
(द) माई की बगिया - अनूपपुर
उत्तर - (स) शारदा माता मंदिर - पन्ना

प्रश्न 28. वह लोक गायन जिसमें मोरध्वज एवं राजा कर्ण की कथाओं का गायन होता है -
(अ) बसदेवा गायन में
(ब) बिरहा गायन में
(स) बिदेशिया गायन में
(द) उपरोक्त सभी में
उत्तर - (अ) बसदेवा गायन में

प्रश्न 29. नाभिकों में संरचित धागे जैसी संरचनाएं क्या कहलाती हैं?
(अ) माइटोकॉन्ड्रिया
(ब) गुणसूत्र
(स) क्रोमेटिन
(द) डीएनए
उत्तर - (स) क्रोमेटिन

प्रश्न 30. निम्नलिखित में से कौन विद्युत धारा प्रवाहित होने की अनुमति नहीं देता है?
(अ) नल का पानी
(ब) समुद्र का पानी
(स) सिरका
(द) आसुत जल
उत्तर - (द) आसुत जल

प्रश्न 31. केवल पादप कोशिकाओं में पाए जाने वाले कोशिकांग का नाम बताइये -
(अ) माइटोकॉन्ड्रिया
(ब) तारकेन्द्र
(स) लवक
(द) लयनकाय
उत्तर - (स) लवक

प्रश्न 32. धावन सोडा के एक अणु में पानी के कितने अणु मौजूद होते हैं?
(अ) 12 (ब) 10
(स) 5 (द) 8
उत्तर - (ब) 10
व्याख्या - धावनसोडा - रसायनिक सूत्र - $Na_2Co_3.10H_2O$

प्रश्न 33. पोषण नाल के किस भाग में भोजन का अंतिम पाचन होता है?
(अ) बड़ी आंत (ब) अमाशय
(स) छोटी आंत (द) मुख गुहा
उत्तर - (स) छोटी आंत

प्रश्न 34. एक व्यक्ति वस्तु A तथा B को कुल 1000 रु. में खरीदता है। यदि वस्तु A को 25% लाभ तथा B को 10% हानि पर बेचता है तथा यदि दोनों वस्तुओं का विक्रय मूल्य समान है तो वस्तु A तथा B की कीमत क्या होगी?
(अ) रु. 400, रु. 600
(ब) रु. 418.6, रु. 581.4
(स) रु. 472.5, रु. 527.5
(द) रु. 450, रु. 550
उत्तर - (ब) रु. 418.6, रु. 581.4
व्याख्या - माना वस्तु A की कीमत
= x रुपये
तब वस्तु B की कीमत
= (1000-x)
प्रश्नानुसार
A का विक्रय मूल्य = B का विक्रय मूल्य

$$x \times \left(\frac{125}{100}\right) = (1000 - x) \times \frac{90}{100}$$

125x = 90,000 - 90x
215x = 90,000

$$x = \frac{90,000}{215} \Rightarrow 418.60 ₹$$

अत: B का मूल्य = 1000 - x
= 1000 - 418.6
= 581.4 रु.

प्रश्न 35. एक परिवार में 5 पुत्रों की औसत आयु 12 वर्ष है। पुत्रों तथा माता-पिता की औसत आयु 20 वर्ष है। यदि पिता की आयु माता से 4 वर्ष अधिक है। तो माता-पिता की आयु बताओ -
(अ) माता=48 वर्ष, पिता=32 वर्ष
(ब) माता=49 वर्ष, पिता=42 वर्ष
(स) माता=38 वर्ष, पिता=45 वर्ष
(द) माता=38 वर्ष, पिता=42 वर्ष
उत्तर - (द) माता=38 वर्ष, पिता=42 वर्ष
व्याख्या - 5 पुत्रों की आयु का योग
= 12 x 5 = 60 वर्ष
5 पुत्रों तथा माता की आयु का योग = 20 x 7 = 140 वर्ष
माता-पिता की आयु
= 140 - 60 = 80 वर्ष
∵ पिता की आयु माता की आयु से 4 वर्ष अधिक है।
माना माता की आयु = x
तो पिता की आयु = x + 4
पिता + माता = x + 4 + x = 80
2x = 76 ⟹ x = 38
∴ माता = 38 वर्ष,
पिता = x+4 = 38+4 = 42 वर्ष

प्रश्न 36. यदि मैं 100 रुपये में 11 पुस्तकें खरीदता हूं और 10 पुस्तकें 110 रु. में बेच देता हूं तो मुझे प्रत्येक पुस्तक पर कितने प्रतिशत लाभ होगा?
(अ) 10% (ब) 11.5%
(स) 17.3% (द) 21%
उत्तर - (द) 21%
व्याख्या - यदि a वस्तु को x रुपये में खरीदकर b वस्तु को y रुपये में बेचा जाता है तो प्रतिशत लाभ

$$= \left(\frac{ya - xb}{xb}\right) \times 100$$

$$= \left(\frac{11 \times 110 - 10 \times 100}{10 \times 100}\right) \times 100$$

$$= \frac{1210 - 1000}{1000} \times 100 \Rightarrow 21\%$$

प्रश्न 37. A और B मिलकर एक कार्य को 30 दिनों में कर सकते हैं। B और C मिलकर उसे 20 दिनों में कर सकते हैं। A कार्य आरम्भ करता है तथा 5 दिनों तक कार्य करता है, तब B उस कार्य को ले लेता है और 15 दिनों तक कार्य करता है। अंत में C उसे 18 दिनों में पूरा करता है। C अलग से कार्य करते हुए उस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?
(अ) 120 दिन (ब) 24 दिन
(स) 60 दिन (द) 40 दिन
उत्तर - (ब) 24 दिन
व्याख्या - माना C अकेला उस काम को x दिनों में पूरा करता है।
इसलिए B का एक दिन का काम

$$= \frac{1}{20} - \frac{1}{x}$$

A का एक दिन का काम

$$= \frac{1}{30} - \frac{1}{20} + \frac{1}{x}$$

प्रश्नानुसार -

$$= \frac{2-3}{60} + \frac{1}{x} = \frac{1}{x} - \frac{1}{60}$$

$$= 5\left(\frac{1}{x} - \frac{1}{60}\right) + 15\left(\frac{1}{20} - \frac{1}{x}\right) + \frac{18}{x} = 1$$

$$= \frac{5}{x} - \frac{1}{12} + \frac{15}{20} - \frac{15}{x} + \frac{18}{x} = 1$$

$$= \frac{5}{x} - \frac{15}{x} + \frac{18}{x} = 1 + \frac{1}{12} - \frac{3}{4}$$

$$= \left(\frac{5 - 15 + 18}{x}\right) = \frac{12 + 1 - 9}{12}$$

$$= \frac{8}{x} = \frac{1}{3} \Rightarrow x = 8 \times 3 = 24 \text{ दिन}$$

प्रश्न 38. एक 500 मी. लम्बी रेलगाड़ी 63 किमी./घंटा चाल से चल रही है, रेलगाड़ी की दिशा में 3 किमी./घंटा की चाल से जा रहे व्यक्ति को पार करने में उसे कितना समय लगेगा?
(अ) 25 सेकण्ड
(ब) 30 सेकण्ड
(स) 40 सेकण्ड
(द) 45 सेकण्ड
उत्तर - (ब) 30 सेकण्ड
व्याख्या - रेलगाड़ी की लम्बाई (दूरी)
= 500 मी.
सापेक्ष चाल = 63-3
= 60 किमी./घंटा
(दोनों एक ही दिशा में है)

$$= 60 \times \frac{5}{18} = \frac{50}{3} \text{ मी./सेकण्ड}$$

समय = दूरी/चाल

$$= \frac{500}{\frac{50}{3}} \Rightarrow 30 \text{ सेकण्ड}$$

प्रश्न 39. एक थैली में 1 रुपये, 50 पैसे तथा 25 पैसे के सिक्के 25:9:5 के अनुपात में हैं। यदि थैली में कुल धन 2460 रुपये है तो थैली में 50 पैसे के सिक्कों की संख्या है -
(अ) 360 (ब) 720
(स) 1760 (द) 580
उत्तर - (ब) 720
व्याख्या -

	1Rs	50P	25P
सिक्के	25 :	9 :	5
रुपये	25 ₹	4.5 ₹	1.25 ₹

अत: कुल रुपयों का अनुपात
= 25+4.5+1.25 = 30.75
50 Paise के सिक्के

$$= \frac{2460}{30.75} \times 9 \Rightarrow 720$$

प्रश्न 40. यदि A:B:C = 2:3:4 है, तब $\frac{A}{B} : \frac{B}{C} : \frac{C}{A}$ होगा
(अ) 8:9:16 (ब) 8:9:12
(स) 4:9:16 (द) 8:9:24
उत्तर - (द) 8:9:24
व्याख्या - $= \frac{A}{B} : \frac{B}{C} : \frac{C}{A} \Rightarrow \frac{2}{3} : \frac{3}{4} : \frac{4}{2}$

$$= \frac{8:9:24}{12} \Rightarrow 8:9:24$$

- सुजय जैन
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करते हैं।)

डिजिटल इंडिया

'डिजिटल क्रांति' से दूरस्थ क्षेत्रों तक अंत्योदय का सपना हो रहा साकार

डिजिटल इंडिया प्रोग्राम भारत को समृध्द बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस प्रोग्राम का लक्ष्य देश को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। डिजिटल इंडिया अभियान की शुरुआत 1 जुलाई, 2015 को की गई थी, जिसका उद्देश्य देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम में सुधार करना है। बीते आठ वर्षों में इस पहल से भारत में विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति देखने को मिली है। डिजिटल प्रौद्योगिकी और वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। वैश्विक स्तर पर रियल टाइम डिजिटल पेमेंट में भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है तो टेलीकॉम में स्वदेशी 5जी सेवा का कवरेज बढ़ाने के साथ 6जी के लिए इनोवेशन ग्रुप बना दिया गया है। विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान कार्यक्रम हो या फिर सबसे बड़े डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की योजना, जीवन को आसान करने वाले ये कार्यक्रम और योजनाएं ही डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की 8 साल की सफलता के प्रमाण हैं।

डिजिटल इंडिया पहल से देश के दूरस्थ क्षेत्रों तक अंत्योदय का सपना साकार हो रहा है। आज भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। डिजिटल इंडिया पहल का प्रमुख उद्देश्य देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान की अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए 'नए भारत' की तकनीक को बढ़ावा देना है।

डिजिटल इंडिया ने सरकार को आम लोगों तक पहुंचाया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 8 साल पहले शुरू की गई डिजिटल इंडिया पहल से केंद्र सरकार आज न केवल ग्रामीणों के द्वार तक पहुंची है बल्कि देश के दूरस्थ क्षेत्रों तक अंत्योदय का सपना भी साकार हो रहा है। ऐसे में यह कहना उचित होगा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने सरकार को आम लोगों तक पहुंचाया है। आज भारत चौथी औद्योगिक क्रांति 'इंडस्ट्री 4.0' में दुनिया को दिशा दे रहा है। भारत के डिजिटल इंडिया अभियान ने यह सिद्ध किया है कि मानवता के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कितना क्रांतिकारी है। गांव में छोटी से छोटी सुविधा के लिए भी जहां पहले आपको ब्लॉक, तहसील या जिला हेडक्वार्टर के दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, वहीं अब डिजिटल इंडिया ने ऐसी तमाम मुश्किलों को आसान बना दिया है। केवल इतना ही नहीं इस अभियान ने सरकार को नागरिक के द्वार पर उसके गांव, घर और उसकी हथेली में फोन पर लाकर खड़ा कर दिया है।

जन-जन तक पहुंच रही डिजिटल सुविधा

आज के समय में करीब 4 लाख कॉमन सर्विस सेंटर से जन-जन तक डिजिटल सुविधा पहुंच रही है। महज इतना ही नहीं देश के विभिन्न गांवों में करीब 4 लाख डिजिटल आंत्रप्रेन्योर तैयार हो चुके हैं। यह समस्त देशवासियों के लिए गर्व की बात है। आने वाले दिनों में भारत दुनिया में बड़ा टेक्नोलॉजी हब बनने जा रहा है। डिजिटल इंडिया अभियान से अब शहरों की तरह ही गांवों के घरों की मैपिंग और डिजिटल लीगल डॉक्यूमेंट ग्रामीणों को देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का नियोजित विकास हो रहा है। अब स्वामित्व योजना के तहत गांव की जमीनों की ड्रोन मैपिंग की जा रही है। डिजिटल माध्यम से ग्रामीणों को अपने घर की कानूनी सुरक्षा का दस्तावेज मिल रहा है।

केंद्र सरकार हो, राज्य सरकार हो या सेवाएं उपलब्ध कराने वाली अन्य एजेंसियां मोबाइल एप और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से सुविधाएं मुहैया करा रही है। सरकार का पब्लिक ग्रीवांस सिस्टम भी मजबूत हुआ है। यह डिजिटल क्रांति सिर्फ फिनटेक तक सीमित नहीं है, जो आधुनिक व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं उससे ईज ऑफ लीविंग भी बढ़ा है। सरकार ने डिजीलॉकर की जो व्यवस्था शुरू की उसमें ड्राइविंग लाइसेंस, डिग्री और प्रॉपर्टी के कागज सहित सरकार जो भी जारी करती है, सब कुछ पहुंच जाता है। फिजिकल कॉपी रखने की जरूरत नहीं होती, बस एक पासवर्ड काफी है। डिजीलॉकर से 16 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं।

डिजिटल इंडिया और सस्ते डेटा ने देश के करोड़ों लोगों को उनके मोबाइल के माध्यम से अनेकों सुविधाएं उनकी हथेली पर रख दी हैं। यही भारत की वो ताकत हैं, जो विकसित भारत के सपने को साकार करेंगी। पिछले 8 वर्षों में करोड़ों भारतीयों के बैंक अकाउंट्स खोले गए हैं। इसके साथ ही पब्लिक सर्विस डिलीवरी के पूरे इको सिस्टम को ट्रांसफॉर्म करने के लिए सरकार ने जन धन बैंक खाता, मोबाइल फोन और आधार आईडी की एक जैम ट्रिनिटी बनाई है। इसकी वजह से महज एक क्लिक पर करोड़ों डीबीटी संभव हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में करोड़ों रुपये से भी ज्यादा की राशि सीधे जरूरतमंदों के बैंक खाते में भेजी गई है। कोरोना महामारी के समय इस सिस्टम ने जरूरतमंद का जीवन आसान किया क्योंकि सरकार जब चाह रही थी, पैसे एक क्लिक से पहुंच जा रहे थे। इसी तरह यूपीआई ने भारत में फाइनेंशियल इंक्लूजन को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है।

इंटरनेट ने डिजिटल क्रांति में पंख लगाए

भारत उन देशों में शामिल है, जहां सबसे ज्यादा इंटरनेट डेटा इस्तेमाल होता है। ग्रामीण इलाकों में भी इंटरनेट यूजर ज्यादा हैं। इसकी वजह से लोगों के सामने जानकारियों, संसाधनों और अवसरों की एक नई दुनिया खुल रही है। गांव में रहते हुए युवा डिजिटल टेक्नोलॉजी का लाभ उठाकर कमाई कर रहे हैं। टेक्नोलॉजी की मदद से मछुआरों को मौसम संबंधी सही जानकारी समय पर मिलती है। आज टेक्नोलॉजी की मदद से लघु उद्यमी, अपने उत्पाद हर जगह बेच पा रहे हैं जिसमें गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस यानि GoM से भी उन्हें मदद मिल रही है। इसकी वजह से सरकारी खरीद में पारदर्शिता बढ़ी है।

फिजिकल कनेक्टिविटी के साथ-साथ डिजिटल कनेक्टिविटी आज देश की प्राथमिकता है। बीते कुछ वर्षों में ही भारत ने जो डिजिटल व्यवस्थाएं विकसित की हैं, वो देखकर दुनिया के विकसित देश भी हैरान हैं। भारत ने 5G की टेक्नोलॉजी खुद विकसित की जिससे इस क्षेत्र में नई संभावनाओं का विस्तार हुआ है। डिजिटल इंडिया ने रेडियो को नए श्रोता देने के साथ नई सोच भी दी है तो वहीं डीटीएच प्लेटफार्म डीडी फ्री डिश सेवा 4.30 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच रही है। समाज का जो वर्ग दशकों तक कमजोर और वंचित रहा, उसे भी फ्री डिश से शिक्षा और मनोरंजन की सुविधा मिल रही है।

शिक्षा में भी डिजिटलीकरण

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रम अनिवार्य किया गया है। इसके लिए सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में शैक्षिक सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने की आवश्यकता को चिन्हित किया गया है ताकि दूर दराज के छात्र सहित अन्य उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेस सुलभ बनाया जा सके। समग्र शिक्षा के आईसीटी और डिजिटल पहल के तहत छठवीं से बारहवीं कक्षा तक के सरकारी स्कूलों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास रूम स्वीकृत किए गए हैं। देशभर के छात्रों को घर पर ही विश्वस्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ हो सके इसके लिए भारत सरकार डिजिटल विश्वविद्यालय स्थापित करेगी। डिजिटल विश्वविद्यालय कई आईआईटी की साझेदारी से तैयार हब बिल्डिंग अत्याधुनिक आईटीसी विशेषज्ञता वाला एक हब - स्पोक मॉडल है। इस विश्वविद्यालय के संचालन के लिए सिफारिशों को अंतिम रूप देने वाली परामर्श बैठकें चल रही हैं।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत 10,000 अटल टिकरिंग लैब शुरू, 75 लाख से ज्यादा छात्र अटल टिकरिंग लैब का लाभ उठा रहे हैं। 12 लाख से ज्यादा इनोवेशन प्रोजेक्ट का निर्माण। 69 इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित, 2900 से ज्यादा स्टार्ट अप को सहायता।
- आधार दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान कार्यक्रम।
- 1 लाख 91 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल साक्षरता अभियानों में से एक है।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. वर्ष 2020 में किस क्लब ने फीफा क्लब वर्ल्डकप टूर्नामेंट जीता है।
(अ) रियल मैड्रिड
(ब) चेल्सी
(स) इंटर मिलान
(द) बायर्न म्युनिख

2. इंडोनेशिया ओपन 2023 में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं।
(अ) विक्टर एक्सेलसन
(ब) केंटो मोमोटा
(स) एचएस प्रणय
(द) चेन लॉन्ग

3. इनमें से किस देश के नाम आईसीसी के सभी टूर्नामेंट जीतने का रिकॉर्ड दर्ज है।
(अ) इंग्लैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) वेस्टइंडीज (द) भारत

4. वर्ष 2022 में विम्बलडन में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनीं थीं।
(अ) ईगा स्वितेक
(ब) सिमोना हालेप
(स) इलिना रिबाकिना
(द) जेसिका पेगुला

5. यानके शोपमैन किस देश की महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं।
(अ) दक्षिण कोरिया
(ब) भारत
(स) पाकिस्तान
(द) मलेशिया

6. इस वर्ष किस खिलाड़ी ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप जीती है।
(अ) मैगनस कार्लसन
(ब) आर प्रागननंदा
(स) डिंग लिरेन
(द) इनमें से कोई नहीं

7. टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं।
(अ) रोहित शर्मा
(ब) सूर्यकुमार यादव
(स) केएल राहुल
(द) सुरेश रैना

8. वनडे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं।
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) रिकी पोंटिंग
(स) ब्रायन लारा
(द) इनमें से कोई नहीं

9. महिला मुक्केबाज निकहत जरीन ने वर्ल्ड चैम्पियनशिप में कितनी बार स्वर्ण पदक जीते हैं।
(अ) एक बार
(ब) दो बार
(स) तीन बार
(द) इनमें से कोई नहीं

10. इनमें से किस फुटबॉलर को फ्रांस की फुटबॉल टीम का नया कप्तान बनाया गया है।
(अ) करीम बेंजेमा
(ब) किलियन एम्बाप्पे
(स) एंटोनिए ग्रिजमैन
(द) पॉल पोग्बा

11. ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप किस खेल से संबंधित एक प्रतियोगिता है।
(अ) फुटबॉल (ब) गोल्फ
(स) बैडमिंटन (द) टेनिस

12. इनमें से कौनसा देश इस वर्ष क्रिकेट एशिया कप में क्वालिफाई नहीं कर सका है।
(अ) पाकिस्तान
(ब) नेपाल
(स) श्रीलंका
(द) संयुक्त अरब अमीरात

13. वर्ष 2022 में किस देश ने सुल्तान जोहोर कप हॉकी प्रतियोगिता जीती थी।
(अ) भारत (ब) ब्रिटेन
(स) जापान (द) मलेशिया

14. वर्ष 2000 में किस शहर में ओलिंपिक खेल आयोजित किए गए थे।
(अ) अटलांटा (ब) सिडनी
(स) एथेंस (द) पेरिस

15. इस वर्ष किस टेनिस खिलाड़ी ने बार्सिलोना ओपन का खिताब जीता है।
(अ) कार्लोस अलकराज
(ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(स) कैस्पर रूड
(द) इनमें से कोई नहीं

16. वर्ष 2032 में किस देश में ओलिंपिक खेलों का आयोजन होगा।
(अ) ब्राजील
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) जर्मनी
(द) दक्षिण कोरिया

17. महिला क्रिकेटर ग्रेस स्क्रीवंस किस देश की खिलाड़ी हैं।
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) आयरलैंड
(स) इंग्लैंड
(द) वेस्टइंडीज

18. मैराज अहमद खान किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।
(अ) फुटबॉल (ब) हॉकी
(स) एथलेटिक्स (द) निशानेबाजी

19. इस वर्ष किस क्लब ने यूईएफए यूरोपा लीग का खिताब जीता है।
(अ) सेविला (ब) जुवेंट्स
(स) इंटर मिलान (द) लिवरपूल

20. इनमें से किस खिलाड़ी ने वनडे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाया है।
(अ) वीरेंद्र सहवाग
(ब) शाहिद अफरीदी
(स) कोरी एंडरसन
(द) एबी डिविलियर्स

21. ओलिंपिक खेलों में मुक्केबाजी को किस वर्ष पहली बार शामिल किया गया था।
(अ) वर्ष 1904 (ब) वर्ष 1908
(स) वर्ष 1920 (द) वर्ष 1932

22. भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में कौनसा पदक जीता है।
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) कोई पदक नहीं

23. वॉटर पोलो खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी खेलते हैं।
(अ) 5 (ब) 6
(स) 7 (द) 10

24. फॉर्मूला वन रेसर लांस स्ट्रॉल किस देश से संबंधित हैं।
(अ) नीदरलैंड (ब) कनाडा
(स) मैक्सिको (द) ऑस्ट्रेलिया

25. स्पेन ने किस वर्ष फीफा वर्ल्डकप जीता था।
(अ) वर्ष 2010 (ब) वर्ष 2014
(स) वर्ष 2018 (द) वर्ष 2022

उत्तर

1. (द), 2. (अ), 3. (ब), 4. (स), 5. (ब), 6. (स), 7. (द), 8. (अ), 9. (ब), 10. (ब), 11. (स), 12. (द), 13. (अ), 14. (ब), 15. (अ), 16. (ब), 17. (स), 18. (द), 19. (अ), 20. (द), 21. (अ), 22. (ब), 23. (स), 24. (ब), 25. (अ)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)